CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कालचक्रतन्त्रम्

(संस्कृत मूल एवं हिन्दी अनुवाद)

Kālchakra Tantram



काशीनाथ न्यौपाने

Kashinath Nyaupane

INDIAN MIND

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वै०५.६६१

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीनारोपाविरचितं
सेकोद्देशटीकासहितं

कालचक्रतन्त्रम्

(हिन्दी अनुवाद सहितम्)

पुस्तकालय

Kālacakratantraṃ

With Sekoddeśa commentary of Nāropā

काशीनाथ न्यौपाने
Kashinath Nyaupane

INDIAN
MIND

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

First Edition 2013

© Kashinath Nyaupane

Published by **Indian Mind**, Varanasi.

Sole Distributor
Indica Books
Varanasi 221 001 (U.P.)
India
e-mail: indicabooks@satyam.net.in
website: www.indicabooks.com

Acc. 39382/31342

ISBN : 81-86117-17-2

Printed in India by
Sadhana Press
Varanasi. Mo. : 9005440099

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषयसूची

अध्यायः		पृष्ठसंख्या
	प्रकाशकीय	६
	प्राक्कथन	८
१-	उपक्रमप्रकरणम्	२३
२-	दीक्षाप्रकरणम्	४३
३-	षडङ्गयोगप्रकरणम्	९३
४-	अरिष्टप्रकरणम्	१६७
५-	आनन्दप्रकरणम्	१७६
६-	मुद्राप्रकरणम्	१८७
७-	मलप्रकरणम्	२१४
८-	कार्यकारणभावसम्बन्धप्रकरणम्	२२७
९-	षडाध्यात्मिकतत्त्वप्रकरणम्	२३७
१०-	षट्कुलप्रकरणम्	२४१
११-	उपसंहारः	२४४
१२-	परिशिष्टः	२४५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकाशकीय

प्रस्तुत कृति बौद्धतन्त्र साहित्य में अतिशय प्रसिद्ध एवं समादृत है। यह ग्रन्थ न केवल दार्शनिक रूप से ही विद्वान् अध्ययन करते हैं किन्तु इसके आधार पर अनेक बौद्धसाधक आज भी साधना में संलग्न हैं। तिब्बती मूल के साधक और उनसे दीक्षित होकर विश्वव्यापी रूप में कालचक्र के साधना में हजारों लोग लगे हुए हैं। इसी क्रम में तिब्बत के धर्मगुरु चौदहवें दलाईलामा भी अनेक वर्षों से भारत में कालचक्र की दीक्षा दे रहे हैं। इस से यह भी पता चलता है कि इस महनीय कृति का कितना महत्त्व है और अनेक साधक इसके माध्यक से अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ अनेक वर्षों से अनुपलब्ध रहा है। सर्वप्रथम सन् १९४० में गायकवाड सिरिज से प्रकाशित हुआ था किन्तु यह असम्पादित ही था। अब, यह ग्रन्थ अनेक हस्तलेखों के आधार पर सम्पादित एवं हिन्दी में अनुदित होकर प्रस्तुत हुआ है।

इण्डियन माइण्ड प्रकाशन का उद्देश्य भारतीय धर्म, संस्कृति, परम्परा और संस्कृत-वाङ्मय के विशिष्ट कृतियों के प्रकाशन कर पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करने का महनीय सङ्कल्प है। इसी क्रम में बौद्धतन्त्र के दो ग्रन्थ **हेवज्रतन्त्र** और **गुह्यसमाजतन्त्र** हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित हो चुके हैं। इससे विद्वद्गण एवं विद्यार्थीगण लाभान्वित हुए हैं और सकारात्मक प्रतिक्रियायें बहुतायत रूप में प्राप्त हुई हैं।

इसी क्रम में कालचक्रतन्त्र की यह सेकोद्देशटीका प्रकाशित करते हुए हम अत्यन्त हर्षित हो रहे हैं। क्रमशः बौद्धतन्त्र के अन्य ग्रन्थ भी आगे भविष्य में प्रकाशन करने की हमारी योजना है।

इस ग्रन्थ के सम्पादक एवं अनुवादक डॉ० काशीनाथ न्यौपाने जी संस्कृत वाङ्मय के प्रसिद्ध विद्वान् हैं। सम्प्रति वे नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय, काठमाण्डू में बौद्धदर्शन विभाग के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। देश विदेशों में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकाशकीय

बौद्ध साहित्य और संस्कृत के अध्यापन के लिए वे जाने जाते हैं। हमें आशा है इनके इस कृति से पाठकगण अवश्य लाभान्वित होंगे।

दिलीप कुमार
Indian Mind
&
Indica Books
Varanasi.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्राक्कथन

श्री कालचक्रतन्त्र का उपदेश यशस्वी राजा **सुचन्द्र** के प्रश्नों के बाद भगवान् तथागत शाक्यमुनि ने किया है। इस ग्रन्थ का मुख्य प्रतिपाद्य विषय है **योग** जिससे इस कलियुग में मनुष्यों की या साधकों की मुक्ति होती है। इसीलिए प्रथम श्लोक में ही यह विषय उठाया गया है **"योगं श्री कालचक्रे कलियुगसमये मुक्तिहेतोर्नराणाम्"** यह कहा है।

इस विधि के अवलम्बन द्वारा साधक सद्यः ही मुक्ति का भागी हो जाता है। इसी के लिए यह ग्रन्थ रचित हुआ है। कालचक्र के रहस्यों को विस्तृत एवं संक्षेप में विभिन्न आचार्यों ने व्याख्याओं द्वारा प्रतिपादित किया है। उसी क्रम में आचार्य नारोपा (नाडोपा) द्वारा विरचित यह सेकोद्देश टीका संक्षिप्त है। व्याख्या के दो प्रकार हैं– समास विधि और व्यासविधि। विस्तारपूर्वक किए गए विवेचनों को व्यास पद्धति या विधि कहते हैं किन्तु संक्षेप में बताए गए विषयों या व्याख्याओं को समास विधि या पद्धति कहते हैं। यह कृति समास विधि के अन्तर्गत विरचित हुआ है।

यह टीका ग्रन्थ अपने आप में कारिका और वृत्ति में विरचित हुआ है। आचार्य ने पहले कारिकायें लिखी हैं उसके बाद उन्हीं कारिकाओं पर वृत्ति लिखी है। उन कारिकाओं की व्याख्या भी की है। इस ग्रन्थ में १७४ कारिकायें हैं, उन्हीं पर वृत्ति लिखी गई है। इस संयुक्त कृति का नाम ही सेकोद्देश टीका है। कारिकायें सेकोद्देश हैं और वृत्ति टीका होने से दोनों को मिलाकर सेकोद्देश टीका कहा गया है। सेक का अर्थ अभिषेक है। उद्देश का अर्थ नाम मात्र से पदार्थ का उल्लेख करना। अतएव सेकोद्देश में संक्षिप्त रूप से विषयों (नाम मात्र) का समुल्लेख किया गया है। अतः इसे सेकोद्देश कहा गया है। उस पर फिर स्ववृत्ति लिखने के कारण सेकोद्देश टीका इसका पूरा नाम हुआ है।

यह अत्यन्त अद्भुत कृति है। क्योंकि विशाल कालचक्र ग्रन्थ के मूल रहस्यों को संक्षेप में यहाँ वर्णन किया गया है। कालचक्र अपने आप में अतिशय क्लिष्ट और विशाल भी है। उसमें भी अनेक टीकाओं के माध्यम से और विस्तार किया गया है। इसीलिए यह सेकोद्देश टीका में उन सभी विषयों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

को संक्षेप में रखकर सर्वसुलभ किया गया है जिससे जिज्ञासु साधक लाभान्वित हो सकें।

१- इसमें प्रथम परिचयात्मक विवरण है। जिसमें कालचक्र के विषय में और इसके प्रतिपाद्य सात प्रकार के अभिषेक का वर्णन किया गया है।

इस शास्त्र का भगवान् ने श्री धान्यपर्वत में निश्चित स्थान में आरूढ होकर सुखासन में बैठकर, वज्रधातुमण्डल में, वज्रसिंहासन में विराजमान होकर अनेक बोधिसत्त्व, महासत्त्व, देवी-देवताओं, यक्ष, किन्नर, नाग, सिद्ध बुद्ध आदिओं से परिवृत होकर परम आदि बुद्ध नामक समाधि में स्थित होकर उपदेश किया है।

इस ग्रन्थ के उपदेश का रहस्य बताते हुए ग्रन्थकार कहते हैं - २१ हजार छ सौ श्वास एवं प्रश्वासों का निरोध पूर्वक पूर्ण समाधि में प्रविष्ट होकर बुद्धत्व लाभ करना ही योग का लक्ष्य है। यह ग्रन्थ उसी के लिए उपदिष्ट हुआ है। इस विषय को और पष्ट करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं आढक भूमि अर्थात् श्मशान भूमि में स्थित होना है वह श्मशानभूमि सामान्य घाट न होकर वह दशभूमियों में उच्च धर्ममेघा भूमि ही है। उसमें जो निवास करता है वह आढक भूमि का निवासी है। मार, क्लेश और ज्ञेय समापत्ति के आवरक तत्त्वों को हटाकर वहाँ पर रहा जा सकता है।

इस ग्रन्थ के उपदेश के लिए शम्भलपुर के निवासी राजा सुचन्द्र ने प्रार्थना की, दोनों हाथों को जोड़कर प्रणाम करने के बाद कलियुग में मुक्ति का क्या उपाय हो सकता है कृपया हमें बतायें इस प्रकार के अध्येषणा के बाद भगवान् ने जो उपदेश दिया वह यही कालचक्र है। भगवान् का अर्थ भी ग्रन्थकार करते हैं-

भञ्जनं भगमाख्यातं क्लेशमारादिमञ्जनात्। प्रज्ञावध्याश्च ते क्लेशास्तस्मात् प्रज्ञा भगोच्यते अर्थात् क्लेश, दुःख, मार-काम आदि का भञ्जन-विनाश करने के कारण ही वह भग है। वह वस्तुतः प्रज्ञा ही है। क्योंकि प्रज्ञा के द्वारा ही वह वध्य भी है। उसी के होने से वे भगवान् हैं। उन्होंने ही कालचक्र का आख्यान किया।

कालचक्र क्या है?

करुणा शून्यता मूर्ति है। वह मूर्ति काल रूप है, वही संवृति सत्य भी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

है। शून्यता को ही चक्र भी कहा गया है। वह कालचक्र का अद्वय रूप तथा अक्षर तत्त्व है।

करुणा शून्यता मूर्तिः कालः संवृतिरूपिणी।
शून्यता चक्रमित्युक्तं कालचक्रोऽद्वयोऽक्षरः।

अथवा कालचक्र में प्रयुक्त मातृकाओं के अनुसार भी

ककार का अर्थ कारण के शान्त होने पर, लकार से लय का बोध होता है।

चकार से चञ्चल चित्त का **क्रकार** से क्रमपूर्वक निरोध का बोध होता है। इसीलिए भी इसे कालचक्र कहा गया है–

ककारात् कारणे शान्ते लकाराच्च लयोत्र वै। चकारात् चलचित्रत्तय क्रकारात् क्रमबन्धनात्।

यहाँ कारण से तात्पर्य है– बोधिचित्त काय ऐसा कहा गया है। शान्त जाग्रत अवस्था के क्षय होने से विकल्प रहित कायबिन्दु निरोध के द्वारा ललाट में निर्माणकाय स्थित है। ऐसा होने पर स्वप्नावस्था के क्षय होने से प्राण का लय होता है। प्राण के लय से नाडिबिन्दु का निरोध होता है, उससे कण्ठ में संभोगकाय की उपस्थिति होती है। जाग्रत् एवं स्वप्नावस्थाओं में शब्द आदि विषय उपस्थित होते हैं अतः वह साधक च्युतिधर्मयुक्त तम से ढका होता है। अष्टादश धातुओं से चित्त ढका हुआ होता है। उसके बन्धन अर्थात् निरोध पूर्वक तमस का निराकरणात्मक सुषुप्ति के क्षय होने से बिन्दु का निरोध होता है। और हृदय में धर्म काय की स्थिति होती है। यही **क्र** कार का अर्थ है। **क्रम** का अर्थ काय आदि बिन्दुओं का क्षय है। उसका बन्धन (बन्ध) सहजसुखों से तुरीयावस्था का क्षय होना है। क्षरण से ज्ञानबिन्दु का निरोध होता है। अतएव नाभी में सहजकाय का स्थान निश्चित किया गया है। यह विषय इस ग्रन्थ के प्रथम परिच्छेद में सविस्तार वर्णित हुआ है।

इस प्रकार यह प्रथम परिच्छेद पूर्ण होता है।

II

द्वितीय परिच्छेद में दीक्षा का वर्णन है। सात प्रकार की दीक्षा है – जल, मुकुट, वस्त्र, वज्रघण्टा, महाव्रत, नाम और अनुज्ञा वे ही सप्त अभिषेक हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस दीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम शिष्य की रक्षा आचार्य करते हैं। वह विधि निर्दिष्ट है- सविस्तार। कलशों का विवरण विस्तारपूर्वक करते हैं। इसके बाद मन्त्रों का उपदेश किया गया है। फिर द्रव्य शुद्धि बताते हैं। उसके बाद गुरु को वस्तुओं का अर्पण भी बताया गया है।

दान दश प्रकार का है-

लोह-रत्नान्नगो-वाजि-गजकन्या-वसुन्धराः।
इष्टा भार्या स्वमांसानि दानं दशविधं मतम्॥

लोहा, रत्न, गौ, अन्न, घोड़ा, हाथी, कन्या, भूमि, भार्या और अपना मांस - वे दान सामग्रियाँ हैं। इसके बाद जब तक ज्ञान उत्पन्न नहीं होता तब तक अन्य पदार्थों को त्यागने की विधि बताई गई है।

हिंसा, असत्य, परस्त्री, परधन, मद्यमान वे त्याज्य हैं। वे ही पञ्चव्रत भी हैं। वे ही सांसारिक वज्रपाश हैं।

इनके अतिरिक्त भी पालनीय व्रत हैं-

द्यूत क्रीडा, असमय भोजन, कुवचन पाठ भी त्याज्य हैं। वेदोक्तधर्म, म्लेच्छधर्म भी त्याज्य हैं।

गोहत्या, बालहत्या, स्त्रीहत्या, पुरुष हत्या, प्रतिमा या स्तूप आदि की निन्दा या विरोध, और सभीप्रकार की हिंसा भी त्याज्य है।

इसी प्रकार मण्डल प्रवेश बताते हैं।

क्रमशः दीक्षा की पूरी विधि बताते हैं और कैसे दीक्षा देनी है और कैसे वह दीक्षा ली जाती है यह भी आचार्य इस प्रकरण में सपरिकर उपस्थापित करते हैं।

III

तीसरा षडङ्गयोगप्रकरण है। जिसमें लोकोत्तर सिद्धि के असाधारण कारणों की चर्चा है। वह कारण षडङ्ग योग ही है।

बुद्धत्व की साधना ही उत्तम सिद्धि है। अर्थात् बुद्धत्व की उपलब्धि को ही मूल साधना या षडङ्गयोग का लक्ष्य बताया गया है। अन्य अन्तर्ध्यान आदि सिद्धियों को सामान्य या लौकिक सिद्धि कहा गया है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उसी क्रम में प्रज्ञा और उपायरूप समापत्ति योग द्वारा समग्र पदार्थों को संक्षिप्त रूप में पिण्डीकृत करने के बाद बिम्ब के बीच में ध्यान करना चाहिए। इससे तत्काल ज्ञान का उदय हो जाता है। यही समाधि भी है।

प्रत्याहार के सिद्धि के तत्काल ही सभी मन्त्र सिद्ध होते हैं। इसके बाद ध्यान का आविर्भाव हो जाता है। ध्यान से पञ्च ज्ञान की उपलब्धि होती है।

धारणा के बल से वज्रसत्त्व में साधक समाहित हो जाता है। अनुस्मृति के द्वारा प्रभामण्डल विस्तृत हो जाता है। समाधि से आवरण नष्ट हो जाते हैं।

प्रत्याहार और शून्यता का विशेष व्याख्या करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं– प्रत्याहार द्वारा समग्र विषय निःसार हो जाते हैं उसके बाद शून्यता का आविर्भाव होता है। वही परमसुख है। उसी में बुद्धत्व का प्राकट्य होता है।

IV

चौथा प्रकरण मृत्यु के विषय में विवेचन करता है। इस प्रकरण में अत्यन्त महत्त्व के साथ वायु के प्रवाह को नापा गया है।

वामनाडी या दक्षिण नाडी में जब अधिक अर्थात् अस्वाभाविक वायु का प्रवाह होता है तब तीन वर्षों में मृत्यु होती है।

वात–पित्त–श्लेष्मों के वैषम्य से मृत्यु होती है। अर्थात् स्वाभाविक क्रम को छोड़कर वामनाडी में एक अहोरात्र में प्रवाह होता है उससे, इसी प्रकार, वृष आदि समलग्नों में उत्पन्न जातकों का दक्षिण नाडी में पाँच अहोरात्र तक वायु के अधिक प्रवाह से तीन वर्षों में मृत्यु होती है।

इस प्रकरण में अत्यन्त सूक्ष्मता से प्राणवायु के वहाव का निरूपण किया गया है। ग्रन्थकार कहते हैं राशिरूप १२ दलयुक्त नाभिकमल का गर्भ मण्डल में पाँच अहोरात्रों तक प्राणवायु बहता है। उसके बाद दक्षिण की ओर लौटकर दशवीं, १५वीं तथा बीसवीं तिथि को वायु का प्रवाह चला है। इस प्रकार गंभीरता से विस्तृत रूप में वायु का बहाव और उसके कारण होने वाले मृत्यु के लक्षण यहाँ पर बताये गए हैं।

चन्द्र और सूर्य नाडियों से हटकर जब सुषुम्ना में वायु का प्रवाह होता है तब, मृत्यु से व्यक्ति मुक्त हो जाता है।

एक गंभीर विषय उठाते हैं और कहते हैं– सौ वर्ष पूर्ण होने पर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जिसकी मृत्यु होती है स्वतः अपने आप उसके वायु का बहाव सुषुम्ना में हो जाता है।

वे कहते हैं ९६ वर्ष और साढ़े दश महीनों तक की अवधि ही सूर्य और चन्द्र का वहन काल है। उसके बाद सुषुम्ना का समय आविर्भाव हो जाता है। यही रहस्य है कि सौ वर्षों का जीवन काल की कामना हम हमेशा करते हैं।

V

यहाँ पाँचवाँ आनन्द प्रकरण है। शुक्र का आरोहण या आगमन ही आनन्द है। जब शुक्र सहस्त्रार चक्र में समाविष्ट होता है, क्रमशः कण्ठ, हृदय और नाभि में तथा गुह्य में आविर्भाव होता है क्रमशः परमानन्द, विरजानन्द, विशिष्ट आनन्द, अच्युत आनन्द और सहजानन्दों का उदय हो जाता है। उसी अवस्था में अप्रतिष्ठित निर्वाण उपलब्ध हो जाता है। वही महाराग और अक्षर प्रभु भी है। इस प्रकार विस्तारपूर्वक आनन्द की व्याख्या करके यह प्रकरण पूर्ण होता है।

VI

छठा मुद्रा प्रकरण है। कर्म मुद्रा के योग, ज्ञान मुद्रा का आलम्बन और महामुद्रा के सहयोग के द्वारा उस अक्षर सुख में वृद्धि होती है।

कर्ममुद्रा का अर्थ है – स्तन केशवाली स्त्री, जो कामधातु के सुख का कारण होती है। यहाँ कर्म से चुम्बन, आलिंगन, गुह्य स्पर्श आदि व्यापार परिगृहीत होते हैं। इनसे संयुक्त मुद्रा ही सुखदायिनी है। मुद्रा का अर्थ है विशेष सुख देना। मुद धातु से मुद-सुख रति-देने से सुखविशेष के देने या उपलब्ध होने से ही मुद्रा है।

स्वचित्त द्वारा किए हुए अनुभूतियाँ ही ज्ञान मुद्रा है। सांसारिक सुख को देने से तथा आध्यात्मिक सुख देने से भी मुद्रा कहलाती है।

संक्षेप में अचल आनन्द में स्थित होना ही मुद्रा है। समग्र वासनाओं का त्याग और अक्षर सुख की प्राप्ति ही मुद्राओं का लक्ष्य है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

VII

सातवाँ मल प्रकरण है।

चित्त में जो मल है वह कहाँ से उत्पन्न हुआ है। वह आगन्तुक भी नहीं है और चिरकाल तक रहने वाला भी नहीं है। चित्त के बिना हुआ भी नहीं है और सर्वदा रहनेवाला भी नहीं है।

यदि वह आगन्तुक होता तो पहले चित्त को निर्मल होना चाहिए था। यदि बहुत दिनों से वह वहाँ पर है तो उसकी उत्पत्ति कैसे हुई होगी? चित्त के बिना वह हुआ होता तो आकाश पुष्प के तरह ही होना चाहिए था। यदि नित्य हैं तो कभी नष्ट नहीं होना चाहिए। इस प्रकार चिन्तन करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं –

जैसे ताबे का मल अम्लरस से नष्ट होता है किन्तु ताँबा ज्यों का त्यों रहता है उसी प्रकार चित्त की भी स्थिति है यह जानना चाहिए। अर्थात् शून्यता रूपी रस के योग से चित्त का मल नष्ट हो जाता है। किन्तु चित्त की ज्ञानावस्था नष्ट नहीं होती। वह चित्त निर्मल हो जाता है।

इसी प्रकार अनेक विषय यहाँ विचारित हुए हैं।

VIII

आठवाँ कार्यकारणभाव सम्बन्ध प्रकरण है।

समस्त बिम्ब शून्यता से उद्‌भूत हुए हैं वही हेतु भी है। उसका फल अक्षर से समुत्पन्न सुख विशेष है। फल से हेतु संयुक्त है और हेतु से फल भी संयुक्त है। दोनों भिन्न नहीं है।

शून्य – आकाश है। बिम्ब – सर्वाकार लक्षण हेतुभूत है। फल – आश्रव सुख है। मुद्रित – मिला हुआ है। वे दोनों ही करुणाभिन्न शून्यता में परिणत होते हैं।

IX

यह नवम ६ आध्यात्मिक तत्त्व प्रकरण है। इसमें ६ प्रकार के प्राणियों के सम्बन्ध में विचार किया गया है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वे हैं - वज्रसत्त्व, महार्थ, परमाक्षर, महाराग, महासत्त्व एवं सर्वसत्त्व-रतिकर।

बोधिसत्त्व, महाद्वेष, क्लेशक्षयी, महारिपु, समयसत्त्व, महामोह - वे मूढता के नाशक कहे गए हैं।

वज्रयोग, महाक्रोध, महारिपु, कालचक्र, महालोभ - क्षरलोभ के नाशक हैं।

इस प्रकार यह प्रकरण अनेक महत्त्वाधायक विषयों का विवेचन करता है।

X

यह दशवाँ षट्कुल प्रकरण है।

६ नाडीरूप ६ चक्रों में वज्रसत्त्व आदि प्रत्येक ६ प्रकार के हैं।

षडाकार, अक्षर ज्ञान वेदना, विज्ञान, रूप, संस्कार, संज्ञा - वे स्कन्ध कुल हैं।

ज्ञान, अग्नि, आकाश, पृथिवी, वायु एवं उदक से क्रमशः मनः, चक्षुः, श्रुति, काय, नासिका एवं जिह्वा उत्पन्न होते हैं।

शब्द, रस, धर्मधातु, गन्ध एवं प्रष्टव्य रूप हैं। वे परिशोधित होते हैं - क्रमशः - क्रोधराट्, षण्मुख, भीम और षट्कुल में।

.इस प्रकार यह दशवाँ परिच्छेद पूर्ण होता है। अन्तिम उपसंहार प्रकरण है। इसमें केवल मङ्गलाभ्यर्थना मात्र है।

इस ग्रन्थ के लेखक–

श्री नरोपापाद के विषय में अनेक किंवदन्तियाँ प्रचलित हैं। वे ८४ सिद्धों में अन्यतम हैं यह भी प्रसिद्धि है। किन्तु इनके जन्म स्थान, काल एवं जाति-व्यवसाय को लेकर विद्वानों में मतैक्य नहीं है।

मुझे नेपाल के अभिलेखालय में एक हस्तलिखित ग्रन्थ प्राप्त हुआ है। जिसके लेखक देववर्मा हैं और ग्रन्थ का नाम सिद्ध चरितम् है। उक्त ग्रन्थ के अनुसार इनका वास्तविक नाम नरोत्तमपाद है और कालान्तर में वे नरोपा या नाडोपा नाम से विख्यात हुए। वे कश्मीरी ब्राह्मण थे और राजा के गुरु थे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुछ लोग इन्हें शुभवर्मा नामक राजा के पुत्र थे यह भी कहते हैं। कुछ लोग इन्हें क्षत्रियवंश में समुत्पन्न मानते हैं। कुछ अन्य लोग नीच जाति के थे यह कहते हैं।

इनके गुरु तिलिप्पा थे। उनसे दीक्षित होने के बाद नरोपा या नडपा हुए थे। वे अत्यन्त शालीन या भद्र होने से इन्हें समन्त भद्र भी कहते थे।

श्रीमती नाम की इनकी माता थी। कुछ लोग इन्हें बंगाली, कुछ काश्मिरी, कुछ लोग तिब्बती और अन्य कुछ नेपाली मानते हैं।

किन्तु इनका चरित्र विचित्र होने से जो भी विद्वान् कहते हैं उसे मानने के अतिरिक्त और कोई मार्ग नहीं है।

इनके विषय में देववर्मकृतसिद्धचरितम् के कुछ श्लोक निम्न हैं।

आसीन्नरोत्तमः कश्चित् सिद्धेस्वन्यतमो महान्।
काश्मीराणां ब्राह्मणेषु राज्ञाञ्च पथदर्शकः॥
शुभवर्माख्यनृपतेः पुत्रत्वेनापि कुत्रचित्।
स्मरन्ति श्रद्धया केचित् इमं सिद्धं महत्तमम्॥
केचित्क्षत्रिय-वंशानां पुत्रोऽयमिति युक्तितः
वदन्ति चापरे नीचगोत्रजातं न संशयः॥
तिल्लिपा-नामकः कश्चित् सिद्धो गुरुरभूच्च सः।
तस्माद्दीक्षां गृहीत्वैव नरोपेति बभौ मुनिः॥
नडपा किच्च भद्रत्वात् समन्तभद्र इत्यपि
इतिहासविदः प्राहुरेनं सिद्धं नरोत्तमम्॥
श्रीमतीनाम्ना विख्याता जननी चाभवत्तथा।
किन्तु नास्ति मतैक्यं तु नरोपा चरिते क्वचित्॥

- - - - - - - - - - - - -

तथापि सिद्धसाध्यानां महात्मनां तदर्थकृत्।
चरितं सर्वदा ग्राह्यं यच्चास्ति तच्च नौम्यहम्॥

इतिश्री देववर्मकृते सिद्धचरिते नरोत्तमपादस्तुति-प्रकरणं समाप्तम्।

उपर्युक्त ग्रन्थ का सम्पादन यह पङ्क्तिकार कर रहा है। आशा है शीघ्र ही प्रकाशन योग हो जाएगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बौद्धतन्त्र ग्रन्थों के पाँच प्रकार हैं।

१- क्रिया तन्त्र

२- चर्या तन्त्र

३- योग तन्त्र

४- अनुत्तरयोग तन्त्र

५- अनुत्तर मातृयोग तन्त्र

साधकों के व्यक्तिगत गुणों को लेकर ही भगवान् ने इन तन्त्रों का उदपेश दिया है ऐसा प्रतीत होता है।

पवित्र, तपस्वी व्यक्तियों के लिए क्रियातन्त्र। कुछ परिश्रमी एवं कठोर हृदय वाले लोगों के लिए चर्यातन्त्र।

सुख-वैभव में लिप्त लोगों के लिए योगतन्त्र। बिना विचार किए ही कार्य में लगने वाले व्यक्ति के लिए अनुत्तर योग तन्त्र।

अन्य तैर्थिक आदि के कल्याणार्थ अनुत्तर मातृ तन्त्रों का उपदेश किया गया है। अर्थात् क्रियातन्त्र।

प्रथम क्रियातन्त्रों के ६ भेद हैं -

१- मञ्जुश्रीमूलकल्पतन्त्र।

२- अवलोकितेश्वर तन्त्र।

३- वज्रपाणितन्त्र

४- अचल तन्त्र।

५- विद्यादेवी तन्त्र।

६- उष्णीष तन्त्र।

क्रिया तन्त्र के लोकोत्तर कुल और लोककुल से दो अन्य भेद भी हैं।

लोकोत्तर कुल में तथागत कुल, पद्मकुल तथा वज्रकुल हैं।

इस तन्त्र के अन्तर्गत अभिषेक,. शुद्धिकरण, उपासना और सिद्धि के लिए कार्य करना।

२- चर्यातन्त्र

विधिविहित तान्त्रिक कृत्य ही चर्या है। इस तन्त्र में तथागत कुल, पद्मकुल एवं वज्रकुल हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तथागत कुल का वैरोचनाभिसम्बोधि तन्त्र है।

वज्रकुल का वज्रपाणि अभिषेक तन्त्र, वज्रपाणि नीलाम्बर वज्रपातालिक तन्त्र, त्रिभुवनचरी कल्पतन्त्र और वज्रपाणि नीलाम्बर त्रिलोकमर्दनी तन्त्र है।

३- योगतन्त्र

संवृति सत्य एवं परमार्थ सत्य दोनों में और दोनों के अतिरिक्त अद्वय स्वरूप में साधक को प्रतिष्ठित करने के कारण ही इसे योगतन्त्र कहा गया है।

इस तन्त्र के देशना के लिए ही भगवान् ने तीन स्वरूप धारण किए है।

१- धर्म काय

२- सम्भोग काय

३- निर्माण काय

इस सम्प्रदाय के ग्रन्थ निम्न हैं -

१- तत्त्वसङ्ग्रहः

२- त्रिलोक विजय महाकल्प

३- सर्वदुर्गतिपरिशोधनकल्प

४- परमाद्यतन्त्र

५- वज्रगर्भालङ्कारतन्त्र

६- देवदेवसिद्धितन्त्र

४- अनुत्तर योगतन्त्र

इस तन्त्र परम्परा में पितृतन्त्र, मातृतन्त्र और अद्वयतन्त्र से हम तीन परम्परा को जानते हैं।

- उपाय प्रधान पितृतन्त्र।

- प्रज्ञाप्रधान मातृतन्त्र।

- उभय प्रधान अद्वयतन्त्र।

इस तन्त्र परम्परा में उपाय एवं प्रज्ञा को साथ साथ रखा गया है। उत्पत्ति क्रम एवं निष्पन्न क्रम का भी उल्लेख हुआ है। उत्पत्ति क्रम उपाय और निष्पन्न क्रम को प्रज्ञा कहा है।

उत्पत्ति क्रम के दो प्रकार हैं - (१) विमानोत्पाद भाव तथा (२) देवोत्पाद भाव।

सभी धर्मों को शून्य रूप में देखना और उसकी भावना करना।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देवोत्पाद भावना से अपने को हीन योनि से उत्पन्नता के भाव को त्याग कर दिव्य योनि से उत्पन्नता की भावना द्वारा शून्यता में ले जाना।

निष्पन्न क्रम से समग्र जगत् को शून्य में विलीन कर देना तथा शून्यता के अतिरिक्त अन्य पदार्थों के स्वभाव को अस्वीकार करना।

इस तन्त्र परम्परा के ग्रन्थ निम्नरूप में हैं –

१- चक्रसंवर तन्त्र
२- हेवज्र तन्त्र
३- बुद्ध कपाल तन्त्र
४- महामाया तन्त्र
५- रिगि अरल्लि तन्त्र
६- वज्ररल्लि तन्त्र
७- डाकिनीवज्रपंजर
८- महामुद्रातिलक
९- ज्ञान गर्भ महायोगतन्त्र
१०- ज्ञानतिलक महायोगिनीतन्त्र
११- सिद्धि निर्देश तिलक नामतन्त्र
१२- तत्त्व प्रदीप
१३- बुद्ध कपाल
१४- महामाया तन्त्र
१५- चतुष्पीठ तन्त्र
१६- वज्रामृत तन्त्र
१७- तारातन्त्र
१८- खसमतन्त्र
१९- गुह्यसमाजतन्त्र
२०- कालचक्रतन्त्र

इनके अतिरिक्त तन्त्रग्रन्थ जो भी हैं वे सब इन्हीं ४ परम्पराओं के अन्तर्गत ही आते हैं। इन चारों के अतिरिक्त **अनुत्तरमातृयोग** तन्त्र की भी परिगणना की जाती है। पर यह भी चौथे अनुत्तरयोग तन्त्र परम्परा में ही अन्तर्भूत है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सम्पादन एवं अनुवाद

प्रस्तुत ग्रन्थ का सम्पादन नेपाल में उपलब्ध हस्तलिखित ग्रन्थों के आधार पर किया गया है। मेरे व्यक्तिगत संग्रह में भी इसकी पाण्डुलिपियाँ हैं, जिनका मैंने पूरा उपयोग किया है। साथ ही गायकवाड सिरिज से प्रकाशित ग्रन्थ का तथा सन् २००६ में रोम से प्रकाशित फ्रान्सेस्को स्फेरा द्वारा सम्पादित ग्रन्थ का भी इसमें पूर्ण उपयोग किया गया है। अतः मैं इन दोनों संस्करणों का आभारी हूँ। इस समग्र ग्रन्थ का अक्षर संयोजन अत्यन्त परिश्रम एवं शुद्धता के साथ करने वाले विद्वान् श्री विमलेन्दु भट्टाचार्य का मैं आभारी हूँ। संस्कृत के ग्रन्थों का इतना अच्छा संयोजन करना सामान्य ज्ञान और समझ से कदापि संभव नहीं है। उनकी तीक्ष्ण बुद्धि से जो यह महनीय कार्य हुआ है इससे वे बड़ा पुण्य तो प्राप्त कर ही रहे हैं साथ ही पाठक वर्गों का अजस्र आशीर्वाद के भागी भी हैं। भगवान् विश्वनाथ इनके मनोरथ पूर्ण करें यही इनके लिए मैं प्रार्थना करता हूँ।

यह ग्रन्थ अब तक अंग्रेजी तथा अन्य किसी भी भाषा में अनुदित नहीं है। आशा है पाठकगण इससे लाभान्वित होंगे।

२०१३, दीपावली, काठमाण्डू, नेपाल।

– **काशीनाथ न्यौपाने**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सेकोद्देशटीकायुतं
कालचक्रतन्त्रम्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ कालचक्रतन्त्रस्य
श्रीनारोपादविरचिता सेकोद्देशटीका

तत्रोपक्रमप्रकरणम्
उपक्रम प्रकरण

ॐ नमः कालचक्राय॥

ॐ श्रीकालचक्र को नमस्कार है।

सर्वावृतिप्रशमनिर्मलबुद्धधर्म-
निर्वेधसौधमधिरुह्य वपुर्द्वयेन।
तस्मै नमो भगवते यदुपज्ञकानि
विश्वोपकारविधिनाटकनर्तनानि॥ १॥
उद्धृत्य वाक्यसलिलं विमलप्रभादि-
पयोनिधेर्जलमुचेव मया विमुक्तम्।
उद्देशगूढपदपद्धतिपल्वलेऽस्मिं-
स्तर्षोपरोधविधये विबुधा भजध्वम्॥ २॥

भगवान् तथागत समस्त क्लेशादि दुःखों के नाशक, अत्यन्त शुद्ध बुद्धधर्मरूपी विशाल प्रासाद में अपने दो कायों के द्वारा आरूढ हुए हैं और अपने ही प्रयास द्वारा स्वयं समुपलब्ध ज्ञान ही समग्र विश्व के उपकार करने के लिए रचे गए विशिष्ट नाटक के पात्र हैं, ऐसे भगवान् बुद्ध को हम नमस्कार करते हैं।

जैसे बादलगण विशाल समुद्रों से थोड़ा-थोड़ा जल उठाते हैं, उसी प्रकार विमल प्रभा आदि विभिन्न-विशाल ग्रन्थों से वाक्याशों को लेकर यहाँ कालचक्र का व्याख्यान किया गया है। इस कालचक्र ग्रन्थ के द्वारा विशिष्ट गूढ पदों के रहस्य रूपी पल्वलात्मक छोटे जलाशयों में अज्ञान जन्य तृष्णा को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नष्ट करते हुए इस विशिष्ट ग्रन्थ के रहस्य ज्ञान के लिए विद्वद् जन इस टीका का आश्रय ग्रहण करें।

सुचन्द्र आह -

सुचन्द्र आहेति। शीतनाड्युत्तरे[1] षण्णवतिकोटिग्रामसम्भलमहाविषयाधिपतिर् देवासुरनागनिर्माणकायैः षण्णवतिमहाराजकुलप्रसूतैर्महारत्नमुकुटबद्धैः कोटिकोटिग्रामाधिपतिभिर्नमस्कृतचरणारविन्दः सर्वसत्त्वभाषान्तरैस्तथागतोक्तधर्माणां संग्राहकत्वेन सर्वतथागतश्रोत्रभूतत्वात् षोडशकलावरणप्रहाण्या वज्रेन्दुविमलप्रभत्वाच्च शोभनश्चासौ चन्द्रश्चेति सुचन्द्रो गुह्यकाधिपतिरडकवतीनिवासी श्रीवज्रपाणिः। तत्र गुह्यं श्रावकप्रत्येकयानयोरुत्तरं वज्रयानम्। तस्मिन्सङ्गीतिकारकत्वेनाधिपतिः। तथा लोकसंवृत्या गुह्यशब्देन यक्षाः। तेषामधिपतिर्गुह्याधिपतिः। बाह्येऽडकशब्देन मृतकसमूहः। तद्योगादडकवती श्मशानभूमिः। तस्यां महायक्षाः सत्त्वानां विहेठका अनेकविघ्नकर्तारः। तेषां वधको ऽटव्यां मृगाधिपतिरिवाडकवतीनिवासी महायक्षाधिपतिः। अध्यात्मनि षट्शताधिकैकविंशतिसहस्रश्वासप्रश्वासानां षट्त्रिंशच्छतोनानां निरोधो ऽडकः। सोऽस्यामस्तीत्यडकवती धर्ममेघाभूमिः। तस्यां निवास्यडकवतीनिवासी। मारक्लेशज्ञेयसमापत्त्यावरणयक्षाणां वधको यक्षाधिपतिः। तथागतदेशितधर्मसिंहनादेन सर्वसत्त्वानां प्रत्येकरुतैर्धर्मप्रवर्तको गुह्याधिपतिः श्रीवज्रपाणिः। तन्निर्माणकायः सुचन्द्रो राजाध्येषयति। तदुक्तं मूलतन्त्रे–

सुचन्द्र ने कहा चन्द्रनाडी के बाद छियानब्बे कोटि ग्रामसमूहों के महान् विषयाधिपति ने देव-असुर-नागों द्वारा निर्मित विशिष्ट निर्माण कायों के द्वारा, छियानब्बे महाराजाकुलों से उत्पन्न महारत्नों से निर्मित मुकुटों से सुनिबद्ध करोड़ों-करोड़ों ग्रामाधिपतियों के द्वारा जिनके पवित्र चरण निरन्तर ढोये जा रहे हैं, सर्वसत्त्वों के भिन्न भिन्न भाषाओं के द्वारा तथागतोक्त धर्मों का

[1] शीता नाड्युत्तरे यह पाठ अन्य संस्करणों में है जो इस हस्तलिखित से सर्वथा भिन्न है और अशुद्ध है। इसका अर्थ नहीं बैठता है। वस्तुतः वर्णव्यत्यय से यह दोष हुआ है। चन्द्र और सूर्य नाडियों के बाद में अवस्थित सुषुम्नानाडी की ओर संकेत करने के लिए ही शीतनाडी का उल्लेख हुआ है। शीता नदी का किसी प्रकार अर्थ लगाने से प्रस्तुत प्रसङ्ग का कोई अर्थ नहीं बनता है। छियानब्बे कोटि आदि प्रसङ्ग का आध्यात्मिक अर्थ यत्र तत्र देखा जा सकता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संग्रहात्मक रूप से सभी तथागतों के माध्यम से श्रवण किए जाने से १६ कलाओं के आवरणों की प्रहार करके, साथ ही चन्द्रमा के स्वच्छ किरणों के प्रभाव से भी शोभनश्चासौ चन्द्र-सुन्दर यह चन्द्र ही है। अतएव सुचन्द्र कहा गया है, वे गुह्यों के अधिपति श्मशान भूमि में रहने वाले वज्रपाणि ही हैं।

यहाँ पर गुह्य से तात्पर्य श्रावकयान एवं प्रत्येक बुद्ध यानों से विशिष्ट वज्रयान का बोध किया जाता है और उसमें ही संगीति कर्तृत्व से वे अधिपति कहलाते हैं। लौकिक सत्य की दृष्टि से गुह्य शब्द के द्वारा यक्षों का बोध होता है और उनके अधिपति होने से भी वे गुह्याधिपति कहलाते हैं। बाह्यार्थ की दृष्टि से आढक शब्द द्वारा मृतकों के समूहों का बोध करना चाहिए। उसी के सम्बन्ध से आढकवती का अर्थ श्मशान भूमि है। उसी श्मशान भूमि में हमेशा यक्षगण प्राणियों के दुःख देने में लगे रहते हैं और अनेक प्रकार के विघ्न में संलग्न होते हैं। उन दुःखदायी यक्षों को नाश करने या रोकने के लिए जैसे जंगलों में सिंह रहते हैं उसी प्रकार श्मशान भूमि में निवास करने वाले महायक्षाधिपति हैं।

अध्यात्म दृष्टि से २१ हजार छह सौ श्वास एवं प्रश्वासों में ३६ सौ श्वासों का निरोध ही आढक कहा गया है। वह यहाँ पर होने से इसे आढकवाली भूमि अर्थात् दशभूमियों में यह धर्ममेघा भूमि है। उसमें जो निवास करता है वही आढक भूमि का निवासी है। मार, क्लेश, ज्ञेय समापत्ति आवरणक यक्षों को बोध करने में समर्थ ही यक्षाधिपति हैं। तथागत द्वारा उपदिष्ट धर्म सिंह नाद के द्वारा सभी प्राणियों के प्रत्येक उपदेशों से धर्म का प्रवर्तन करने वाले गुह्याधिपति श्री वज्रपाणि ही हैं। वे ही निर्माणकाय हैं अर्थात् सुचन्द्र राजा अब यहाँ अध्येषणा प्रार्थनारूप प्रश्न करते हैं। जैसे कि मूलतन्त्र में कहा गया है -

अग्रतः पूर्णिमाचन्द्रे पृष्ठतः पूर्णिमारवौ।
वामतस्तमिनो वक्त्रे पुच्छे दक्षिणतः स्थिते॥
त्रैलोक्यविजयो नाम समयो मारमर्दनः।
तस्मिन्पूर्वमुखः शास्ता रत्नसिंहासने स्थितः॥
पञ्चरश्मिमयैर्व्यूहैः प्रपूरयञ्च जगत्त्रयम्।
बोधिसत्त्वामरारीन्द्रदेवेन्द्रैः पूजितः प्रभुः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दिव्यैर्नानाविधैः पुष्पैर् दिव्यैर्गन्धैर्मनोहरैः।
दिव्यै रत्नप्रदीपैश्च दिव्यैर्धूपैः सुगन्धजैः॥
दिव्यैर्नानाविधैश्चूर्णैर्नैवेद्यैरमृतैः फलैः।
विचित्राभरणैर्दिव्यैर्दिव्यैर्वस्त्रैश्च चामरैः॥
घण्टादर्शपताकाभिर्दिव्यैश्छत्त्रैर्वितानकैः।
पञ्चाङ्गैर्मौलिसंयुक्तैः प्रणिपत्य पुनः पुनः॥
त्रैलोक्यनायकं बुद्धं बोधिसत्त्वामरादयः।
स्वस्वासने निषण्णास्ते मन्त्रयानश्रुतार्थिनः॥
अभिज्ञालाभिनः केचिद् बोधिसत्त्वाः सुरादयः।
हृष्टतुष्टाशयाः सर्वे मनसा चिन्तयन्ति ते॥
दीपङ्करेण या पूर्वं मन्त्रयानस्य देशना।
कृतास्माकं तु कर्तव्या गौतमेनाद्य साधुना॥
अथातः सम्भलाख्यातो वज्रपाणिविनिर्मितः।
सुचन्द्रनृप आयातः स्वर्द्धया श्रीधर्मधातुकम्॥
आदौ प्रदक्षिणं कृत्वा शास्तुः पादाम्बुजद्वयम्।
रत्नपुष्पैः समभ्यर्च्य प्रणिपत्य पुनः पुनः॥
कृताञ्जलिपुटो भूत्वा सम्बुद्धस्याग्रतः स्थितः।
तन्त्रस्याध्येषकः शास्तुश्चन्द्रः सङ्गीतिकारकः॥ इति

अपने अग्रभाग में पूर्णिमा के चन्द्र और पृष्ठ भाग में पूर्णिमा के सूर्य तथा वामभाग में अन्धकारात्मक मुख और दायीं ओर पुच्छर विराजमान हैं। कामों का मर्दन करने वाले, तीनों लोको को जितने में समर्थ जो अत्यन्त उज्जवल सिद्धान्त है उसी में पूर्व की ओर मुँह करके रत्नों से निर्मित सिंहासन में भगवान् शास्ता विराजमान हैं।

पाँच रश्मियों से युक्त व्यूहों से जिन्होंने तीनों लोकों को पूरित कर दिया है, साथ ही बोधिसत्त्वादि गणों से, देवेन्द्रों से भी भगवान् प्रभु पूजित हुए हैं।

अलौकिक भिन्न भिन्न पुष्पों से, दिव्य गन्धों से, मनमोहक दिव्य रत्नों से पूरित दीप, दिव्य-धूप जो सुगन्धों से निर्मित हैं, अनन्त दिव्य चूर्णों से, नैवेद्य और आम्रफलों से, दिव्य-विचित्र आभूषणों से, दिव्य-वस्त्र एवं चामरों से, घण्टा-दर्पण (सीसा), ध्वजा पताकाओं तथा छत्रों से, पञ्चाङ्ग मौलियों से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भगवान् विभूषित हुए है, ऐसे भगवान् को वारम्वार प्रणाम करते हुए, त्रैलोक्य नायक भगवान् बुद्ध को, अमर बोधिसत्त्वगणों ने, जो अपने आसनों में विराजमान होने के साथ ही मन्त्रयान के तात्पर्य के विज्ञ थे, अभिज्ञा को प्राप्त भी थे, और कुछ बोधिसत्त्व एवं देवतागण ही थे, वे खुश, तृप्त थे साथ ही मन से भी विचार करते थे।

दीपङ्कर बुद्ध ने जो बहुत पहले मन्त्रयान की देशना की है उसे फिर से हम लोगों के लिए गौतम बुद्ध उपदेश करें, जो अति विज्ञ हैं, साधु हैं। इसके बाद शम्भल नाम से विख्यात, वज्रपाणि के द्वारा विनिर्मित या स्वयं वज्रपाणि ही हैं, वे सुचन्द्र नाम से प्रसिद्ध राजा हैं, वे आए और अपने ज्ञान के लिए श्रीधर्मधातु का सबसे पहले प्रदक्षिणा करने के बाद, शास्ता के दोनों चरणों में रत्नों से निर्मित पुष्पों का समर्पण करते हैं और वारम्वार नमस्कार करने के बाद दोनों हाथों को जोड़कर बुद्ध भगवान् के सम्मुख स्थित होकर, स्वयं सङ्गीतिधारक चन्द्र जो शास्ता के समक्ष प्रश्नकर्ता हैं, वे प्रार्थना करते हैं॥

सेकः सप्तविधः शास्तस्त्रिविधो ऽनुत्तरस्तथा।
लौकिकोत्तरसिद्ध्यर्थं संक्षेपात् कथयस्व मे॥ ३॥

सम्यक्शासकत्वेन हे शास्तः। यो वक्ष्यमाण उदकादि सप्तधा सेकः कुम्भादिकस्त्रिधा अनुत्तर इति परमाक्षरस्तथेति सेकः। सिच्यते कायादिकं निर्मलं निरावरणं क्रियतेऽनेनेति सेकः। तं कथयस्व मे। लौकिकसिद्धिर् इत्यकनिष्ठभुवनपर्यन्ताधिपत्यम्। उत्तरसिद्धिर् इति सवासनसर्वक्लेशज्ञेय-समापत्त्यावरणप्रहाणितो द्वादशभूमिप्रतिलम्भेन सम्यक्सम्बुद्धत्वम्। तदर्थम्। संक्षेपाद् इति क्लेशकल्पसत्त्वदृष्ट्यायुर्लक्षणपञ्चकषायोपहत-जनानुग्रहप्रवृत्तत्वाद् अध्येषकस्य सेकपटले ज्ञानपटले च विस्तरेण वक्ष्यमाणत्वाच्च।

ठीक से शासन करने के कारण ही आप शास्ता हैं। इसी से हे शास्ता ऐसा कहा गया है।

यह जो बताया जाने वाला उदक = जल आदि सात प्रकार का कुम्भादिक है और वह तीन प्रकार से विभक्त किया जाता है। अनुत्तर परमाक्षर है। उसी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकार सेका का अर्थ सिञ्चन करने से है, जिससे शरीर आदि का निर्मल एवं निरावरणात्मक किया जाता है वही सेक है। उसे आप मुझे बतलाइए।

लौकिक सिद्धि का तात्पर्य है अकनिष्ठ भुवन तक का आधिपत्य समझना चाहिए। उत्तर सिद्धि से तात्पर्य है समग्रवासना युक्त–क्लेश–ज्ञेयावरणों के प्रहाण द्वारा द्वादशभूमि में प्रविष्ट होकर सम्यक्संबुद्धत्व की उपलब्धि होना है। वह अर्थ संक्षेप में इस प्रकार है–

क्लेश–कल्पों में युक्त अनन्त प्राणियों के आयु लक्षण, दुःखों से परिपूर्ण जनों के कल्याणार्थ प्रवृत्त होने से आग्रहकर्ता स्वयं सेकपटल और ज्ञानपटल में विस्तारपूर्वक कहने वाले हैं।

भगवानाह–

भगवानाहेति विशुद्धषड्धातुकत्वादैश्वर्यादिगुणलक्षणो भगो विद्यते ऽस्येति भगवान्। तदुक्तं मूलतन्त्रे–

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य रूपस्य यशसः श्रियः।
ज्ञानस्याथ प्रयत्नस्य षण्णां भग इति स्मृतिः॥
षट्त्रिंशद्धातवः शुद्धा भूम्याद्या वज्रयोषितः।
ऐश्वर्यादिगुणास्तासां षड्भगास्ते प्रकीर्तिताः॥

भगवान् ने कहा–विशुद्ध षड्धातुयुक्त होने से ऐश्वर्य आदि गुणों से पूर्ण भग है जिसका, इसी से वे भगवान् हैं। जैसा कि मूलतन्त्र में कहा गया है–

समग्र ऐश्वर्य, समग्र रूप, यश और समग्र शुभ लक्षणों से युक्त तथा जिनमें ज्ञान एवं प्रयत्न की पूर्णता है, वे ही भगवान् कहलाते हैं।

शुद्ध ३६ धातुगण और भूमि आदि वज्रयोषित् (स्त्रियाँ) के ऐश्वर्य आदि ६ गुण ही भग कहलाते हैं।

हेवज्रेऽपि–

भञ्जनं भगमाख्यातं क्लेशमारादि भञ्जनात्।
प्रज्ञावध्याश्च ते क्लेशास्तस्मात् प्रज्ञा भगोच्यते॥ इति।

कुत्र स्थाने। क्व कस्मिन्मण्डले। कुत्र स्थितः। कया पर्षदा परिवृतो भगवानाह। श्रीधान्ये नियतमन्त्रनयदेशनास्थाने महासुखावासे वज्रधातु–

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

महामण्डले वज्रसिंहासने स्थितो बुद्धबोधिसत्त्वक्रोधदेवनागदेवीगण-परिवृतस्त्रैधातुकवन्दितचरणारविन्दः परमादिबुद्धसमाधिसमापन्नः। कायवाक्चित्तात्मको वंकारो वा तत्र महासुखावासे धर्मधातावाकाशलक्षणे परमाक्षरो ऽच्युतक्षणः काल इत्युच्यते। तदेव वज्रज्ञानम्। तस्य कालस्य निरावरणस्कन्धधात्वायतनं चक्रं त्रिभवस्यैकत्वं निरावरणं ज्ञेयम्। तदेव वज्रधातुमहामण्डलमित्युच्यते। सर्वाकारं सर्वेन्द्रियं बिन्दुरूपं विश्वमायाधरं भगवतः शरीरं प्रज्ञोपायात्मकमिति। अच्छेद्याभेद्ये चन्द्रसूर्याग्निमण्डललक्षण एकारलक्षणे वा वज्रसिंहासने स्थितः। उक्तं च मूलतन्त्रे–

गृधकूटे यथा शास्त्रा प्रज्ञापारमितानये।
तथा मन्त्रनये प्रोक्ता श्रीधान्ये धर्मदेशना॥
कुतः स्थानात् कुतः शास्त्रात् कश्च तन्त्रश्च देशितः।
कस्मिन्स्थाने कया लोकपर्षदा केन हेतुना॥
गृधकूटे महाशैले प्रज्ञापारमितानयम्।
सन्देश्य बोधिसत्त्वानां महायानं निरुत्तरम्॥
अथैकस्यां महाचैत्यां धर्मधातुकमण्डले।
बोधिसत्त्वादिभिः सार्धं विजहार तथागतः॥
आकाशे त्वजडे स्वच्छे ऽनवकाशे प्रकाशिनि।
विश्वे वज्रालये लयने धर्मधातौ मनोरमे॥
तन्त्रस्य देशना पुंसां पुण्यज्ञानप्रयोजनम्।
एकारो गगनालोको धर्मधातुः प्रकीर्तितः।
वंकारः सुगतव्यूह एकारे संव्यवस्थितः॥

हेवज्र में भी कहा है–

भञ्जन-विनाश करना ही **भग** कहलाता है, क्लेश (दुःख) मार (काम=इच्छा) आदि का भञ्जन करने के कारण वह भग है, वे क्लेश आदि प्रज्ञा के द्वारा वध्य हैं इसी से प्रज्ञा ही **भग** है।

किस स्थान में? कहाँ किस मण्डल में? कहाँ रहकर? किस परिषद् के साथ आवृत होकर भगवान् ने यह उपदेश किया। श्रीधान्य पर्वत में, निश्चित मन्त्रनय के उपदेश स्थल पर, महान् सुखावास में, वज्रधातु महामण्डल में, वज्रसिंहासन में रहकर बुद्ध-बोधिसत्त्व-क्रोध देव-नागदेवी गणों के द्वारा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चारों ओर से घिरे हुए साथ ही तीनों धातुओं के अधिपतिओं के द्वारा पूजित होते हुए परम आदि बुद्ध ने समाधि में स्थित होकर यह उपदेश किया।

कायवाक्चित्तात्मक **वं** कार है अथवा उसमें, महासुखावास में, धर्म धातु जो आकाश लक्षणों से परिपूर्ण है, में परम अक्षर अच्युतक्षण ही **काल** ऐसा कहा गया है वही वज्रज्ञान है। उस काल का निरावरण-स्कन्ध-धातु-आयतन चक्र को त्रिभव का एकत्व रूप निरावरण है ऐसा जानना चाहिए। वही वज्रधातु महामण्डल कहा गया है। सर्वाकार, सर्व-इन्द्रिय युक्त, बिन्दुस्वरूप, विश्वमायाधर, भगवान् का शरीर है और वह प्रज्ञोपायात्मक है। अच्छेद्य और अभेद्य चन्द्रसूर्य-अग्निमण्डलात्मक **ए** कार लक्षणवाले आसन में अथवा वज्रसिंहासन में भगवान् स्थित हैं। मूलतन्त्र में कहा है -

प्रज्ञापारमितानय में शास्ता ने कहा है, और मन्त्रनय में भी कहा है कि गृध्रकूट में प्रज्ञापारमिता का उपदेश श्रीधान्य पर्वत में धर्मदेशना की गई है।

किस स्थान से, किस शास्त्र से किस तन्त्र का उपदेश हुआ है? किस स्थान में और किस लोक परिषद् के समक्ष किस कारण से उपदेश किया गया है।

महान् पर्वत गृध्रकूट में प्रज्ञापारमिता का उपदेश करने के बाद निरुत्तर महायान का उपदेश बोधिसत्त्वों के लिए किया गया है।

किसी एक विशिष्ट चैत्यभूमि में जो धर्मधातुमण्डल है, में बोधिसत्त्व एवं महासत्त्वों के साथ भगवान् तथागत ने विहार किया।

चैतन्यमय, स्वच्छपूर्ण, प्रकाशमय, वज्रालय, व्यापक, लयात्मक, मनोरम, आकाशवत् धर्मधातु में भगवान् तथागत ने पुण्य-ज्ञान के प्रयोजनार्थ तन्त्र की देशना की, उसमें आनेवाला प्रथम शब्द **एवं** इसमें से **ए** कार आकाशवत् व्यापक एवं प्रकाशमय धर्मधातु कहा गया है **वं** यह वर्ण सुगत-बुद्ध का व्यूह-अन्तवर्तीधर्म है जो एकार के साथ संवृत्त हुआ है।

पुनस्तत्रैव-

ए रहस्ये खधातौ वा भगे धर्मोदयेऽम्बुजे।
सिंहासने स्थितो वज्री उक्तस्तन्त्रान्तरे मया॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वं वज्री वज्रसत्त्वश्च वज्रभैरव ईश्वरः।
हेरुकः कालचक्रश्च आदिबुद्धादिनामभिः॥
नानाविषयसंज्ञाभिः स्थानमाधारलक्षणम्।
आधेयश्च मया प्रोक्तो नानासत्त्वाशयेन तु॥
सर्वज्ञो वज्रधृक् शास्ता बुद्धः सिंहासने स्थितः।
देशकः कालचक्रस्य सुचन्द्राध्येषितस्त्वया॥ इति॥

और वहीं पर कहा भी है –

आकाश धातु में रहस्यात्मकरूप से **ए** स्थित है। अथवा **भग** या धर्मोदयात्मक कमल सिंहासन में स्थित होकर उस तत्त्व को मैंने दूसरे तन्त्रों में कहा भी है। **वं** यही **वज्रधृक** है, वज्रसत्त्व भी वही है, वज्रभैरव एवं ईश्वर भी है। उसे ही हेरुक, कालचक्र, आदि बुद्ध आदि नामों से जाना जाता है। अनेक विषयों और नामों से अभिहित किया गया है। इसी प्रकार स्थान, आधार उनके लक्षण, आधेय आदि भी अनेक प्राणियों के कर्म-वासनाओं के आधार पर ही कहा गया है। अतएव कालचक्र के उपदेश के क्रम में सर्वज्ञ, वज्रधृक्, शास्ता, बुद्ध ही सिंहासन में स्थित होकर कालचक्र के उपदेशक हुए हैं उन्हें सुचन्द्र ने उपदेश के लिए प्रार्थना की थी, ऐसा कहा गया है।

शृणु सुचन्द्र सेकार्थं सप्तधा त्रिविधं परम्।
नाडीसंचारमायाममुद्देशात् कथयामि ते॥ ४॥

हे सुचन्द्र तुम सुनो, अभिषेक के लिए ७३ प्रकार के नाडियों के संचार अवस्था को संक्षेप में मैं तुम्हें बता रहा हूँ॥

शृणु सुचन्द्रेत्याद्युद्देशसमाप्तिं यावद् भगवतः प्रतिवचनम्। सेकार्थम् इति सेकं तत्प्रयोजनं च। परम् इति परमाक्षरम्। परमार्थसुखोपाय-त्वादनधीष्टमपि नाडीसंचारादिकमाह– नाडीसंचारम् इत्यादि। ऊर्ध्वाधो ललनादिषण्णाडीषु वक्ष्यमाणक्रमेण प्राणापानवाय्वोः संक्रमणम्। आयाम इति। यम उपरम इत्यस्य धातोर् आ समन्ताद्यमनमायामः। प्राणापान-वाय्वोर्मध्यनाड्यां प्रवेश उभयगतिनिरोधादिति। उद्देशाद् इति संक्षेपादिति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे सुचन्द्र तुम सुनो यहाँ उद्देश से लेकर समाप्ति तक भगवान् का उत्तर है। सेकार्थ का अर्थ है अभिषेक और उसका प्रयोजन बताया गया है। **परं** यह परमाक्षर के लिए है। परमार्थ सुख के उपयात्मक अवर्णित होने से नाडी संचार आदि के लिए कहा नाडीसंचारम् आदि। ऊपर के ओर निम्न स्थानों के ललना आदि ६ नाडी वर्गों में वर्णित किए जाने वाले क्रम से प्राण और अपान आदि वायुओं का संक्रमण ही नाडी संचार है। आमाम का अर्थ है यम उपरम इस धातु से चारों ओर से अनुशासित करना ही आयाम है। प्राण और अपान वायुओं का मध्यनाडी में प्रवेश कराना है जो दोनों गतियों के निरोध मात्र से संभव है। उद्देश का अर्थ संक्षेप है।

उद्देशस्त्रिविधिस्तन्त्रे निर्देशस्त्रिविधो भवेत्।
प्रत्युद्देशो महोद्देशः प्रतिनिर्देशको ऽपरः॥ ५॥

उद्देश और निर्देश तन्त्रशास्त्र में तीन-तीन प्रकार के हैं। प्रत्युद्देश, महोद्देश और प्रतिनिर्देश हैं॥

उद्देश एव निर्देशस्तन्त्रसंगीतिरुच्यते।
प्रत्युद्देशश्च निर्देशः पञ्जिका पदभञ्जिका॥ ६॥

उद्देश में ही निर्देश, समाविष्ट होता है वही संगीति कहा गया है। प्रत्युद्देश ही निर्देश भी है जिसे पञ्जिका कहा गया है जो पदों के भञ्जक या अर्थ बोधक होते हैं ॥

महोद्देशश्च निर्देशष्टीका सर्वार्थसूचिका।
अभिज्ञालाभिभिः सा तु कर्तव्या नैव पण्डितैः॥ ७॥

महोद्देश निर्देशात्मक टीका को कहा गया है जो समग्र अर्थ की सूचिका होती है। उसे अर्थ बोध के लिए पाठक ग्रहण या धारण करते हैं पण्डितों के लिए आवश्यक नहीं है॥

सर्वस्मिन्नेव योगयोगिन्यादितन्त्र उद्देशस्त्रिविधः निर्देशो ऽपि। तत्रोद्देशः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वनाम्नैव कथितः। प्रत्युद्देशो द्वितीयः महोद्देशस्तृतीयः। एवं निर्देशो ऽपि स्वनाम्नैव व्याख्यातः। प्रतिनिर्देशो द्वितीयः। अपर इति महानिर्देशस्तृतीयः। उद्देशनिर्देशौ द्वावेव तन्त्रसङ्गीतिः। तत्रोद्देशेन सङ्गीतिः समस्तलघुतन्त्रं यथाष्टादशशतग्रन्थश्रीसमाजादिका, निर्देशेन सङ्गीतिः सकलमूलतन्त्रराज-देशना यथा पञ्चविंशतिसहस्त्रश्रीसमाजादिका। एवं प्रत्युद्देशेन लघुतन्त्रे पञ्जिका। इह निर्देशः प्रतिनिर्देशो ऽभिमतः। तेन मूलतन्त्रे पञ्जिका। तथा महोद्देशेन लघुतन्त्रे टीका। इह निर्देशो महानिर्देशो ऽभिमतः। महानिर्देशेन मूलतन्त्रे टीका। सा पुनः सङ्गीतिः पञ्जिका टीका च तिस्त्रो ऽपि। अभिज्ञा-लाभिभिर इति। दिव्यचक्षुर्दिव्यश्रोत्रपरचित्तज्ञानस्वपरपूर्वनिवासानुस्मृत्या-काशगमनर्द्धिलब्धैरेव कर्तव्या नैव पण्डितैर् इति शुष्कतर्काभ्यासो-पहतचित्तसन्ततिभिः प्रत्यात्मवेदनीयाध्यात्माध्ययन-विमुखैः।

सभी योग एवं योगिनी आदि तन्त्रों में उद्देश तीन प्रकार के कहे गए हैं। निर्देश भी तीन ही हैं। उद्देश स्वयं ही उपर श्लोकों में वर्णित हुए हैं। प्रत्युद्देश दूसरा है। महोद्देश तीसरा है। इसी प्रकार निर्देश भी स्वयं उपर बताया गया है। प्रतिनिर्देश दूसरा है। अपर का अर्थ है तीसरा महानिर्देश। उद्देश और निर्देश दोनों ही तन्त्र संगीति हैं। उद्देश के द्वारा जो संगीति हुई है उसमें समस्त लघुतन्त्र समाविष्ट हैं। वे १८०० ग्रन्थ हैं जैसे कि श्री समाज आदि। निर्देश संगीति से समस्त मूलतन्त्रराजों की देशना हुए है जैसे २५०० श्री समाज आदि। इस प्रकार प्रत्युद्देश के द्वारा लघुतन्त्रों में पञ्जिका की रचना की गई है। यहाँ पर निर्देश एवं प्रतिनिर्देश दोनों भी अभीष्ट हैं - स्वीकृत हैं। अतएव मूलतन्त्रों में पञ्जिका है। तथा महोद्देश के द्वारा लघुतन्त्रों में टीका लिखी गई है। यहाँ पर निर्देश शब्द से महानिर्देश का बोध करना चाहिए। महानिर्देश से मूलतन्त्र में टीका कहा गया है। वह फिर संगीति ही है। पञ्जिका टीका भी तीन हैं। **अभिज्ञा** लाभियों के द्वारा इस वाक्य से दिव्य चक्षु, दिव्य श्रोत्र, परचित्तज्ञान, स्वपर-पूर्वनिवास, अनुस्मृति, आकाशगमन आदि ऋद्धि प्रास सिद्धों के द्वारा ही करना चाहिए यह कहा गया है। पण्डितों को नहीं करना चाहिए इसका अर्थ है- शुष्क तर्क एवं उनके अभ्यास के द्वारा जिनके चित्तसन्तति निरस हुई है और चित्तों के द्वारा ज्ञातव्य अध्यात्म ध्यान रहित पण्डितों के लिए यह नहीं है ऐसा कहा गया है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एवं षट्कोटिभिः शुद्धं वज्रयोगैश्चतुर्विधैः।
चतुःसम्बोधिभिः स्कन्धधात्वायतनषट्कुलैः॥ ८॥
पटलैः पञ्चभिः शुद्धं लोकधात्वादिकैर्मतैः।
सत्याभ्यामादिबुद्धं स्यात् कालचक्राभिधानकम्॥ ९॥

इस प्रकार ६ प्रकार के उद्देशों के द्वारा शुद्ध, चार वज्रयोगों से भी शुद्ध साथ ही चार सम्बोधियों से भी शुद्ध तथा स्कन्ध धातु आयतन आदि षट् कुलों से युक्त, पाँच पटलों से सुशोभित लोकधातुओं से तथा लौकिक एवं लोकोत्तर सत्यों से पूर्ण आदि बुद्ध नामक कालचक्र तन्त्र का उपदेश करता हूँ॥

एवम् इत्युक्तक्रमेण षट्कोटिभिः षड्विधैरुद्देशादिभिः शुद्धं परिशुद्धमिदम् आदिबुद्धतन्त्रं कालचक्राभिधानकं स्याद् इति वक्ष्यमाणेन सम्बन्धः। एवं वज्रयोगैश्चतुर्विधैः। शुद्धम् इति सर्वत्र सम्बध्यते। विशुद्ध-धर्ममन्त्रसंस्थानात्मकैर् वज्रयोगैः शून्यतानिमित्ताप्रणिहितानभिसंस्कार-विमोक्षण करुणामैत्रीमुदितोपेक्षाब्रह्मविहारैः सह क्रमात् समरसीभावरूपैर् दुर्वाररागमलावलिप्तोभयेन्द्रियात्मकतुर्यातमोऽभिभूतसुषुप्तप्राणोत्पादित-सदसत्स्वप्नानेकविकल्पभावसंज्ञात्मकजाग्रदवस्थाध्वंसकैः सहजधर्म-सम्भोगनिर्माणकायरूपैः।

इस प्रकार के क्रम द्वारा ६ प्रकार के उद्देश आदि से परिशुद्ध आदि बुद्धतन्त्र जो कालचक्र के नाम से प्रसिद्ध है ऐसा आगे वर्णन किये जाने वाले से सम्बद्ध जानना चाहिए। इसी प्रकार चार वज्र योगों द्वारा भी अतिशुद्ध है ऐसा जानना चाहिए। वज्रयोग से तात्पर्य है विशुद्ध-धर्म, मन्त्र संस्थानात्मक जो शून्यता के लिए अप्रणिहित असंस्कृत विमोक्ष के साधनभूत मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा रूप चार ब्रह्मविहारों से क्रमशः एकीभाव होकर अति कठिन मलों से लिप्त हुए उभय इन्द्रियरूप नीच अन्धकारों से ढके हुए एवं सुषुप्त हुए प्राणों वाले तथा सत् एवं असत् स्वप्नरूप अनेक विकल्प रूप संज्ञाओं से अभिभूत जाग्रत अवस्था के नाशक सहज स्वरूपयुक्त धर्मकाय, सम्भोगकाय तथा निर्माण कायरूपों के धारक चार वज्रयोगों से जो जगत् का कल्याण करते हैं– यही अर्थ है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तत्र स्वभावाभावतः शून्यम्। तस्य शून्यस्य भावः शून्यता। इहातीतानागतं ज्ञेयं शून्यम्। तस्य दर्शनं भावः शून्यता गम्भीरोदारा। अतीतानागताभावाद् गम्भीरा। अतीतानागतदर्शनादुदारा। तयोपलक्षितं तद्ग्राहकं वा ज्ञानं शून्यताविमोक्षः। तेन विशुद्धं तुर्यावस्थाक्षयादक्षरं महासुखम्। कं सुखं तद्रुणद्धीति करुणालक्षणं ज्ञानवज्रम्। स एव सहजकायः प्रज्ञोपायात्मको विशुद्धो योग इत्युच्यते।

यहाँ स्वभाव और अभाव दोनों से शून्य है। उसी का भावरूप शून्यता है। यहाँ अतीत अनागत दोनों शून्य हैं। उसका दर्शन और भाव भी शून्यता है जो गंभीर और उदार है। अतीत और अनागत न होने से गंभीर है। अतीत और अनागतों के दर्शन के कारण उदार है। उससे उपलक्षित या उस का ग्राहक ज्ञान ही शून्यता विमोक्षक है। उससे विशुद्ध तुरीय अवस्था के अक्षय होने से अक्षर है वही महासुख भी है। क सुख है उसे रुन्धन करने से वह करुणा लक्षणात्मक ज्ञानवज्र है। वही सहज काय है, जो प्रज्ञोपायरूप विशुद्ध योग कहा जाता है।

निमित्तं बुद्धे बोधिरित्यादिविकल्पचित्तहेतुः। शून्यत्वादेव हेत्वभावः। ततो न विद्यते निमित्तं यस्य तदनिमित्तं ज्ञानमनिमित्तविमोक्षः। तेन विशुद्धं सुषुप्तक्षयान्नित्यानित्यादिद्वयरहितं मैत्र्यात्मकं कायद्वयस्फरणैर्जगदर्थकारि निर्विकल्पात्मकं चित्तं चित्तवज्रम्। स एव धर्मकायः प्रज्ञोपायात्मको धर्मात्मा योग इत्युच्यते।

उसमें निमित्त बुद्ध हैं बोधि आदि विकल्पात्मक चित्त के हेतु हैं। शून्यता के कारण हेतु का अभाव है। जिसे कोई निमित्त नहीं बनता इसी से वह ज्ञान अनिमित्त तथा विमोक्षात्मक है। इसी कारण विशुद्ध, सुषुप्तक्षय होने से नित्य और अनित्य आदि द्वयरहित मैत्रीरूप कायद्वय स्फरण से जगत् अर्थकारक निर्विकल्पात्मक चित्त ही चित्तवज्र है। वही धर्मकाय है प्रज्ञोपायात्मक धर्मात्मा योग ऐसा कहा गया है।

अनिमित्तादेव तर्काभावः। अतर्कादप्रणिहितम्। प्रणिधानं सम्बुद्धोऽहं भवामीत्यादिकं न विद्यते यस्य तदप्रणिहितविमोक्षः। तेन विशुद्धः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वप्नक्षयादक्षयो ऽनाहतो ध्वनिः सर्वसत्त्वरुतात्मको मन्त्रो मुदितालक्षणः सर्वसत्त्वरुतैः सर्वसत्त्वानां मोदनात्। मनसस्त्राणभूतत्वाच्च मन्त्रो वाग्वज्रम्। स एव सम्भोगकायः प्रज्ञोपायात्मको मन्त्रयोग इत्युच्यते।

निमित्तों के न होने से तर्काभाव है। अतर्क से अप्रणिहित है। प्रणिधान का अर्थ है मैं सम्बुद्ध हो जाऊँ। जिसे ऐसी भावना न होने से वही अप्रणिहित विमोक्ष है। उससे शुद्ध, स्वप्नों के क्षय होने से अक्षय-अनाहत ध्वनि ऊँकारात्मक सर्व प्राणियों के उच्चारणात्मक मन्त्र मुदिता लक्षण है क्योंकि सभी सत्त्वों के द्वारा उच्चरित होने से सभी प्राणियों के मोद-आनन्द के लिए हुआ है। मन के रक्षक होने से भी वह मन्त्र वाग्वज्र कहलाता है। वही सम्भोग काय है और प्रज्ञोपायात्मक मन्त्रयोग ऐसा कहा गया है।

प्रणिधानाभावान्न विद्यते ऽभिसंस्कारः सितरक्तप्राणायामविज्ञान-लक्षणो यस्यासावनभिसंस्कारविमोक्षः। तेन विशुद्धो जाग्रद-वस्थाक्षयात् स्फारितानन्तानन्तनिर्माणकायैः क्लेशप्रतिपक्षमार्गोपनायको रौद्रसराग-शान्तादिरूपैरसङ्कीर्ण उपेक्षात्मकः कायवज्रः। स एव निर्माणकायः प्रज्ञोपायात्मकः संस्थानयोग इति।

प्रणिधान के अभाव से उसमें अभिसंस्कार नहीं है। जिसमें सफेद, लाल आदि प्राणायाम विज्ञान लक्षण जिसके हैं उसे ही अनभिसंस्कार विमोक्ष कहा गया है। उससे विशुद्ध हुआ और जाग्रद् अवस्था के क्षय होने से अनन्त-अनन्त निर्माण कायों के प्रकाश या उद्‌भव होने से क्लेश के विनाशक मार्ग के उद्‌घोषण रौद्र राग से युक्त शान्त आदि स्वरूपों से सङ्कीर्ण उपेक्षात्मक कायवज्र है। वही निर्माण काय है तथा प्रज्ञोपायात्मक संस्थान योग भी कहा गया है।

तदुक्तं विमलप्रभायां प्रथमश्लोकव्याख्याने– स एव सहजकायः शून्यताविमोक्षविशुद्धो ज्ञानवज्रः सर्वज्ञः प्रज्ञोपायात्मको विशुद्धयोग इति। स एव धर्मकायो ऽनिमित्तविमोक्षविशुद्धं चित्तवज्रं ज्ञानकायः प्रज्ञोपायात्मको धर्मात्मा योग इत्युक्तः। स एव सम्भोगकायो ऽप्रणिहितविमोक्षविशुद्धं वाग्वज्रं दिनकरवपुः प्रज्ञोपायात्मको मन्त्रयोग इत्युक्तः। स एव निर्माण-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कायोऽनभिसंस्कारविमोक्षविशुद्धं कायवज्रं पद्मपत्रायताक्षः प्रज्ञोपायात्मकः संस्थानयोग इत्युक्त इति।

इसे ही विमल प्रभा में, प्रथम श्लोक के व्याख्यान क्रम में कहा है- वही सहजकाय है वही शून्यता विमोक्ष विशुद्ध, ज्ञानवज्र, सर्वज्ञ, प्रज्ञोपायात्मक विशुद्ध योग भी है। वही धर्मकाय, अनिमित्त, विमोक्ष विशुद्ध चित्तवज्र, ज्ञानकाय प्रज्ञोपायात्मक धर्मात्मा योग यह कहा गया है। वही सम्भोगकाय - अप्रणिहित विमोक्ष विशुद्ध, वाग्वज्र, दिनकर = सूर्य सदृश शरीरधारक प्रज्ञोपायात्मक मन्त्रयोग ऐसा कहा गया है। वही निर्माणकाय, अनभिसंस्कार, विमोक्ष, विशुद्ध, कायवज्र, पद्मपत्रायताक्ष, प्रज्ञोपायात्मक है संस्थान योग द्वारा ऐसा कहा गया है।

चतुःसम्बोधिभिर् इति। एकक्षणपञ्चाकारविंशत्याकारमायाजालाभिसम्बोधिलक्षणैः। तत्र गर्भजोत्पत्तिक्रमेण मातापित्रोरुभयबिन्दुसमरसीभूतस्य मातृगुह्यचक्र उत्पित्सोरालयविज्ञानस्य यैकक्षणं केवलसुखसंवित्तिः कायश्च रोहितमत्स्यवदेकाकारः सैकक्षणाभिसम्बोधिः। यदा तु तस्य गर्भगतस्यैव रूपादिवासनात्मकपञ्चज्ञानसंवित्तिः कूर्मवद्विनिर्गतपञ्चस्फोटकाकारस् तदा पञ्चाकाराभिसम्बोधिः। ततः प्रतिस्वं पञ्चज्ञानानां यदा पृथिव्यादिचतुर्धातुवासनाभेदः कायोऽपि विंशत्यङ्गुलीपरिपूर्णः, तदा विंशत्याकाराभिसम्बोधिः। ततो गर्भाद्विनिर्गतो मायाजालवदनन्तभावसंवित्तिर्मायाजालाभिसम्बोधिः।

चार सम्बोधियों के द्वारा का अर्थ है - एक क्षण-पञ्चाकार विंशति आकारात्मक मायाजाल सम्बोधि लक्षणों के द्वारा। उसमें गर्भ से ही उत्पन्न होने के क्रम से माता पिता के बीजों के समरस होकर माता के गुह्य चक्र में रहने के इच्छा रूप आलय विज्ञान का जो एक क्षण है केवल सुख का अनुभव है, वही काय है। रोहित मत्स्य के सदृश आकृति वाला वह एक क्षणात्मक सम्बोधि है। जब वह उस गर्भ में है उसके रूप आदि वासनात्मक पञ्च ज्ञान बोध होता हुआ कछुवे के तरह निकले हुए पाँच स्फोट के आकार (शब्द उच्चारण) रूप है वही पञ्चाकार अभिसम्बोधि कहलाता है। उससे प्रत्येक स्वर के साथ पाँच ज्ञानों के पृथिवी आदि चतुर्धातु वासना भेद रूप काय भी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

२० अंगुलियों से परिपूर्ण या परिमाणात्मक होता है तब वह विंशति आकारात्मक सम्बोधि कहलाता है। उस समय, गर्भ से निकला हुआ मायाजाल के तरह अनन्त भावों के ज्ञान से मायाजाल सम्बोधि कहा जाता है।

एतद्वैधर्म्येण शुद्धज्ञानविज्ञानात्मको ऽच्युतो बिन्दुः स्वाभाविक-कायो ज्ञानवज्रयोगो वज्रसत्त्वः सर्वार्थदर्श्येकक्षणाभिसम्बुद्धत्वात्। एकक्षणाभिसम्बोधिः। इह षट्शताधिकैकविंशतिसहस्रश्वासपरिपूरि-लक्षणा श्वासचक्रक्षयात्। मूलतन्त्रे ऽपि–

जन्मस्थानं जिनेन्द्राणामेकस्मिन्समयेऽक्षरे।
महाप्राणे स्थिते चित्ते प्राणवाते क्षयङ्गते॥
दिव्येन्द्रिये समुद्भूते नष्टे मांसेन्द्रिये गणे।
प्राकृतायतने नष्टे दिव्यायतनदर्शने॥
सर्वं पश्यामि राजेन्द्र अदृष्टं नास्ति मे सदा॥ इति

इससे उल्टा करने पर शुद्ध ज्ञान विज्ञानात्मक अच्युत बिन्दु स्वाभाविक काय ही ज्ञानवज्रयोग वज्रसत्त्व सर्वार्थदर्शी है एक क्षण में ही अभिसम्बुद्ध हाने से। एक क्षण का अभिसम्बोधि है क्योंकि यहाँ पर २१ हजार ६०० श्वासों के परिपूर्ण होने से तथा श्वासचक्रों के क्षय होने से। मूलतन्त्र में भी कहा गया है–

एक सिद्धान्त में, जो अक्षरात्मक है, महाप्राण में चित्त अवस्थित होने से, प्राणवायु क्षय (रुद्ध) होने से, दिव्य इन्द्रिय प्रकट होने पर, मांसेन्द्रिय निरुद्ध होने पर, प्राकृत शरीर शान्त होने पर, दिव्य दृष्टि प्राप्त होने पर भगवान् का जन्मस्थान या बुद्धत्व प्रकट होता है, उसमें हे राजन् सब कुछ, देखता हूँ, मेरे लिए कुछ भी अदृश्य नहीं है – इस प्रकार का बोध होता है। इति।

स एव धर्मकायश्चित्तवज्रयोगो महासत्त्वः परमाक्षरसुखः पञ्चा-काराभिसम्बुद्धत्वात्। पञ्चाकाराभिसम्बोधिः। इहादर्शादिपञ्चज्ञानलक्षणा पृथिव्यादिधातुरूपादिपञ्चस्कन्धप्रज्ञोपायात्मकपञ्चमण्डलनिरोधस्वभावत्वात्। स एव सम्भोगकायो वाग्वज्रयोगो बोधिसत्त्वो द्वादशाकारसत्यार्थो बोधिसत्त्वानुग्राहकः सर्वसत्त्वरुतैर्धर्मदेशको विंशत्याकाराभिसम्बुद्धत्वात्। विंशत्याकाराभिसम्बोधिः। इह पञ्चेन्द्रियपञ्चविषयपञ्चकर्मेन्द्रियपञ्च-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कर्मेन्द्रियक्रियानिरावरणलक्षणा द्वादशसंक्रान्तिनिरोधसद्भावाद्विज्ञेया। स एव निर्माणकायः कायवज्रयोगः समयसत्त्वः षोडशाकारतत्त्वविद् देवाद्यनुग्राहको ऽनन्तमायाजालैः स्फारितकायो मायाजालाभिसम्बुद्धत्वात्। मायाजालाभिसम्बोधिः। इह युगपदनन्तापर्यन्तनानामायानिर्माणलक्षणा षोडशकायानन्दादिबिन्दुनिरोधाद्विज्ञातव्येति। उत्पन्नक्रमेण तु धूमादिदशनिमित्तानां मृदुमध्याधिमात्राधिमात्राधिमात्रभेदेन चतस्त्रः प्रतिपत्तयः।

पञ्चकारात्मक अभि सम्बोधि के कारण वही धर्मकाय, चित्तवज्रयोग, महासत्त्व, परमाक्षर सुख है। पञ्चकाराभिसम्बोधि से यहाँ तात्पर्य है आदर्श आदि पञ्च ज्ञान लक्षणात्मक, पृथिवी आदि धातुरूप आदि पञ्चस्कन्धात्मक प्रज्ञोपायभूत पञ्चमण्डल निरोध स्वभाव वाले होने से। वही संभोगकाय है, वाग्वज्र योग है, बोधिसत्त्व है, द्वादशाकार सत्यार्थ है, बोधिसत्त्वानुग्राहक, सभी प्राणियों से उच्चरित धर्म का उपदेशक है जो विंशति-आकार से सम्बुद्ध हुआ है। विंशति आकार से सम्बुद्ध का तात्पर्य है - पञ्च इन्द्रिय, पञ्च विषय, पञ्च कर्मेन्द्रिय, पञ्च कर्मेन्द्रिय क्रिया निरावरण लक्षणात्मक द्वादश सङ्क्रान्ति के निरोध के होने से जानना चाहिए। वही निर्माणकाय कायवज्रयोग, समय सत्त्व, षोडशाकार तत्त्वविद्, देवादि अनुग्राहक अनन्त माया जालों से प्रकाशित शरीर वाला है क्योंकि मायाजालों से अभिसम्बुद्ध है। मायाजालाभिसम्बोधि का तात्पर्य है एक साथ अनन्त और असीम माया निर्मित अनेक लक्षणात्मक १६ कायानन्द बिन्दु निरोधों से यह ज्ञातव्य है। उत्पन्न क्रम से धूम आदि दश निमित्तों का मृदु, मध्य, अधिमात्रा, अधिमात्राधिमात्र भेदों से चार ज्ञान होते हैं।

स्कन्धै रूपसंज्ञावेदनासंस्कारविज्ञानज्ञानलक्षणैः। धातुभिः पृथिवीतोयतेजोवाय्वाकाशज्ञानैः। आयतनैः कायजिह्वाचक्षुर्घ्राणश्रोत्रमनोगन्धरूपरसस्पर्शशब्दधर्मधातुभिः। बहुवचनात् पायुपादपाणिवागुपस्थशङ्खिनीविडुत्सर्गगत्यादानालापमूत्रस्त्रावशुक्रच्युतिभिः। एतैर्वैरोचनादिविशुद्धैः प्रत्येकं षट्कुलैः। लोकधात्वध्यात्माभिषेकसाधनाज्ञानाख्यैः पञ्चपटलैर् भाजनलोकसत्त्वलोकसत्त्वशोधनलौकिकसिद्धिसाधनपरमाक्षरज्ञानार्थप्रकाशकैः। सत्याभ्यां लौकिकलोकोत्तराभ्याम्। आदिशब्दो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ऽनादिनिधनार्थः। अविपरीतान् सर्वधर्मान् बुद्धवानिति बुद्धः। आदिश्चासौ बुद्धश्चादिबुद्धः। उत्पादव्ययरहितः सर्वज्ञ इत्यर्थः। नामसङ्गीतौ च–

स्कन्ध का अर्थ – रूप, संज्ञा, वेदना, संस्कार, विज्ञान स्कन्धों के द्वारा है। धातु से – पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश धातुओं से है। आयतन – काय, जिह्वा, चक्षु, घ्राण, श्रोत्र, मनस्, गन्ध, रूप, रस, स्पर्श, शब्द, धर्मधातुओं से है। बहुवचन से अन्य, लिङ्ग, योनि, पैर, हाथ, वचन, गुदद्वार और इनके अपने अपने कर्मो का संकेत किया गया है। यह सब वैरोचन आदि विशुद्ध षट् कुल क्रम से है। पटलों का अर्थ है - लोकधातु - आध्यात्मिक - अभिषेक – साधन – ज्ञान नाम वाले पटलों से है। तथा भाजन–सत्त्व, लोकसत्त्व, शोधन, लौकिक सिद्धि, साधन, परमाक्षर ज्ञानों के अर्थ प्रकाशक कहे गए हैं। दो सत्यों से लौकिक एवं लोकोत्तर सत्यों से है। आदि शब्द अनादि अर्थ के लिए है। सभी धर्मों के यथार्थ स्वरूप को जानने से वे बुद्ध हैं। आदि होने से आदि बुद्ध हैं। जन्म मृत्यु रहित होने से सर्वज्ञ हैं। नाम संगीति में भी कहा गया है–

अनादिनिधनो बुद्ध आदिबुद्धो निरन्वयः॥ इति ।

अनादिनिधन–जन्म–मृत्युरहित बुद्ध ही आदि बुद्ध हैं जो अन्वय–वंश रहित हैं।

करुणा शून्यतामूर्तिः कालः संवृतिरूपिणी।
शून्यता चक्रमित्युक्तं कालचक्रो ऽद्वयो ऽक्षरः॥
एकैकाक्षरसंज्ञया वा।

करुणा शून्यतामूर्ति है, वह मूर्ति काल रूप है वही संवृत्ति–सत्य भी है। शून्यता को ही चक्र कहा गया है। और वह कालचक्र अद्वयरूप तथा अक्षर तत्त्व है। अथवा एक एक अक्षर संज्ञा से भी यही है –

काकारात् कारणे शान्ते लकाराच्च लयो ऽत्र वै।
चकाराच्चलचित्तस्य क्रकारात् क्रमबन्धनैः॥

अस्यायमर्थः। कारणं बोधिचित्तकाय इत्युक्तं शान्तं जाग्रदवस्था–क्षयेण विकल्परहितं कायबिन्दुनिरोधाल्ललाटे निर्माणकायः। एवं सति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वप्नावस्थाक्षयात्मकः प्राणस्य लयो वाग्बिन्दुनिरोधात् कण्ठे सम्भोगकायः। जाग्रत्स्वप्नावस्थायां शब्दादिविषयान् विचरच्चलं च्युतिधर्मकं तमोऽभिभूतं चित्तमष्टादशधातुविकारापन्नम्। तस्य बन्धस्तमोऽपगमः सुषुप्तक्षयश्चित्त-बिन्दुनिरोधाद्धृदये धर्मकायः। कुत एतदाह– क्रकारादिति। क्रमः कायादि-बिन्दूनां च्यवनम्। तस्य बन्धः सहजसुखेन तुर्यावस्थाक्षयः। क्षयगतज्ञान-बिन्दुनिरोधान्नाभौ सहजकाय इति चतुःकायात्मकः। स एव कालचक्रो भगवान् प्रज्ञोपायात्मको ज्ञानज्ञेयसम्बन्धेनोक्तः। यथाक्षरसुखज्ञानम् सर्वावरणक्षयहेतुभूतं काल इत्युक्तम्। उपायः करुणात्मकः षडभिज्ञात्मा। ज्ञेयाकारं जगच्चक्रं ज्ञेयं त्रैधातुकमनन्तभावलक्षणं चक्रम्। तदेव प्रज्ञा शून्यतात्मिका सर्वाकारात्मिका। अनयोरेकत्वं कालचक्रम् इत्युक्तम्। श्रीकालचक्रेऽपि–

क कार का अर्थ कारण के शान्त होने पर, **ल** कार से लय का बोध होता है, **च** कार से चञ्चल चित्त का **क्र** कार से क्रमपूर्वक निरोध का बोध होता है। इसका यह अर्थ है–

कारण से तात्पर्य है– बोधिचित्तकाय ऐसा कहा है, शान्त जाग्रत अवस्था के क्षय होने से विकल्परहित काय बिन्दु निरोध से ललाट में निर्माणकाय स्थित है। ऐसा होने पर स्वप्नावस्था के क्षय होने से प्राण का लय, वाग्बिन्दु के निरोध से कण्ठ में संभोग काय का स्थान है। जाग्रत् एवं स्वप्नावस्था में शब्द आदि विषयों के विचरण होने से चलनात्मक च्युतिधर्मयुक्त, तम से ढके हुए, अष्टादश धातुओं के विकार से युक्त चित्त है। उसके बन्धन ही तमस् का निराकरणात्क सुषुप्तिके क्षय होने से बिन्दु निरोध द्वारा हृदय में धर्मकाय का स्थान है। यह कहाँ से कैसे कहा गया है? **क्र** कार से। **क्रम** का अर्थ है काय आदि बिन्दुओं का क्षरण है। उसका बन्ध सहज सुखों से तुर्यावस्था का क्षय होना है। क्षरण होने से ज्ञान बिन्दु का निरोध होता है। अतएव नाभि में सहज काय का स्थान है, इस प्रकार चार कायात्मक कहा गया है। वही कालचक्र भगवान् प्रज्ञोपायात्मक ज्ञान ज्ञेय सम्बन्ध में कहा गया है। जैसा कि अक्षर सुख ज्ञान, सर्वावरणक्षय हेतु भूतकाल है ऐसा कहा गया। उपाय करुणात्मक है जो षड् अभिज्ञारूप है। ज्ञेयाकार - जगत् चक्र है, वही ज्ञेय है, त्रैधातुक अनन्त भाव लक्षणचक्र है। वही प्रज्ञा शून्यतारूप है तथा सर्वाकारात्मक भी है। इन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दोनों की एकरूपता ही कालचक्र कहा गया है। इसी बात को श्रीकालचक्र में भी कहा है–

बुद्धक्षेत्राण्यनन्तान्यपरिमितगुणा धातवश्चाम्बराद्याः
स्थित्युत्पत्ती विनाशस्त्रिविध इह भवः षड्गतौ सर्वसत्त्वाः।
बुद्धाः क्रोधाः सुराद्याः सकरुणहृदया बोधिसत्त्वाः सभार्या
एतच्चक्रं जिनस्य त्रिभुवननमितस्यैवक्रमेकस्य शम्भोः॥ इति॥

बुद्ध क्षेत्र अनन्त हैं अपरिमित गुणों से युक्त आकाश आदि धातु भी हैं। स्थिति और उत्पत्ति तथा लय भी इस संसार का तीन प्रकार से प्रसिद्ध है। ६ गतियाँ हैं– उन्हीं में सारे प्राणी अवस्थित हैं। बुद्ध, क्रोध आदि देवता जो करुणा से आप्लावित हैं तथा बोधिसत्त्व भी अपनी अपनी शक्तियों से संयुक्त ही हैं। यही भगवान् जिन, जो सुखकारक हैं, एक हैं, जिन्हें तीनों लोकों के प्राणी नमस्कार करते हैं, उन्हीं का यह चक्र - कालचक्र है।

इति श्रीनारोपापादविरचितायां कालचक्रतन्त्रस्य
सेकोद्देशटीकायामुपक्रमप्रकरणं समाप्तम्।

उपक्रम प्रकरण पूरा हुआ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ द्वितीयं दीक्षाप्रकरणम्

दीक्षा प्रकरण

आदौ सप्ताभिषेको यो बालानामवतारणम्।
त्रिविधो लोकसंवृत्या चतुर्थः परमार्थतः॥ १॥
सत्यद्वयेन धर्माणां देशना वज्रिणो मम।
लोकसंवृतिसत्येन सत्येन परमार्थतः॥ २॥

सामान्य जनों के अवबोध के लिए सर्वप्रथम सप्ताभिषेक की व्याख्या करते हैं। वह अभिषेक लोकसंवृति से तीन प्रकार का है चौथा परमार्थसंवृति से उपदिष्ट है। दोनों संवृतियों से अर्थात् लोक और परमार्थ से बुद्ध ने धर्मों की देशना की है। लौकिक विषय लोकसंवृति से तथा अलौकिक विषय परमार्थ सत्य से अभिव्यक्त हुए हैं॥

आदावित्यादि श्लोकद्वयं स्पष्टम्।
इदानीं सप्तसेकानुद्दिशत्युदकम् इत्यादिना–

वे दोनों ही श्लोक स्पष्ट हैं। अब सप्त अभिषेकों के व्याख्या के लिए निम्न श्लोकों को अवतरित कर रहे हैं–

उदकं मुकुटः पट्टो वज्रघण्टा महाव्रतम्।
नामानुज्ञासमायुक्तः सेकः सप्तविधो नृप॥ ३॥

जल, मुकुट, वस्त्र, वज्रघण्टा, महाव्रत, नाम और अनुज्ञा वे ही सप्त सेक कहे गए हैं॥

कायवाक्चित्तसंशुद्धिरभिषेकद्वयं द्वयम्।
अनुज्ञा ज्ञानशुद्धिः स्याद्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

काय वाक् और चित्तों की विशुद्धि ही दो अभिषेक कहे गए हैं। अनुज्ञा ही ज्ञान शुद्धि है। (धातु आदि की शुद्धि द्वारा अन्यों की सिद्धि कही गई हैं)॥

इहाश्रुततन्त्रत्वादव्युत्पन्नधियामादिकर्मिकाणां व्युत्पादनाय श्रीतन्त्राद्विमलप्रभायाश्च सप्तसेकादिविधानं किञ्चिदवतार्यते।

यहाँ तन्त्रों के ज्ञान से रहित सामान्य बुद्धियुक्त साधकों के ज्ञान के लिए श्रीतन्त्र और श्रीकालचक्रतन्त्रान्तर्गत विमलप्रभाटीका आदि से सप्तविध अभिषेकों का वर्णन किया जाता है।

तत्र तावत् प्रथमं शिष्यरक्षाविधिरुच्यते –

सर्व प्रथम शिष्यों की रक्षाविधि का अवतरण करते हैं –

कृत्वा शिष्यस्य रक्षां शिरसि हृदि तथोष्णीषनाभौ च कण्ठे
श्रीगुह्याब्जे जिनाद्यैरुभयकुलगतैः कायवाक्चित्तभिन्नैः।
एवं लेपादिकानां प्रकटितनियतैः श्रीस्वरैः पुस्तकानां
सत्त्वानां मोक्षहेतोरमुकमपि विभोर्मण्डलं वर्तयामि॥

शिष्यों के शिर, हृदय, सहस्रार, कण्ठ, मूलाधार आदि स्थलों में रक्षा करने के बाद वह भी दोनों कुलों में संयुक्त जो काय, वाक् और चित्तों से अभिन्न तत्त्वों के द्वारा, इसी प्रकार लेप आदि कृत्यों का जो, आशयों को प्रकट कर चुके हैं जिन्हें कालचक्र के पुस्तक और दीक्षाविधि के प्रति श्रद्धा है, उन्हें मुक्ति के लिए विशिष्ट मण्डल की व्याख्या करता हूँ।

इह प्रथमं शिष्यादे रक्षां कृत्वा पश्चात् संग्रहेच्छिष्यादिकम्। अत्र जिनाद्यैर्देवतीभिरुभयकुलगतै रक्षां शिरसि ऊकारं हृदय ईकारमुष्णीष आकारं नाभौ लृकारं कण्ठे ऋकारं गुह्ये आःकारमिति। उभयकुलगतैः कायवाक्चित्तभिन्नैरिति। एवं लेपादिकानां प्रकटितनियतैः श्रीस्वरैरिति अ इ ऋ उ लृ इति पुस्तकानां रक्षां कृत्वा ततो बुद्धानध्येषयेत्। सत्त्वानां मोक्षहेतोरमुकमपि कालचक्रभगवतो मण्डलं लेखयामि। तस्माद् बुद्धबोधिसत्त्वा अधिष्ठानं शिष्यादीनां कुर्वन्तु इत्यध्येषणानियमो रक्षानियमः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यहाँ सर्वप्रथम शिष्यों की रक्षा करने के बाद शिष्य आदि का संग्रह करना चाहिए। यहाँ जिन और देवती आदि दोनों कुलों में अवस्थित तथागतों से रक्षा करने का तात्पर्य है – शिर में ऊँ कार, हृदय में **ई** कार उष्णीष में **आ** कार नाभि में **लृ**कार, कण्ठ में **ऋ** कार, गुह्य में **आः** कारों की स्थापना करनी चाहिए। उभय कुलों में स्थित का अर्थ काय वाक् और चित्तों में स्थित है। इस प्रकार लेप आदि तत्त्वों का प्रकटित नियतों के द्वारा का तात्पर्य है श्री स्वरों के द्वारा अर्थात् – अ, इ, ऋ, उ, लृ इन वर्णों से संयुक्त पुस्तकों की रक्षा करके फिर बुद्धों का ध्यान करें। प्राणियों की रक्षा के लिए यह भगवान् काल चक्र का मण्डल बनाता हूँ यह भावना होनी चाहिए। इस प्रकार बुद्ध और बोधिसत्त्व, शिष्यों की रक्षा करें यही अध्येषणा रूप शिष्य रक्षा नियम है।

इदानीं कलशा उच्यन्ते –

अब कलशों के विषय में बताते हैं –

एवं स्फाटिक्यकुम्भा वररजतमयाः श्रीकपालायसाश्च
ताम्राख्या हेमकुम्भाः प्रकटितनियता दारजा मृण्मयाश्च॥

शान्तिके स्फाटिकाः कलशाः पुष्टौ रौप्या मारणे मनुष्यकपालान्युच्चाटने विद्वेष आयसा वश्ये सौवर्णा आकृष्टौ ताम्राः स्तम्भने मृण्मया मोहने दारुजा दशकलशाः।

शान्ति कृत्य में स्फटिक के बने हुए कलश, पुष्टि कृत्यों में चाँदी के कलश, मारण कृत्य में मनुष्यों के खोपड़ीयों के कलश, उच्चाटन और विद्वेष में लोहों के कलश, वशीकरण में ताबें के स्तम्भन में मिट्टी के, मोहन में लकड़ी के कलश – इस प्रकार दशकलश होने चाहिए।

अथ शान्तिपुष्ट्यर्थं घटलक्षणमुच्यते –

अब शान्ति और पुष्टि के लिए घड़ों के लक्षण बताते हैं –

वृत्ता द्व्यष्टाङ्गुलोक्ता द्विगुणितदशकेनोच्छ्रिता द्व्यङ्गुलोष्ठाः।
षड्ग्रीवाष्टाङ्गुलास्याः शशधरधवलाः शान्तिपुष्ट्योर्न चान्ये॥

इह कलशा गर्भे वृत्तेन द्व्यष्टाङ्गुलोक्ताः षोडशाङ्गुला उक्ताः। द्विगुणितदशकेनोच्छ्रिता इत्यधः कलशगर्भान् मुखोष्ठान्ता विंशत्यङ्गुला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उच्छ्रेयेणेति। द्व्यङ्गुलोष्ठा इति द्व्यङ्गुलावोष्ठौ लम्बमानौ येषां ते द्व्यङ्गुलोष्ठाः। मुखादवधेः षडङ्गुलग्रीवाः। अष्टाङ्गुलास्या ओष्ठादोष्ठान्तं मुखमष्टाङ्गुलम्। भागत्रयं कृत्वा भागद्वयेन कण्ठरन्ध्रं भागैकेनोष्ठद्वयायामः। ते च शशधर-धवलाः शान्तिपुष्ट्योर्न चान्ये घटाः स्युरिति। स्फाटिक्यरौप्यघटानामभावे मृण्मया अकालमूलकलशाः शालिपिष्टकेन चन्दनेन वालिप्य धवलाः कर्तव्याः। तथा मूलतन्त्रे ऽपि भगवतोक्तम्— मारणे नरकपालानि श्मशाना-ङ्गारचूर्णेन नरवसयालिप्य कृष्णानि कारयेद् इति। उच्चाटने विद्वेषे दीर्घग्रीवा अष्टाङ्गुलवक्त्राः कृशाङ्गा वृत्तेन द्वादशाङ्गुला उच्छ्रयेण चतुर्विंशत्यङ्गुला अङ्गुलैकोष्ठाः षडङ्गुलास्या इति। वश्याकर्षणे तु यथा शिल्पिना घटिता लोकव्यवहारेणेति। स्तम्भने खर्वा वृतोच्छ्रयेण तुल्याः षोडशाङ्गुलाश् चतुरङ्गुलग्रीवाः षडङ्गुलास्याः स्थूलोष्ठा अङ्गुलद्वयेनेति। सर्वकर्मणि शान्त्यादिवश्यादिकर्मण्युक्ता ग्राह्या इति कलशनियमः।

यहाँ कलश अन्दर ढके हुए अवस्थों में १२ अङ्गुल और खुले हुए अवस्था में १६ अङ्गुल होते हैं। २० अङ्गुल परिमाणों में ऊँचे इस प्रकार नीचे की ओर कलश के गर्भों को मुख या ओष्ठ पर्यन्त २० अङ्गुल लंबे कहा गया है। दो अङ्गुलों का अर्थ है दो अंगुल लंबे होंठ हैं जिनके यह कहा गया है। मुख तक - ग्रीवा (घाँटी) ६ अङ्गुली के बराबर होने चाहिए। एक होठ से दूसरे होठ तक मुख का मापन आठ अङ्गुल कहा गया है। तीन भाग करके दो भागों से कण्ठ छिद्र को कटा और एक भाग से दो होठों के लिए कहा है। वे चन्द्रमा के तरह ही सफेद होने चाहिए जिससे शान्ति और पुष्टि कृत्य किए जाते हैं वे ही घड़े हैं। स्फ़टिक और चाँदी के घड़े उपलब्ध न होने पर मिट्टी के ही घड़े बनवाकर शालिधान (चावल) के आटे से सफेद करने चाहिए अथवा चन्दन से भी किया जा सकता है। इसे ही मूलतन्त्र में भी भगवान् ने कहा है - मारण में नरकपाल तथा श्मशान के काले अङ्गारों के चूर्ण से मनुष्य के वसा से आलिप्त कर काले करने चाहिए। उच्चाटन में, विद्वेष में लम्बी ग्रीवा युक्त आठ अङ्गुल बराबर घाँटी, पतले शरीर, वृत्त में १२ अंगुल, उपर ऊँचाई में २४ अंगुली, छह अंगुली बराबर होंठ होने चाहिए। वश्यकृत्य तथा आकर्षण कृत्य में जैसे शिल्पी के द्वारा बनाए जाते हैं- वे लोक व्यवहार में जैसे प्रसिद्ध होते हैं वैसा ही करें। स्तम्भन कार्य में छोटे, मोटाइ और चौड़ाई में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बराबर होने चाहिए। १६ अङ्गुलीयुक्त, चार अंगुली बराबर घाँटी, ६ अंगुल के बराबर मोटे मुख तथा दो अंगुल बराबर होठ होने चाहिए। सभी कर्मों में शान्ति – वश्यादि कर्मों में कहे हुए कलश ही ग्राह्य हैं यही कलश नियम है।

ततो वज्रकलशानधिवासयेत्। तत्र मन्त्रपदानि ॐ हं हां हिं हीं हृ हॄ हुं हूं ह्लृ ह्लॄ वज्रपद्मामृतघट सुविशुद्धधर्मधातुस्वभाव सर्वधर्मान् सुविशुद्धधर्म-धातुस्वभावान् कुरु कुरु स्वाहा। मण्डलमध्ये विजयकलशं स्थापयेद् गन्धादिकं दत्त्वेति घटाधिवासनम्।

उसके बाद वज्र कलशों की पूजा करें। उसमें मन्त्र हैं – ॐ हँ हाँ हिं हीं हृ हॄ हूँ ---- कुरु कुरु स्वाहा। मण्डल के मध्य में विजय कलश को स्थापित करके गन्ध आदि देकर उसकी पूजन करना ही घटाधिवासन है।

ततः शिष्याधिवासनम्। आदौ मण्डलाध्येषणकाले मध्ये भूम्यादि-संग्रहेऽन्ते मण्डलप्रवेशकाले च सर्वत्र मण्डलं कृत्वा दन्तकाष्ठं दत्त्वा ततो रक्षां करोति। तत्रैष विधिः। स्नातस्य धौतवस्त्रस्य शान्त्यादि-कर्मानुसारेण तस्यामेव भूम्यां मण्डलं कृत्वोदुम्बरं दन्तकाष्ठं द्वादशाङ्गुलमन्यक्षीरवृक्षजं वा शिरसि पुष्पमालां बद्ध्वा गन्धादिभिरर्चयित्वा पूर्वाभिमुखस्य देयमनेन मन्त्रेण– ॐ आः हूं होः हं क्षः वज्रदन्तकाष्ठ चतुर्विमोक्षमुखविशुद्धस्वभाव कायवाक्चित्तज्ञानमुखदन्तादिमलं विशोधय विशोधय स्वाहा। इति दन्त-काष्ठं दत्त्वान्त्याधिवासने ऊर्ध्वतः क्षिप्तं मण्डले पतितं दन्तकाष्ठं लक्षयेत्। यत्र पतति तेन शिरसा तत्रस्थं कर्मप्रसरादिकं तस्य सिध्यतीति दन्तकाष्ठ-विधिः।

उसके बाद शिष्यों का अधिवास करें। सबसे पहले मण्डल के अध्येषणा के समय में भूमि आदि के संग्रह के पश्चात् जो मण्डल में प्रवेश करने का समय होता है उसी में सभी ओर मण्डल का निर्माण करके दन्तकाष्ठ उसे देकर उसकी रक्षा किया जाता है। वहाँ पर यह विधि है। स्नान करके के बाद धोती पहन कर शान्ति आदि कर्मों के अनुसार उसी भूमि में (वेदी) मण्डल बनाकर उदम्बर का दन्तधावन काष्ठ जो १२ अंगुली के बराबर है या अन्य कोई दूध निकलने वाला भी काठ हो सकता है उसे लेकर शिर में पुष्पों की

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

माला धारण करके गन्ध आदि से पूजन करके पूर्व की ओर मुँह करके इस मन्त्र से उसे यह (अधिवासन कृत्य) देना चाहिए–

आः हूँ होः हँ क्षः ---- स्वाहा। इस प्रकार दातून के काष्ठ देकर चार प्रकार के अशुद्धियों के निर्मूल हेतु उसे देने के बाद उसके वस्त्रों के उपर के भाग में दृष्टि देनी चाहिए। उस दन्तकाष्ठ को उपर की ओर आकाश में फेंकना चाहिए तत् पश्चात् जहाँ गिरता है उसी स्थान पर उसके अधिवासन आदि कृत्य करने चाहिए। इससे दन्तकाष्ठविधि पूर्ण होती है।

ततो मण्डलभूमौ शिष्यं प्रवेश्य शिरसि कण्ठे हृदि नाभावुष्णीषे गुह्ये ऊँ आः हूं होः हं क्षः षट्कुलैर्न्यासं कृत्वा वज्रसत्त्वं प्रचोदयेदेभिर्मन्त्रपदैः– ऊँ अ आ अं अः वज्रसत्त्व महासुखवज्र कालचक्र शिष्यस्याभिमुखो भव सन्तुष्टो भव वरदो भव कायवाक्चित्ताधिष्ठानं कुरु कुरु स्वाहा। इति शिष्याधिवासनविधिः॥

उसके बाद मण्डल भूमि में शिष्य को प्रवेश कराने के बाद, शिर में, घाँटी में, हृदय, नाभि, उष्णीष तथा गुह्य में ऊँ, आः, हूँ, होः, हँ, क्षः इस मन्त्र में छह प्रकार न्यास करके वज्र सत्त्व को इस मन्त्र से प्रेरित करना चाहिए – ऊँ अ आ अं अः ---- स्वाहा। यही शिष्य की अधिवासन विधि है।

इदानीं देवतार्चनमुच्यते–

अब देवता पूजन विधि बताते हैं–

रत्नैर् हेमेन्दुपुष्पैर्बहुविविधपटैर्गन्धधूपप्रदीपैर्
घण्टादर्शैर्वितानैर्विविधफलपताकादिभिर्नृत्यवाद्यैः।
कृत्वा पूजां विचित्रामपरदशविधां चात्मशक्तया यथोक्ताम्
आचार्यस्याङ्घ्रिमूले ददति वरसुतो दक्षिणां शुद्धिहेतोः॥

इह पूर्वोक्तविधानेन देवतालम्बनं कृत्वा ततो ज्ञानचक्रं समयचक्रेण सहैकीकृत्यार्घादिकं दत्त्वा पूर्वमन्त्रपदैस्ततो ऽर्चनार्थं प्रथमं गन्धं चन्दनादिकं गृहीत्वाङ्गुष्ठानामिकाभ्यां बाह्ये कृतमण्डले नायकादीनर्चयेत्। सर्वेषां नामपूर्वं प्रणवं देयम्। अर्चने सर्वकर्मणि नमो ऽन्ते नाम्नो भवति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रत्येकं कर्मणि पुष्ट्याद्यौ स्वाहान्तो वेदितव्य इति। इह सर्वकर्मण्यर्चनाय देवतानां मन्त्रपदानि। तद्यथा मूलतन्त्रे–

यहाँ पर पूर्वोक्त विधि के द्वारा ही देवता का आलम्बन करके ज्ञानचक्र को समयचक्र के साथ एक करके अर्घ्य आदि देकर पूर्व उल्लिखित मन्त्रों से उसके पूजा के लिए सर्वप्रथम गन्ध और चन्दन आदि का ग्रहण करके अंगुष्ठ और अनामिका इन दो अङ्गुलियों से बाहर बनाए हुए वेदी में नायक आदि की पूजा करें। सभी देवताओं के नाम से पहले ॐ लगाना चाहिए। पूजा के अवसर में नामों के अन्त में **नमः** लगाना चाहिए। प्रत्येक पुष्टि कर्म में स्वाहा लगाना होता है। सभी कर्मों के अवसर पर देवता पूजा के मन्त्र बताते हैं। जैसा कि मूलतन्त्र में कहा है–

ॐ बुद्धाय नमः। ॐ धर्माय नमः। ॐ सङ्घाय नमः। ॐ वज्रसत्त्वाय नमः। ॐ प्रज्ञापारमितायै नमः। ॐ स्वभाविककायाय नमः। ॐ धर्मकायाय नमः। ॐ सम्भोगकायाय नमः। ॐ निर्माणकायाय नमः। ॐ ज्ञानवज्राय नमः। ॐ चित्तवज्राय नमः। ॐ वाग्वज्राय नमः। ॐ कायवज्राय नमः। ॐ चतुर्विमोक्षेभ्यो नमः। ॐ चतुर्ब्रह्मविहारेभ्यो नमः। ॐ सप्तत्रिंशद्बोधि-पाक्षिकधर्मेभ्यो नमः। ॐ चतुरशीतिसहस्त्रधर्मस्कन्धेभ्यो नमः। ॐ सर्वधर्म-देशकेभ्यो नमः। ॐ रत्नत्रयाय नमः। ॐ शाक्यमुनये नमः। ॐ कालचक्राय नमः। ॐ दानपारमितायै नमः। ॐ शीलपारमितायै नमः। ॐ क्षान्तिपारमितायै नमः। ॐ वीर्यपारमितायै नमः। ॐ ध्यानपारमितायै नमः। ॐ प्रज्ञापारमितायै नमः। ॐ उपायपारमितायै नमः। ॐ प्रणिधानपारमितायै नमः। ॐ बलपारमितायै नमः। ॐ ज्ञानपारमितायै नमः। ॐ जयघटेभ्यो नमः। ॐ विजयघटेभ्यो नमः। ॐ सर्वचिह्नेभ्यो नमः। ॐ सर्वमुद्राभ्यो नमः। ॐ चिन्तामणये नमः। ॐ धर्मगण्डच्यै नमः। ॐ धर्मशङ्खाय नमः। ॐ कल्पवृक्षाय नमः। ॐ अक्षोभ्याय नमः। ॐ अमोघसिद्धये नमः। ॐ रत्नसम्भवाय नमः। ॐ अमिताभाय नमः। ॐ वैरोचनाय नमः। ॐ लोचनायै नमः। ॐ मामक्यै नमः। ॐ पाण्डरायै नमः। ॐ तारायै नमः। ॐ वज्रधात्वीश्वर्यै नमः। ॐ वज्रपाणये नमः। ॐ खगर्भाय नमः। ॐ क्षितिगर्भाय नमः। ॐ लोकेश्वराय नमः। ॐ सर्वनिवरणविष्कम्भिणे नमः। ॐ समन्तभद्राय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नमः। ऊँ गन्धवज्रायै नमः। ऊँ रूपवज्रायै नमः। ऊँ रसवज्रायै नमः। ऊँ स्पर्शवज्रायै नमः। ऊँ शब्दवज्रायै नमः। ऊँ धर्मधातुवज्रायै नमः। ऊँ उष्णीषाय नमः। ऊँ विघ्नान्तकाय नमः। ऊँ प्रज्ञान्तकाय नमः। ऊँ पद्मान्तकाय नमः। ऊँ यमान्तकाय नमः। ऊँ स्तम्भिन्यै नमः। ऊँ मानिन्यै नमः। ऊँ स्तोभिन्यै नमः। ऊँ अतिवीर्यायै नमः। ऊँ अतिनीलायै नमः। ऊँ सर्वधारिणीभ्यो नमः। ऊँ षडङ्गाय नमः। इति चित्तमण्डलेऽर्चनविधिः। (यही चित्तमण्डल में अर्चन विधि है।)

ततो वाङ्मण्डले। तद्यथा (अब वाणीमण्डल में पूजा करें। इस प्रकार) – ऊँ वज्रचर्चिकायै नमः। ऊँ वज्रवाराह्यै नमः। ऊँ वज्रमहेश्वर्यै नमः। ऊँ वज्रैन्द्र्यै नमः। ऊँ वज्रब्रह्माण्यै नमः। ऊँ वज्रमहालक्ष्म्यै नमः। ऊँ वज्रकौमार्यै नमः। ऊँ वज्रवैष्णव्यै नमः। ऊँ अष्टाष्टकेनचतुःषष्टि–वज्रयोगिनीभ्यो नमः। ऊँ षट्त्रिंशदिच्छाभ्यो नमः। इति वाङ्मण्डले ऽर्चनविधिः। (यही वाङ्मण्डल में पूजाविधि है)

ततः कायमण्डले। तद्यथा (अब कायमण्डल में पूजा करें। इस प्रकार) – ऊँ वज्रविष्णवे नमः। ऊँ वज्रनैर्ऋत्याय नमः। ऊँ वज्राग्नये नमः। ऊँ वज्रोदधये नमः। ऊँ वज्रेन्द्राय नमः। ऊँ वज्रेश्वराय नमः। ऊँ वज्रब्रह्मणे नमः। ऊँ वज्रविनायकाय नमः। ऊँ वज्रकार्तिकेयाय नमः। ऊँ वज्रवायवे नमः। ऊँ वज्रयमाय नमः। ऊँ वज्रयक्षेभ्यो नमः। ऊँ वज्रवारुण्यै नमः। ऊँ वज्रवायव्यै नमः। ऊँ वज्रयामिन्यै नमः। ऊँ वज्रयक्षिण्यै नमः। ऊँ महाबलाय नमः। ऊँ अचलाय नमः। ऊँ टक्किराजाय नमः। ऊँ नीलदण्डाय नमः। ऊँ सुम्भराजाय नमः। ऊँ रौद्राक्ष्यै नमः। ऊँ वज्रशङ्खलायै नमः। ऊँ चुन्दायै नमः। ऊँ भृकुट्यै नमः। ऊँ मारीच्यै नमः। ऊँ प्रत्येकमासभेदेन षष्ट्युत्तर-त्रिशतवज्रतिथिदेवीभ्यो नमः। ऊँ षट्त्रिंषत्प्रतीच्छाभ्यो नमः। ऊँ वज्रजयाय नमः। ऊँ वज्रकर्कोटकाय नमः। ऊँ वज्रवासुकये नमः। ऊँ वज्रानन्ताय नमः। ऊँ वज्रतक्षकाय नमः। ऊँ वज्रमहापद्माय नमः। ऊँ वज्रकुलिकाय नमः। ऊँ वज्रशङ्खपालाय नमः। ऊँ वज्रपद्माय नमः। ऊँ वज्रविजयाय नमः। इति कायमण्डले। (यही कायमण्डल में पूजाविधि है)

ततः श्मशानेषु। तद्यथा (अब श्मशान भूमि में पूजा करें। इस प्रकार)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

– ॐ श्वानास्यायै नमः। ॐ शूकरास्यायै नमः। ॐ व्याघ्रास्यायै नमः। ॐ जम्बुकास्यायै नमः। ॐ गरुडास्यायै नमः। ॐ उलूकास्यायै नमः। ॐ गृधास्यायै नमः। ॐ काकास्यायै नमः। ॐ सर्वभूतेभ्यो नमः। इत्यष्टश्मशानेषु। (यही आठ श्मशानों में पूजा प्रकार है)

ततो बाह्यलोकदेवतानाम् (अब, बाहर के लोकदेवताओं की पूजा करें) – ॐ वज्रचन्द्राय नमः। ॐ वज्रसूर्याय नमः। ॐ वज्रमङ्गलाय नमः। ॐ वज्रबुधाय नमः। ॐ वज्रबृहस्पतये नमः। ॐ वज्रशुक्राय नमः। ॐ वज्रशनैश्चराय नमः। ॐ वज्रकेतवे नमः। ॐ वज्रराहवे नमः। ॐ वज्रकालाग्नये नमः। ॐ वज्रध्रुवाय नमः। ॐ वज्रागस्त्याय नमः। ॐ सर्वनक्षत्रेभ्यो नमः। ॐ द्वादशराशिभ्यो नमः। ॐ षोडशकलाभ्यो नमः। ॐ दशदिक्पालेभ्यो नमः। ॐ वज्रनन्दिकेश्वराय नमः। ॐ वज्रमहाकालाय नमः। ॐ वज्रघण्टाकर्णाय नमः। ॐ वज्रभृङ्गिने नमः। ॐ सर्वक्षेत्रपालेभ्यो नमः। ॐ सर्वदूतीभ्यो नमः। ॐ हारीत्यै नमः। ॐ सर्वसिद्धिभ्यो नमः। ॐ धर्मचक्राय नमः। ॐ भद्रघटाय नमः। ॐ दुन्दुभ्यै नमः। ॐ बोधिवृक्षाय नमः। ॐ गुरुबुद्धबोधिसत्त्वेभ्यो नमः। इत्यर्चनविधिः। (यही अर्चन विधि है।)

ततो रत्नैरिन्द्रनीलादिभिर्हेमपुष्पैर्बहुविविधपटैः पञ्चवर्णैर्वस्त्रैर्गन्ध-धूपप्रदीपैर्घण्टादर्शैर्वितानैर्विविधफलैः पञ्चवर्णपताकाभिर्नृत्यैर्वाद्यैः पूजां कृत्वापि दशविधामिति तन्त्रोक्ताम्। एवं शिष्यो यथात्मशक्त्या यथोक्तपूजां कृत्वा तत आचार्यस्याङ्घ्रिमूले मण्डलं कृत्वा ददाति वरसुतो दक्षिणां शुद्धिहेतोः॥

इसके बाद रत्नों से, इन्द्रनील आदि सुवर्ण पुष्पों से एवं विभिन्न पाँच वर्णों के गन्ध-धूप-दीप-घण्टा-आदर्श-आदि एवं फलों से पञ्चवर्णयुक्त पताकाओं से, नृत्य तथा वाद्यों से पूजा करनी चाहिए वही दशविध पूजा है। इस प्रकार शिष्य अपने सामर्थ्य के अनुसार पूजा करने के बाद आचार्य के चरणों के समीप में ही मण्डल बनाकर उचित एवं उत्तम दक्षिणा आचार्य को देता है। जिससे शुद्धि होती है।

द्रव्यात्मानं त्रिशुद्ध्या ससुतदुहितरं कन्यकां गोत्रजान्याम्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अद्यैवाहं जिनानां शरणमधिगतो रौद्रसंसारभीतः।
युष्मत्पादाब्जयोर्वै भवभयहरयोः कायवाक्चित्तशुद्ध्या
इत्यध्येष्यो गुरुः स्यात्सकनककुसुमैर्मण्डलं कारयित्वा॥

द्रव्यात्मानं त्रिशुद्ध्या कायवाक्चित्तशुद्ध्या ससुतदुहितरं ददाति कन्यकां गोत्रजान्यां यदि स्वकीया नास्ति। एवं दक्षिणां दत्त्वा ततो ऽध्येषणां करोति प्रणिधानं च। अद्यैवाहं जिनानां शरणमधिगत आबोधिसीम्नः। युष्मत्पादाब्जयोर्वै भवभयहरयोः कायवाक्चित्तशुद्ध्येत्यध्येष्यो गुरुः स्यात्सकनककुसुमैर्मण्डलं कारयित्वा॥

ततः प्रणिधानं करोति।

द्रव्य का अपने शुद्धि के लिए प्रयोग करके काय, वाक् और चित्त के शुद्धि द्वारा लड़की (कन्या) को गुरु को देता है यदि अपनी नहीं है तो अपने गोत्र में उत्पन्न कन्या को ही देता है। इस प्रकार दक्षिणा देने के बाद अध्येषणा करता है तथा प्रणिधान-स्तुति भी करता है। आज ही मैं भगवान् बुद्ध के शरण में गया हूँ - जब तक बोधि प्राप्त नहीं होता है। आपके चरण कमल जो समस्त भयों के नाशक हैं, उनमें शरणागत हूँ जिससे काय, वाक् और चित्त शुद्ध होते हैं, इसके बाद गुरु भी सुवर्ण पुष्पों के मण्डल को बनाकर शिष्य को अपने में ग्रहण कर लेता है। यही प्रणिधान है।

वज्रं घण्टां च मुद्रां गुरुमपि शिरसा धारयामीष्टवज्रे
दानं दास्यामि रत्ने जिनवरसमयं पालयाम्यत्र चक्रे।
पूजां खड्गे करोमि स्फुटजलजकुले संवरं पालयामि
सत्त्वानां मोक्षहेतोर्जिनजनककुले बोधिमुत्पादयामि॥

वज्रं घण्टां च मुद्रां गुरुमपि शिरसा धारयामीष्टवज्रे वज्रकुले स्थित इदं समयं गृह्णामि। दानं दास्यामि रत्ने रत्नकुले स्थितः पुण्यसम्भाराय दशविधं दानं दास्यामि।

वज्र, घण्टा, मुद्रा और गुरु को भी अपने शिर में धारण करता हूँ। इस प्रकार इष्ट वज्र में, वज्रकुल में स्थित होकर इस वज्र सिद्धान्त को ग्रहण करता हूँ। दान करुँगा - रत्न में, रत्नकुल में स्थित होकर पुण्यसम्भार के लिए वह दान भी दश प्रकार का है, जिसे मैं दुंगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लोहरत्नान्नगोवाजिगजकन्यावसुन्धराः।
इष्टा भार्या स्वमांसानि दानं दशविधं मतम्॥ इति।

वह दश प्रकार का दान है – लोहा, रत्न, गौ, अन्न, घोड़ा, हाथी, कन्या, भूमि, भार्या और अपना (स्वयं शरीर का) मांस।

चिन्तामणिं साधयित्वा दानं दास्यामीति प्रणिधानम्। जिनवरसमयं पालयाम्यत्र चक्रे चक्रकुले स्थितः पञ्चामृताद्यं गोकुलदहनं स्कन्धेन्द्रिय-समूहं रक्षामीति प्रणिधानम्। पूजां खड्गे करोमि खड्गकुले स्थितः सन् गुरुबुद्धबोधिसत्त्वानामन्येषामपि पूजां सर्वोपकरणैः करोमीति प्रणिधानम्। स्फुटजलजकुले पद्मकुले स्थितो वर्णावर्णाभिगमने स्फुटपद्मसम्पर्के संवरं ब्रह्मचर्यं पालयामीति शीलसम्भारायेति प्रणिधानं करोमि। सत्त्वानां मोक्षहेतोर्जिनजनककुल एकशूकवर्जे स्थितः सन् बोधिमुत्पादयामि शून्यताकरुणात्मिकां महामुद्रासिद्धिमिति प्रणिधानं करोमि।

स्नातो गन्धानुलिप्तो व्रतनियमयुतः पूर्वभूम्यां निवेश्य
सिद्ध्यर्थं दन्तकाष्ठं जिनवरकुलिशैश्चाभिमन्त्र्य प्रदेयम्।
जिह्वायां चामृतं वै जिनवरसमयैर्धूपमावेशनार्थं
मन्त्रं हूँकारमेकं त्वरलपिसहितं चोदनं क्रोधभर्तुः॥

इति प्रणिधाने कृते सत्यभिषेकाय प्रार्थितो गुरुः हृष्टतुष्टः सन् शिष्यं स्नातं गन्धानुलिप्तं व्रतनियमयुतं पूर्वभूम्यां मण्डलबाह्ये निवेश्य सिद्ध्यर्थं दन्तकाष्ठं पूर्वोक्तविधिना जिनवरकुलिशैरिति ॐ आः हूँ एभिः सप्ताभिमन्त्रितं कृत्वा तत उल्लालयित्वा मण्डले क्षिपेत्। येन दिग्विभागेन पतति तत्कर्मप्रसरं तस्य सिद्ध्यति। पूर्वोक्तशान्त्यादिकमष्टदिक्षु। ततो मुखे चुलुकत्रयमुदकस्य प्रक्षिप्य शुद्धिं कृत्वा मण्डले काण्डपटं दत्त्वा पूर्वभूम्यामानयित्वा शिष्यं ततस्तस्य जिह्वायां पञ्चामृतं दद्यात्। जिनवरसमयैः पञ्चामृतपञ्चप्रदीपैः पूर्वं धूपं साधयित्वा तदेव धूपं देवतावेशनार्थम्। तत्र मन्त्रं हूँकारमेकम्। अरलपिसहितमिति। ॐ अररररललललल वज्रावेशय हूँ इत्यनेन मन्त्रेण चोदनं क्रोधभर्तुः क्रोधावेशनमित्यर्थः। अस्य कोटिजापेन दशलक्षहोमेन पूर्वसेवां कुर्यात्। स्मरणमात्रेण क्रोधावेशं करोति। तस्येदं लक्षणम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चिन्तामणि मन्त्र को सिद्ध करने के बाद दान दुँगा यही संकल्प है। साथ ही बुद्ध के विशिष्ट सिद्धान्त का पालन करुँगा, चक्र और चक्रकुल में स्थित होकर पञ्चामृत आदि तथा इन्द्रिय समूह का दहन अर्थात् कन्ध और इन्द्रियों के नियमों का पालन करुँगा, यही प्रणिधान है। खड्गकुल में स्थित होकर खड्ग में पूजा करुँगा – गुरु, बुद्ध और बोधिसत्त्वों तथा अन्य महसत्त्वों का भी – सभी प्राप्त उपकरणों के द्वारा, यही प्रणिधान है। स्फुट जलज कुल, जो पद्मकुल है, में स्थित होकर वर्णावर्णाभिगमन में स्फुट पद्मसम्पर्क में संवर स्वरूप ब्रह्मचर्य का पालन करता हूँ इस प्रकार शील सम्भार के लिए प्रणिधान करता हूँ। प्राणियों के मोक्ष के लिए जिनों के जनक कुलों में एक शुक्र वज्र में स्थित होकर बोधि का उत्पादन करुँगा, जो शून्यता और करुणा से अभिन्नात्मक है महामुद्रासिद्धि करुँगा यही प्रणिधान है।

इस प्रकार प्रणिधान करके अभिषेक के लिए प्रार्थना करने के बाद अत्यन्त हर्षित होकर गुरु स्नान किए हुए शिष्य को सुगन्धित द्रव्यों से अनुलिप्त तथा व्रत नियमों में रखकर पूर्वभूमि में, बाह्यमण्डल में रखकर सिद्धि के लिए दन्तकाष्ठ को पूर्वोक्तविधि से जिनवर कुलिश इस प्रकार ऊँ आः हूँ आदि मन्त्रों से सात बार अभिमन्त्रित करके उसे ऊपर उठाकर पहले हिलाकर फिर मण्डल में निक्षिप्त कर दें। जिस दिशा में वह गिर जाता है वहीं पर उसकी सिद्धि होती है। पूर्वोक्त शान्ति आदि आठ दिशाओं में वह कृत्य होता है। उसके बाद तीन बार आचमन करके तीन अञ्जली जल को ऊपर उछाल दें फिर मण्डल में दुर्वा निर्मित गुच्छे को समर्पित करके पूर्वभूमि में लाकर शिष्य के जीभ में पञ्चामृत पान करा दें। जिनवरसमयों से पञ्चामृत और पञ्च प्रदीपों के पहले धूप दिखा दें, उसी धूप को देवता के आवेश के लिए उपयोग किया जाता है। उसके बाद हूँ मन्त्र का उच्चारण करें। अरलपि के साथ वह हूँ होना चाहिए। ऊँ अररर ----- हूँ इन मन्त्र से प्रेरित करने के बाद क्रोधभर्ता का आवेश करें। इस मन्त्र का एक करोड़ जाप करके दशलाख होम करके उसकी सेवा करें। इसके स्मरणमात्र से क्रोध का आवेश होता है। यही इसका लक्षण है।

आविष्टः क्रोधराजः प्रहरणसुकरैस् तर्जयन्मारवृन्दमिति। इह शिष्ये क्रोधराज आविष्टः सन् प्रहरणशोभितकरैः स्थावरं जङ्गमं यं हन्ति तं शतचूर्णं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करोति। यं तर्जयति तर्जन्या मारवृन्दं धर्मविहेठकं तं भूम्यां पातयति निश्चेष्टतां नयति। तथा प्रत्यालीढादिपादैर्बहुविधकरणैर्नृत्यते वज्रनृत्यमिति। इह यः शिष्यः प्राक्किञ्चिन्नाटच्चलक्षणं न जानाति स एव क्रोधाविष्टः सन् वज्रनृत्यं करोतीत्यन्तरिक्षे बहुविधकरणैरिति नृत्यते। अथ हास्यं करोति तदा हूंकारमिश्रं भयदमपि रिपोर्मारसमूहस्येति। तथा पूर्वमज्ञो ऽसौ यः शिष्यः स क्रोधाविष्टो मनुष्यादीनामगम्यध्वनिना गीतं करोति। अनेक-तन्त्रान्तरेषु यदुक्तमिति। अतः क्रोधराजाविष्टो निर्लज्जो निर्विशङ्को भवति गुणवशात्क्रोधस्वभावात्। देवतान्या च सौम्येत्यथ लोचनादिदेवता सौम्येति क्रोधावेशनियमः। अत्रापि विस्तरेणापरदशक्रोधानां दशप्रकृतयो मुद्राबन्धेन वेदितव्याः। येन चिह्नेन यस्योत्पादः सा च तस्य हस्तमुद्रा भवति। स तया ज्ञातव्य इति नियमः। अन्यदावेशलक्षणं विस्तरभयान्नोक्तम्॥

क्रोधराज का आवेश हो चुका है शिष्य में, इसीलिए कहा है – सरलरीति से वह मार के समूह को तर्जित करता है। मारने में समर्थ होता है। यहाँ शिष्य में क्रोधराज आविष्ट होने पर प्रहरण में कुशल होकर स्थावर और जङ्गम को भी वह हनन कर सकता है। जिसे प्रहार करता है उसे चूर्ण बना देता है, जिसको वह तर्जित करता है अपने अंगुली से ही मार के समूह को जो धर्म विरोधी है को, पृथिवी में निश्चेष्ट करके गिरा देता है। जो शिष्य पहले से ही कुछ नाटच्य आदि लक्षण को नहीं जानता है वही क्रोध से आविष्ट होकर वज्रनृत्य करता है। इस प्रकार अन्तरिक्ष में बहुविध सामग्री सहित नृत्य करता है। जब वह हास्य करता है उस समय हूँकार का मिश्रण करके भय को देने वाले मार समूह का भी उपहास करता है। पहले से अज्ञशिष्य क्रोधाविष्ट होकर मनुष्यों के द्वारा अज्ञात ऐसी ध्वनि से युक्त गीत गाता है। जिसके विषय में अनेकों तन्त्रोंमें उल्लेख किया गया है। अतः क्रोधराज से आविष्ट वह निर्लज्ज, निःशङ्क होता है, गुणों के वशीभूत और क्रोध स्वभाव से आविष्ट होकर दूसरी देवता भी सौम्य होती है जो क्रोधावेश के नियम से ही सम्बन्धित है। यहाँ विस्तारपूर्वक अन्य दश क्रोधों के दश प्रकृतियाँ है, जिन्हें मुद्राबन्ध से जान लेना चाहिए। जिस चिह्न से जिसकी उत्पत्ति होती है वही उसकी हस्तमुद्रा होती है। उस मुद्रा से ही उसका परिचय होता है, यही नियम है। दूसरा आवेश का लक्षण भी है जिसे विस्तार के भय से नहीं बता रहे हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इदानीमावेशोपशमनादिकमुच्यते -

अब, आवेश के उपशमन का वर्णन करते हैं -

त्यक्तावेशस्य पश्चाच्छिरसि च हृदये मूर्ध्नि नाभौ च कण्ठे
गुह्ये रक्षां जिनैश्च स्वकुलभुविगतैः कारयेत्स्वत्रिवज्रैः।
दत्ताङ्गे पीतवस्त्रस्य पिहितनयन स्यात्र शिष्यस्य वेशः
संवृत्यर्थं व्रतानि प्रवरगतिगतान्येव देयानि तानि॥

इह यदा शिष्यः क्रोधदेवतादिभिरधिष्ठितस्तदाचार्येण प्रष्टव्यो यत्किञ्चित्कार्यमभिमतम्। ततः ऊँ आः हूं त्र्यक्षरैः पुष्पमभिमन्त्र्य शिरसि दातव्यम्। तदावेशं त्यजति। स्वस्थानं गच्छति। एवं त्यक्तावेशो भ्वति। ततस्त्यक्तावेशस्य पश्चाच्छिरसि रक्षां जिनैश्चेति वचनात्। ऊँ कारेण शिरसि हृदये हूंकारेण मूर्ध्न्युष्णीषे हंकारेणे त्युपायस्य स्वत्रिवज्रैः कायवाक्चित्तैरिति। एवं नाभौ होकारेण कण्ठे आःकारेण गुह्ये क्षःकारेणेति प्रज्ञायाः स्वत्रिवज्रैः कायवाक्चित्तैरिति। अत्रोभयोः कायवाक्चित्त-वज्रविषये दीर्घो हूंकारो वाग्वज्रं ह्रस्वश्चित्तवज्रमन्यत्र यतो ऽस्ति। ततो रक्षां कृत्वा दत्ताङ्गे पीतवस्त्रस्य पिहितनयनस्यात्र मण्डले शिष्यस्य प्रवेशो विधेयः। प्रथमं संवृत्यर्थं व्रतान्याबोधिपर्यन्तम्। संवृतिः पुण्यादिसम्भारः। तस्यार्थं तदर्थं तानि प्रवरगतिगतानीति। प्रवरा भद्रकल्पे सप्त विपश्यादयः शाक्यमुनिपर्यन्तास्तथागताः। तेषां गतिः पुण्यशीलज्ञानसम्भारात्मिका। तस्यां गतानि प्रवरगतिगतान्येव देयानि तानि शिष्यायाचार्येणेति तथागतनियमः॥

जब भी शिष्य क्रोध आदि देवताओं के द्वारा अधिष्ठित होकर उन्मत्त होता है तब आचार्य यह पूछें कि तुम क्या करना चाहते हो आदि अभीष्ट का प्रश्न करें और उसे पूरा करने के बाद **ऊँ आः हूँ** इन तीन अक्षरों से अभिमन्त्रित पुष्प उसके शिर में रख देवें, तब वह शिष्य तत्काल ही आवेश त्याग देता है। अपने पूर्वअवस्था में लौट जाता है। अपने स्थान में स्थित होता है। जब वह शिष्य आवेश त्याग देता है तब शिर में जिनों के द्वारा यह रक्षित है इत्यादि वचनों से शिर में अभिषेक करें। ऊँ कार से शिर में, हूँ कार से हृदय में, मूर्धा में और उष्णीष में हँकार से उपासना करने के बाद अपने तीन वज्रों से अर्थात्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

काय, वाक् और चित्त से उपासना करें। इसी प्रकार नाभी में होकार से, कण्ठ में आःकार से, गुह्य में क्षःकार से प्रज्ञा का अपने तीन वज्रों से उपासना करें। यहाँ पर काय, वाक् और चित्त वज्रों के विषय में दीर्घ हूँ कार, वाग्वज्र हुँ कार तथा चित्तवज्र जैसा पहले बताया गया है। उसके बाद रक्षा करके अङ्ग में पीलावस्त्र से आँखें ढक कर इस मण्डल में शिष्य का प्रवेश करायें। पहले संवृति के लिए बोधिपर्यन्त व्रतों का निर्देश किया है। संवृति सत्य पुण्य आदि सम्भार कहा गया है। उसके लिए, उसके कार्य हेतु, वे ही प्रवर के गति में स्थित होते हैं। भद्रकल्प में विपश्वी आदि प्रवर शाक्यमुनि पर्यन्त होते हैं। उनकी गति पुण्य, शील तथा ज्ञान सम्भारात्मक कहे गए हैं। उसमें गए हुए प्रवर के गति में ही स्थित हैं। वे ही आचार्य अपने शिष्य को देते हैं यही तथागत नियम है।

तत्र व्रतान्याबोधिपर्यन्तमाह भगवान् -

बोधिप्राप्ति पर्यन्त व्रत करने के लिए भगवान् कहते हैं -

हिंसासत्यं परस्त्रीं त्यजत परधनं मद्यपानं तथैव
संसारे वज्रपाशः स्वकुशलनिधनं पापमेतानि पञ्च।
यो यत्काले वभूव त्रिदशनरगुरुस्तस्य नाम्ना प्रदेया
एषाज्ञा विश्वभर्तुर्भवभयमथनी पालनीया सदैव॥

हिंसासत्यं परस्त्रीं त्यजत परधनं मद्यपानं तथैवेति पञ्चव्रतानि नियम इत्यर्थः। कस्मात्। यतः संसारे वज्रपाशः स्वकुलशनिधनमिमानि पापकर्माणि पञ्च। अतो न कर्तव्यानीति नियमः। कस्य। विश्वभर्तुरिति यो यत्काले बभूव तथागतस्त्रिदशनरगुरुस् तस्य नाम्ना प्रदेया एषाज्ञा विश्वभर्तु-र्भवभयमथनी पालनीया सदैवा यथा कुलपुत्रैः कुलदुहितृभिः पालिता पुण्यसम्भारायेति तथागतनिमयात्पञ्चशिक्षापदी॥

हिंसा, असत्य, परस्त्री, परधन, मद्यपान वे न करें वे ही पञ्चव्रत कहे हैं। क्योंकि संसार में वे ही वज्रपाश हैं। हमेशा बन्धन में डालने वाले हैं, जो अपने कुशल का वध करते हैं। अतएव वे पाँच पाप कृत्य होने से छोड़ना है या कभी इनमें प्रवृत्त नहीं होना है। यही नियम है। किसका नियम है? यह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विश्वभर्ता का नियम है। जो तथागत जिस काल में उत्पन्न हुए हैं वे ही देवता और मनुष्यों के गुरु कहे गए हैं। उन्हीं के नाम से यह आज्ञा देनी चाहिए क्योंकि विश्वभर्ता की आज्ञा ही संसार के भय से रक्षा करती है उसे हमें पालन करना चाहिए। कुलपुत्रों और कुलपुत्रियों के द्वारा - पुण्य सम्भार के लिए तथागत नियम से पञ्चशिक्षापदी के नाम से कहा गया है।

द्यूतं सावद्यभोज्यं कुवचनपठनं भूतदैत्येन्द्रधर्मं
गोबलस्त्रीनराणां त्रिदशनरगुरोः पञ्चहत्यां न कुर्यात्।
द्रोहं मित्रप्रभूणां त्रिदशनरगुरोः सङ्घविश्वासिनां च।
आसक्तिस्त्विन्द्रियाणामिति भुवनपतेः पञ्चविंशद्व्रतानि॥

ततो यदीच्छति तदापराणि देयानि। तत्र द्यूतं सावद्यभोज्यं पूर्वोक्तं कुवचनपठनं भूतधर्मं पितृकार्यं यागकार्यं वेदोक्तं दैत्यधर्मं म्लेच्छधर्मं न कुर्यादित्युपपातकानि पञ्च। तथा पूर्वापराणां दशानामादिमां पञ्चहत्यां न कुर्यात्सर्वदा। गोहत्या बालहत्या स्त्रीहत्या पुरुषहत्या। त्रिदशनरगुरोरिति प्रतिमास्तूपादेर्विसंवादो ऽपरा हत्येति। तथा मित्रद्रोहं प्रभुद्रोहं बुद्धद्रोहं सङ्घद्रोहं विश्वस्तद्रोहमिति पञ्च न कुर्यादिति। तथासक्तिस्त्विद्रि ग्राणामिति। रूपासक्तिः शब्दासक्तिर्गन्धासक्ती रसासक्तिः स्पर्शासक्तिरिति। भुवनपतेर्वज्रसत्त्वस्य नियमेन पञ्चविंशद् व्रतानि पालनीयानि शिष्यैरिति वज्राचार्येण देयानि सेककाले शिष्यायेति व्रतदाननियमः॥

इनके अतिरिक्त भी नियम पालनीय हैं जिन्हें शिष्य को देना चाहिए। वे हैं - द्यूतक्रीड़ा, असमय भोजन, कुवचन पाठ न करें। भूतधर्म, पितृकार्य, यागकार्य - जो वेदोक्त हैं तथा दैत्यधर्म एवं म्लेच्छधर्म भी न करें। वे पाँच उपपाप हैं। फिर वे पाँच हत्यायें भी कभी शिष्य को नहीं करना चाहिए। वे हैं - गोहत्या, बालहत्या, स्त्रीहत्या, पुरुष हत्या, प्रतिमा या स्तूप आदि का विरोध अथवा निन्दा भी हत्या हैं इन्हें न करें।

इसी प्रकार मित्रद्रोह, प्रभुद्रोह, सङ्घद्रोह तथा विश्वस्त द्रोह भी शिष्य को नहीं करना चाहिए। इन्द्रियों की आसक्ति भी त्याग देनी चाहिए। रूप के प्रति आसक्ति, शब्दासक्ति, गन्धासक्ति, रसासक्ति और स्पर्शासक्ति की भी त्याग करनी चाहिए। भुवनपति वज्रसत्त्व के नियम से वे २५ व्रत शिष्य को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पालन करना चाहिए – इस प्रकार वज्राचार्य शिष्य को अभिषेक के अवसर पर व्रतनियमों को प्रदान करें।

इदानीं मण्डलप्रवेश उच्यते –

अब मण्डल प्रवेश बता रहे हैं –

श्रीमन्त्रेणाभिमन्त्र्य करकमलपुटे पुष्पमेकं प्रदेयम्
आदौ भ्राम्य त्रिवारान् करकमलपुटान्मण्डले पुष्पमोक्षः।
यस्मिन् स्थाने सुपुष्पं पतति नरपते तत्कुलं तस्य नूनं
पश्चात्सप्ताभिषेकस्त्रिविध इह तथानुत्तरः संप्रदेयः॥

इह प्रथमं व्रतदानानन्तरं पीतवस्त्रेण रक्तवस्त्रेण वा सर्वकर्मणि मुखं बन्ध्येत्। शान्त्यादिषु देवतावर्णवर्णेन सूक्ष्मवस्त्रेण। अनेन मन्त्रेण– ॐ द्वादशाङ्गनिरोधकारिणे हूं फट्। ततश्चक्षुरादीनि निरोधयित्वा कल्याणमित्रमादौ भ्राम्य त्रिवारान्मण्डले। ततः पूर्वद्वारे आचार्यो नायकमूर्त्या स्थितः। यदि देवता मण्डल उत्थिता प्रत्यालीढपादेन तदाचार्य उत्थितः शिष्याय सेकं ददाति। अथ निषण्णा तदा निषण्णो ददाति। ततः कल्याणमित्रेण समर्पितस्य शिष्यस्य शिरसि शङ्खोदकेन प्रोक्षणं कृत्वा ॐ आः हूं इति त्र्यक्षरैः पुष्पमेकं सप्ताभिमन्त्रितं तस्य करकमलपुट आसमन्ताद्देयं पुष्पाञ्जलिविशुद्ध्या। ततः करकमलपुटाद् बाह्ये मण्डलस्य विजय-कलशोपरिपुष्पमोक्षः कार्यः। यतो रजोभूम्यां पुष्पादिकं न दातव्यम्। दत्ते रजो विलोपो भवति। प्रतिष्ठापितमण्डलरजोविलोपात् स्तूपभेद इति। तेन मण्डलबाह्ये पूर्वद्वारे विजयकलशोपरि पुष्पक्षेपः कर्तव्यः कुलपरीक्षार्थम्। अन्यथा सहस्रहस्तमण्डले कुतः पुष्पं पतिष्यति शिष्येण क्षिप्तं पूर्ववज्रार्चिषं त्यक्त्वा। वज्रज्वालापि तत्र सपादहस्तशतं भवति। कथं तां लङ्घयित्वा देवताधिष्ठानेन विना कुलदिक्षु पुष्पं पतिष्यति। तस्माद्विजयकलशे पञ्चचिह्नानि कृत्वा तत्र पुष्पक्षेपः कार्यः। तेन गन्धादिकं मण्डलबाह्ये न रजो भूम्याम्। रजोमण्डलं भगवतः कायो ज्ञेयः।

यहाँ इस प्रकार व्रतदान के अनन्तर पीले वस्त्र या लाल वस्त्र के द्वारा सभी कर्मों के अवसर पर मुख ढक देना चाहिए। शान्ति आदि कर्मों में देवताओं के वर्णों के अनुरूप सूक्ष्मवस्त्रों से ढकना चाहिए। इस मन्त्र से – ॐ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

---- ढकना चाहिए। उसके बाद चक्षु आदि का निरोध करके सबसे पहले कल्याण मित्र को तीन बार मण्डप में घुमाना चाहिए। फिर पूर्वद्वार में नायक मूर्ति में आचार्य स्थित होता है। यदि देवता मण्डल में स्थित या खड़ी है या एक पैर पीछे और दूसरा पैर आगे करके खड़ी है तो तब आचार्य खड़ा होकर शिष्य को अभिषेक देता है। यदि देवता बैठी है तो बैठकर ही अभिषेक देता है। अब, कल्याण मित्र के द्वारा समर्पित शङ्खोदक शिष्य के शिर में प्रोक्षण करने के बाद ऊँ आः हूँ इस मन्त्र से एक पुष्प को सात बार अभिमन्त्रित करके उसके हाथ में देना चाहिए जिससे शुद्धि होती है। उस पुष्प को हाथ से बाहर मण्डल के ऊपर स्थापित विजय कलश में समर्पित कर देना चाहिए। उसके बाद जमीन में पुष्प आदि प्रक्षेपण न करें। पुष्प प्रक्षेपण से धूल हट जाता है। प्रतिष्ठापित मण्डल के धूल हटने से रजो लोप होता है। उससे स्तूप भेद हो जाता है। इससे बाह्यमण्डल में, पूर्वद्वार में विजयकलश के ऊपर पुष्प का प्रक्षेप करना चाहिए - कुल परीक्षा के लिए। अन्यथा सहस्रहस्तमण्डल में पुष्प का प्रक्षेपण या पतन हो सकता है? शिष्य के द्वारा या पूर्वाचार्यों से प्रक्षिप्त के अतिरिक्त तो संभव ही नहीं है। वज्र जवाला भी वहाँ पर सपाद सौ हस्त संख्या होती है। कैसे उसे लङ्घित करके देवता के अधिष्ठान के बिना कुल दिशाओं में पुष्प का पतन संभव होगा? इसीलिए विजयकलश में पाँच चिह्न बनाकर वहाँ पर पुष्प का प्रक्षेपण करें। इसी से गन्ध आदि मण्डल के बाहर रखना चाहिए। किन्तु रजो भूमि में नहीं। रजो मण्डल ही भगवान् का काय है यह जान लेना चाहिए।

नेत्रपटं यौगपद्येन च्छोटयेत्। अथ प्राक् पुष्पक्षेपं कृत्वा पश्चाच्छोटयेदनेन मन्त्रेण— ऊँ दिव्येन्द्रियाण्युद्घाटय स्वाहा इति। नेत्रोद्घाटनं कृत्वा यस्मिन्स्थाने सुपुष्पं त्र्यक्षराभिमन्त्रितं पतति तत्रस्था देवता तस्य कुलदेवता भवति। तया कर्ममुद्रासिद्धिरिति नियमः। ततस्तस्य कुलदेवतां दर्शयित्वा पश्चात्सप्ताभिषेक उदकादिकस्त्रिविध इह यथा कलशादिकः। तथा कर्ममुद्रां पूजयित्वानुत्तरो वक्ष्यमाणः संप्रदेय इत्याचार्यस्य तथागतनियमः॥

अब ढके हुए आँखों को एक ही बार खोल देना चाहिए। पहले पुष्प का

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रक्षेप करके फिर इस मन्त्र से खोल देना चाहिए– मन्त्र है– ऊँ दिव्येन्द्रिय – ––––– स्वाहा। नेत्रों को खोलने के बाद जिस स्थान में वह पुष्प गिर जाता है उस स्थान में स्थित देवता ही उसकी कुल देवता है यह जान लेना चाहिए। उससे कर्म मुद्रा की सिद्धि होती है यह नियम है। फिर उसे उसकी कुल देवता दिखाकर फिर सप्ताभिषेक उदकादि तीन प्रकार से विधि कहा गया है। जैसा कि कलश आदि। फिर कर्ममुद्रा की पूजा करके अनुत्तर विधि देना चाहिए जो बताया जाने वाला है। यही आचार्य का तथागत नियम है।

इदानीं सप्तसेकस्य विधिरुच्यते–

अब सप्तसेक विधि बताया जाता है–

नागै राजंश्चतुर्भिर्मणिकनकघटैर्मृण्मयैर्वा सरत्नैर्
ओषध्या गन्धयुक्तैर्जयविजयघटैः स्नापयेद्देवतीनाम्।
मौली बुद्धप्रभेदैर्ददति वरगुरुः शक्तिभिः पट्टमेव
वज्रं घण्टार्कचन्द्राद् व्रतमपि विषयैः स्वेन्द्रियैर्योजनीयम्॥
क्रोधै मैत्र्यादि नाम स्फुटजिनपतिनाज्ञा प्रदेया समात्रा।
वज्रं घण्टां प्रदाय प्रवरकरुणया देशयेच्छुद्धधर्मम्॥

इह नागैरित्यष्टाभिश्चतुर्भिर्वा। जयविजयघटैः। पञ्चभिर्जयघटैः पञ्चभिर्विजयघटैरष्टघटपक्षे। त्रिभिर्जयघटैस्त्रिभिर्विजयघटैश्चतुर्घटपक्षे। मणिकनकैस् तदभावे मृण्मयैः सरत्नैरोषध्या गन्धयुक्तैरिति। तत्रौषध्यः पूर्वोक्तगन्धकक्षपुटे नेत्रादिभागैः संग्राह्याः। पञ्चविंशतीनां मध्ये यथा-लाभतः पञ्च ग्राह्या आचार्येण मूलतन्त्रोक्तविधानेन। तत्र भगवानाह –

यहाँ नाग अर्थात् आठ अथवा चार घटों के द्वारा कहा गया है। जयविजय घट का अर्थ पाँच जय घट अथवा पाँच विजय घटों से कहा गया है जो आठ घटों के पक्ष में है। चार घटों के पक्ष में तीन जय घट और तीन विजय घट से तात्पर्य है। मणि द्वारा निर्मित, उनके अभाव में मिट्टी से निर्मित जो रत्नों से पूरित होते हैं जिनमें सुगन्धिपूर्ण औषधियाँ डाली जाती हैं। उसमें औषधि पूर्वोक्त गन्ध से पूर्ण नेत्रादि भागों से ग्राह्य होते हैं। २५ में से जैसा उपलब्ध होता है उसी अनुसार पाँच ग्रहण करने चाहिए – मूलतन्त्रोक्तविधि से आचार्य इसे करते हैं। जैसा कि भगवान् ने कहा है –

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गन्धकक्षपुटे राजन्नोषधीः पातयेत् क्रमात्।
नेत्रेन्द्वग्न्यादिभिर्भागैब्राह्म्याद्याः पञ्चपञ्चकैः॥
ब्राह्मी नारायणी रौद्री ईश्वरी परमेश्वरी।
ऐन्द्री लक्ष्मी च वाराही कौमारी चर्चिका तथा॥
पार्थिवी वारुणी ज्योतिर्वायवी खेचरी तथा।
माता च भगिनी पुत्री भागिनेयी स्वजा तथा॥
ब्राह्मणी क्षत्रिणी वैश्या शूद्री डोम्बी तथा स्मृता।
इत्योषध्यो महासिद्धिं भुक्त्वा ऋद्धिप्रदाः सदा॥ इति।

गन्ध कक्ष पोटली में क्रमशः औषधियों का पातन करें, नेत्रों से चन्द्र से, अग्नि और सूर्य के भागों से जो ब्राह्मी आदि पाँच भाग हैं उनके द्वारा यह कार्य सम्पन्न किया जाता है। ब्राह्मी, नारायणी, रौद्री, ईश्वरी, परमेश्वरी, ऐन्द्री, लक्ष्मी, वाराही, कौमारी, चर्चिका, पार्थिवी, वारुणी, ज्योति, वायवी, खेचरी, माता, भगिनी, पुत्री, भाञ्जी, ब्राह्मणी, क्षणिणी, वैश्या, शूद्री तथा डोम्बी देवतायें कही गयीं हैं। इत्यादि औषधि रूप देवियाँ जो महासिद्धि का भोग करके हमेशा ऋद्धि के दाता के रूप में प्रसिद्ध हैं।

तत्र ब्राह्मीति ब्रह्मदण्डी भाग २। नारायणी विष्णुक्रान्ता भाग १। रौद्रीति रुद्रजटा भाग ३। ईश्वरी प्रसिद्धा भाग ४। परमेश्वरी देवदाली भाग ५। इति प्रथमपञ्चकन्यासः।

ब्राह्मी ब्रह्मदण्डी भाग दो हैं। नारायणी विष्णुक्रान्ता भाग एक हैं। रौद्री रुद्रजटा भाग तीन हैं। ईश्वर ही प्रसिद्ध भाग चार हैं। परमेश्वरी देवदाली भाग पाँच हैं। यही प्रथम पञ्चक न्यास है।

ऐन्द्रीतीन्द्रवारुणी भाग ३। लक्ष्मीति लक्ष्मणा भाग ४। वाराही वाराहक्रान्ता भाग ५। कौमरीति कर्णिका भाग २। चर्चिकेत्यधः पुष्पिका भाग १। इति द्वितीयपञ्चकन्यासः।

ऐन्द्री यह इन्द्र वारुणी भाग तीन हैं। लक्ष्मीति लक्षणा भाग चार हैं। वाराही वाराहक्रान्ता भाग पाँच हैं। कौमारी यह कर्णिका भाग दो हैं। चर्चिका यह अधःपुष्पिका भाग एक है। यही द्वितीय पञ्चक न्यास है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पार्थिवी मुषली भाग ५। वारुणी रुदन्ती भाग २। ज्योतिरिति ज्योतिष्मती भाग १। वायवी लज्जालुका भाग ३। खेचर्यर्का भाग ४। इति तृतीयपञ्चकम्।

पार्थिवी मुषली भाग पाँच हैं। वारुणी रुदन्ती भाग दो हैं। ज्योति अर्थात् ज्योतिष्मती भाग एक हैं। वायवी लज्जालुका भाग तीन हैं। खेचरी अर्का भाग चार हैं। यही तृतीय पञ्चक कहा गया है।

मातेति पुत्रंजारी भाग १। भगिनी सहदेवा भाग ३। पुत्रीति कृताञ्जलिर्भाग ४। भागिनेया ऽजकर्णा भाग ५। स्वजा मोहनी वटपत्रिका भाग २। इति चतुर्थपञ्चकन्यासः।

माता यह पुत्रंजारी भाग एक है। भगिनी सहदेवा भाग तीन है। पुत्री यह कृताञ्जली भाग चार है। भागिनेया अजकर्णा भाग पाँच है। स्वजा मोहनी वटपत्रिका भाग दो है। यही चतुर्थपञ्चकन्यास है।

ब्राह्मणीति बृहती भाग ४। क्षत्रिणी भृङ्गराजो भाग ५। वैश्या यष्टिमधु भाग २। शूद्री कण्टकारी भाग १। डोम्बी मयूरशिखा भाग ३। इति पञ्चमपञ्चकन्यासः।

ब्राह्मणी यह बृहती भाग चार है। क्षत्रिणी भृङ्गराज भाग पाँच है। वैश्या यष्टिमधु भाग दो है। शूद्री कण्टकारी भाग एक है। डोम्बी मयूरशिखा भाग तीन है। यही पाँचवा पञ्चक न्यास है।

एवं यथासंख्यं धान्यादिसस्यसमूहः। धान्यं महाधान्यं माषाः श्वेतचणकाः कृष्णतिला इति प्रथमपञ्चकम्। कोद्रवा मुद्गाः कलायाः शुक्लतिला गोधूमा इति द्वितीयपञ्चकम्। मोष्ठं त्रिपुटाः कृष्णसर्षपा यवा माषा इति तृतीयपञ्चकम्। मसूरिकाः शुक्लसर्षपाः कङ्गुस्तुवरिका वर्वटिका इति चतुर्थपञ्चकम्। अतसी वरटी वर्णा कुलत्थाः कृष्णचणका इति पञ्चमपञ्चकम् इति पञ्च सस्यानि यथालब्धानि ग्राह्याणि कक्षपुटभागेन। अत्र भागा अङ्गुलिसंख्याः।

इस प्रकार यथासम्भव धान्यादिसस्य का समूह ओषधि कहा गया है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

धान्य, महाधान्य, भाष, सफेद चने, काले तिल यही प्रथम पञ्चक है। कोद, मूँग, कलाय, सफेद तिल, गेहूँ – यही द्वितीय पञ्चक है। मसूर, सफेद सरसों, कङ्गुस्तुवरिका, वर्वटिका – वे चौथे पञ्चक कहे गए हैं। अतसी, वरटी, वर्णा, कुलत्था, काले चने – वे ही पाँचवें पञ्चक कहे गए हैं। वे ही पाँच सस्य बताए गए हैं। जैसे उपलब्ध होते हैं उन्हें लेना चाहिए। कक्ष पुट भाग के द्वारा एक भाग अङ्गुली के संख्या से होते हैं।

यहाँ सन्ध्याभाषा के अतिरिक्त उष्णीष बिम्ब को और बुद्धबिम्ब को जो त्रैधातुक है, पूर्णरूप से आकाश में धर्मोदय में, चित्तवज्र को प्रतिष्ठापित करके सेवाकाल में, प्रथम काल में प्रत्याहार द्वारा भावित करना चाहिए अर्थात् ध्यानाङ्गों से स्थिर करना चाहिए यही तात्पर्य है। यहाँ भगवान् की यह प्रतिज्ञा है –

सर्वचिन्तां परित्यज्य दिनमेकं परीक्षयेत्।
यदि न स्यात् प्रत्ययस्तत्र तदा मे तन्मृषा वचः॥ इति।

सभी चिन्ताओं को छोड़कर एक दिन बितायें, यदि उसमें ज्ञान न होगा तो मान लेना की मेरा वचन मिथ्या है।

अत्र प्रत्ययो धूमादिकं निमित्तं नान्यन् मन्त्रादिकं दिनेनैकेन साध्यते येन। प्रत्ययो भविष्यति मन्त्रिणाम्। ततो ऽस्तिनास्तिबुद्धिं परित्यज्य निराश्रयां कृत्वा शून्ये गम्भीरो निरालम्बः प्रत्ययो भवति। स प्रत्ययो धूमादिको भाव्यते योगिनेति तथागतनियमः। तथा

करणैर्बन्धसंयोगैः साधयेद्भुवनत्रयम्। इति।

यहाँ धूमादि प्रत्यय ही निमित्त है अन्य मन्त्र आदि नहीं, जिसे एक ही दिन में पूरा किया जाता है। मन्त्रों का निश्चय होता है। इसीलिए है और नहीं है ऐसी बुद्धि को छोड़कर निराश्रित होकर गंभीर शून्य में निरालम्बन ज्ञान होता है। वह प्रत्यय धूमादि है जिसे योगीगण भावित करते हैं यही तथागत का नियम है। तथा बन्ध संयोग रूप करणों से तीनों भुवन की सिद्धि करनी चाहिए।

बुद्धबिम्बं भुवनत्रयं साधयेत् करणैश्चक्षुरादिभिः। स एवोपदेशो गुरुवक्त्रेणावगन्तव्यः। तत्र गुरूपदेशेनाकाशे प्रथमं योगी धूमं पश्यति न मरीचिकामिति स्वानुभवतो ज्ञेयम्। ततो मरीचिका पश्चात्। तदेव धूमादिकं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कल्पनारहितं प्रतिसेनावदिति। एवं प्रथमं धूमनिमित्तं द्वितीयं मरीचिका-निमित्तं तृतीयं खद्योतनिमित्तं चतुर्थं प्रदीपनिमित्तं पञ्चमं निरभ्रगगनसन्निभं निमित्तमिति समाजोत्तरे डाकिनीवज्रपञ्जरे ऽपि भगवतोक्तम्। तदुपरि भगवानाह डाकिनीवज्रपञ्जरे –

बुद्धबिम्ब रूप तीनों भुवनों की सिद्धि करे चक्षुरादि करणों के द्वारा, उस उपदेश को गुरू के मुख से ही जान लेना चाहिए। गुरू के उपदेश से आकाश में पहली बार योगी धूम को देखता है न कि मरीचिका को, अपने अनुभव से ही जान लेना चाहिए। उसके बाद मरीचिका को। वही धूम आदि कल्पना रहित प्रतिसेना के तरह। इस प्रकार पहले धूम आदि निमित्त और दूसरा मरीचिका निमित्त, तृतीय खद्योत निमित्त, चौथा प्रदीपनिमित्त, पञ्चम मेंघरहित गगन ही निमित्त है ऐसा समाजोत्तर डाकिनीवज्रपञ्जर में भी भगवान् ने कहा है। उसके ऊपर भगवान् ने कहा डाकिनीवज्रपञ्जर में –

सर्वज्ञहेतुकं तद्धि सिद्धिनिकटे प्रवर्तकम्।
पश्चान्मायोपमाकारं स्वप्नाकारं क्षणात् क्षणम्॥

इत्यादि। अतो भगवतो वचनादादौ धूमादिनिमित्तभावनाप्रत्ययो भवति। केचित् सिद्धिकाले वदिष्यन्ति। ते सर्वे भगवतः प्रतिज्ञा-भङ्गकारिणः। सर्वचिन्तां परित्यजय दिनमेकं परीक्षयेत् प्रत्ययमिति भगवतो वचनविहेठकाः। यत् सिद्धिकाले लौकिकं धूमादिकं निमित्तं तन् मायास्वप्नोपमं न भवति। साक्षादिह धूमज्वालादिदहनक्रियासामर्थ्यात् तथा कुङ्कुमपुष्परत्नसुवर्णादिवृष्टिरपि। अतः षडङ्गयोगाद्धूमादिकं निमित्तं भवतीति। तथा डाकिनीवज्रपञ्जरे भगवानाह –

सर्वज्ञहेतुवाला ही सिद्धि के समीप में प्रवर्तक होता है। उसके बाद माया के तरह ही स्वप्नवत् दीखता है प्रतिक्षण। इत्यादि। इसीलिए भगवान् के वचनों में धूमादिनिमित्तक भावना का प्रत्यय होता है। कुछ सिद्धिकाल में बताते हैं। वे सब भगवान् के प्रतिज्ञाभङ्ग करने वाले हैं। भगवद् वचन है – सभी चिन्ताओं को छोड़कर एक दिन बिताने पर सब सिद्धि प्राप्त होती है यह वचन रूप प्रतिज्ञा भङ्ग करते हैं। जो सिद्धिकाल में लौकिक धूमादि निमित्त होता है वह माया स्वप्नोपम नहीं होता है। सीधे ही धूम ज्वालादि दहन क्रिया

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सामर्थ्य होने से और कुङ्कुम पुष्प, रत्न, सुवर्ण आदि की वृष्टि भी होती है। अतः षडङ्गयोग से धूम आदि निमित्त होता है। जैसा कि डाकिनी वज्रपञ्जर में भगवान् ने कहा है –

षडङ्गं भावयेत् तस्मात् स्वाधिष्ठानसमं पुनः।
पश्चात् स्वं लक्षयेच्चिह्नमनुलोमविधिक्रमैः॥

स्वाधिष्ठानचक्र में षडङ्गयोग की भावना करनी चाहिए और अपने आपको अनुलोम के विधि के क्रम से लक्षित करें।

अत्र स्वाधिष्ठानं नाम संवृतेः सत्यदर्शनं प्रत्याहारेण। चिह्नं नाम मेघधूमादिवत् प्रतिभासः। स च प्रथमं दृश्यते प्रदीपपर्यन्तम्। तत आकाशं निरभ्रं निर्मलमिति। तन्त्रेष्वपरं ज्वालादिबिन्दुपर्यन्तं षडन्यनिमित्तं मायाजाले समाधिपटले प्रोक्तं भगवता। तद्यथा –

यहाँ स्वाधिष्ठान का अर्थ है संवृत्ति सत्य दर्शन प्रत्याहार द्वारा, चिह्न का अर्थ आदि के तरह प्रतिभास होना है। वह प्रदीपपर्यन्त पहले दिखाई देता है। उसके बाद आकाश निर्मल, निर्मेघ दिखाई देता है। तन्त्रों में दूसरा ज्वालादि बिन्दु पर्यन्त षडङ्ग योग दूसरे के निमित्त हैं जिसे मायाजाल तन्त्र के समाधिपटल में भगवान् ने कहा है। जो इस प्रकार है –

गगनोद्भवः स्वयम्भूः प्रज्ञाज्ञानानलो महान्॥
वैरोचनो महादीप्तिर्ज्ञानज्योतिर्विरोचनः।
जगत्प्रदीपो ज्ञानोल्को महातेजाः प्रभास्वरः॥
विद्याराजो ऽग्रमन्त्रेशो मन्त्रराजो महार्थकृत्। इति।

आकाश से उद्भूत, स्वयम्भू, प्रज्ञाज्ञान रूपी अग्नि, महान् वैरोचन, महादीप्त, ज्ञान ज्योति रूप विरोचन हैं। वे ही जगत् के प्रदीप हैं, ज्ञानपुञ्ज, प्रभास्वर, महातेज, विद्याराज, अग्रमन्त्रेश, मन्त्रराज तथा महान् अर्थ के कर्ता हैं।

गाथाद्वयेन मायाजाले ऽपरनिमित्तं भगवतोक्तं सन्ध्याभाषान्तरेण।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्वोक्तान्निरभ्रगगनाद्भवति प्रतिभासो यः स गगनोद्भवः स्वयम्भूः सर्वविकल्परहितचित्तादिति। अत्र प्रज्ञाज्ञानानल इति ज्वालाप्रतिभासः। वैरोचनो महादीप्तिरिति चन्द्रप्रतिभासः। स एव ज्ञानज्योतिर्विरोचन इति। जगत्प्रदीप इति सूर्यप्रतिभासः। ज्ञानोल्क इति राहुप्रतिभासः। महातेजाः प्रभास्वर इति विद्युत्प्रतिभासः। विद्याराजो ऽग्रमन्त्रेश इति बिन्दुप्रतिभासो नीलवर्णचन्द्रमण्डलाकार इति। मन्त्रराजो महार्थकृदिति सर्वाकारत्रैधातुक-भावप्रतिभासो मायास्वप्नप्रतिसेनातुल्यो दृश्यते योगिना प्रत्याहारेणेति चक्षुरादीन्द्रियकरणेन। ततः प्राणायामबन्धेन। एभिः करणैर्बन्धसंयोगैः साधयेद्भुवनत्रयं कामरूपारूप्यलक्षणं स्थिरचलस्वभावात्मकमिति। तथा डाकिनीवज्रपञ्जरे भगवानाह -

इन दो गाथाओं के द्वारा मायाजाल में अपरिनिमित्तक भगवान् ने सन्ध्याभाषा में बताया है। पूर्वोक्त निरभ्रगगन से प्रतिभास जो गगन से उद्भूत स्वयम्भू सर्वविकल्परहित चित्त से होता है। यहाँ प्रज्ञाज्ञान अनल का अर्थ ज्वाला प्रतिभास है। वैरोचन महादीप्ति का अर्थ चन्द्र प्रतिभास है। वही ज्ञान ज्योति विरोचन है। जगत् प्रदीप का अर्थ सूर्य प्रतिभास है। ज्ञानोल्क का अर्थ राहु प्रतिभास। महातेजा प्रभास्वर - विद्युत्प्रतिभास है। विद्याराज अग्रमन्त्रेश - का अर्थ बिन्दुप्रतिभास नीलवर्ण चन्द्रमण्डलाकार है। मन्त्रराज महार्थकृत् का तात्पर्य है - सर्वाकार त्रैधातुक भावप्रतिभास, माया स्वप्न प्रतिसेना तुल्य योगियों के द्वारा प्रत्याहार बल से देखा जाता है जिसमें चक्षुरादि करण होते हैं। उसके बाद प्राणायाम किया जाता है। इन बन्धसंयोगरूप करणों से तीनों लोकों की सिद्धि करनी चाहिए कामरूप असंख्य लक्षणयुक्त, स्थिर-चल स्वभावयुक्त जानना चाहिए। इसे ही डाकिनीवज्रपञ्जर में भगवान् ने कहा है -

सिध्यत्यशेषनिःशेषं त्रैधातुकचराचरम्।
लोकधातुषु सर्वेषु यावन्तो वज्रदेहिनः॥ इति।

अशेष, समग्र त्रैधातुक चराचर सिद्ध होता है और सभी लोक धातुओं में जितने भी वज्र देही हैं वे भी सिद्ध होते है।

षडङ्गयोगभावनयेति भगवतो नियमः। तथा श्रीसमाजे भगवानाह-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

षडङ्गयोग भावना के द्वारा कहा गया वचन भगवान् का नियम है। तथा श्री समाज में भगवान् ने कहा है –

अभावे भावनाभावो भावना नैव भावना।
इति भावो न भावः स्याद्भावना नोपलभ्यते॥ इति।

अभाव में भावना का भाव होता है। भावना स्वयं में भावना नहीं है। इस प्रकार भाव भाव नहीं है अतः भावना की उपलब्धि नहीं होती है।

अभावे निरभ्रगगने भावना प्रत्याहारः। स एवाभावे भावनाभाव इति भावना नैव भावनेति। इह प्रत्याहारभावना याभावे निरभ्रगगने सा भावना नैव भावनेति विकल्पभावनारहितत्वात्। इति भावो यः प्रत्याहारेण दृष्टः स भावो न भावः स्यादविकल्पातीतानागतवर्तमानभावाभाव-दर्शनादिति। अतो विकल्पभावना नोपलभ्यते प्रत्याहारभावनायामिति भगवतो वाक्यम्। इयं च भावना प्रज्ञापारमितायामपि भगवतोक्ता। तद्यथा – अथ खलु शक्रो देवानामिन्द्र आयुष्मन्तं सुभूतिमेतदवोचत्। य आर्यसुभूते ऽत्र प्रज्ञापारमितायां योगमाप्स्यते क्व स योगमाप्स्यते। सुभूतिराह। आकाशे स कौशिक योगमाप्स्यते यः प्रज्ञापारमितायां योगमाप्स्यते। अभ्यवकाशे स कौशिक योगमाप्तुकामो यः प्रज्ञापारमितायां शिक्षितव्यं मंस्यतसु इति॥

अभाव में अर्थात् अभ्ररहित आकाश में भावना प्रत्याहार है। वही अभाव में भावना का भाव इस प्रकार भावना भावना नहीं है। यहाँ पर प्रत्याहार और भावना के अभाव में निरभ्रगगन में वही भावना भावना नहीं है। क्योंकि वहाँ पर विकल्प भावना ही नहीं है। इस प्रकार जो प्रत्याहार द्वारा विज्ञात होता है वह भाव भाव न होने से अविकल्प, अतीत, अनागत, वर्तमान भावाभाव के दर्शन से, अतः विकल्प भावना उपलब्ध नहीं होती प्रत्याहार भावना में यह भगवद् वचन है। यह भावना प्रज्ञापारमिता में भी भगवान् ने कहा है। जैसा कि अब निश्चय ही शुक्र, जो देवताओं के इन्द्र हैं, उन्होंने आयुष्मान् सुभूति से यह कहा – हे आर्य सुभूति! प्रज्ञापारमिता में जो योग प्राप्त होता है वह कहाँ कैसे उपलब्ध होता है! सुभूति ने कहा आकाश में वह योग है कौशिक, जो योग है वह प्रज्ञापारमिता में प्राप्त होता है। हृदय में वह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कौशिक! योग प्राप्त होता है, जिसे उसकी इच्छा होती है उसे प्रज्ञापारमिता की शिक्षा लेनी चाहिए। ऐसा कहा है!

महामुद्राभावना प्रतिसेनामायातुल्या निरभ्रे गगने भगवतोक्तेति। एवं प्रत्याहारेण ध्यानेन सेवाङ्गमुच्यते।

महामुद्रा की भावना प्रतिसेना मायातुल्य निरभ्र गगन में भगवान् ने कहा है। इस प्रकार प्रत्याहार एवं ध्यान द्वारा सेवा का अङ्ग कहा गया है।

ततो ऽमृतकुण्डलीबिम्बसंज्ञया सन्ध्याभाषान्तरेण वायुरित्युक्तम्। स च पञ्चप्रकारः। तथा च समाजोत्तरे भगवानाह –

उसके बाद अमृत कुण्डली बिम्ब संज्ञा द्वारा सन्ध्या भाषा के द्वारा वायु ऐसा कहा है। वह पाँच प्रकार का है। उसे समाजोत्तर में भगवान् ने कहा है –

पञ्चरत्नमयं श्वासं पञ्चबुद्धैरधिष्ठितम्।
निश्चार्य पिण्डरूपेण नासिकाग्रे विभावयेत्॥ इति।

पञ्चरत्नमय श्वास है जिसे पञ्चबुद्धों ने अधिष्ठित किया है। उसे नासिका के अग्रभाग में रखकर पिण्डीकृत करना चाहिए साथ ही भावित करना चाहिए।

इह पञ्चरत्नशब्देन रसनापञ्चमण्डलधर्मिणः पृथव्यादिपञ्चधातवः। तन्मयं श्वासं पञ्चरत्नमयमिति सव्यनासापुटे। तथा पञ्चबुद्धा ललनापञ्च-मण्डलधर्मिणो विज्ञानादिपञ्चस्कन्धाः। तैरधिष्ठितं श्वासं वामनासापुट इति। निश्चार्य पिण्डरूपेणेति। इह पिण्डं सव्यावसव्यमण्डलानामेकत्वं मध्यमायामवधूत्यां प्राणवायोरिति। तं च प्राणवायुं निश्चार्य पिण्डरूपेण नासिकाग्रे विभावयेत्। अत्र नासिकाशब्देन नाभिहृत्कण्ठललाटोष्णी-षकमलकर्णिकोच्यते। तस्या अग्रे भावयेन्नासाग्रे भावयेत्। कर्णिकात् कर्णिकामध्ये न सव्यावसव्यकमलदल इति। एवं बिन्दुस्थाने पिण्डरूपेण निरोधितः प्राणः। तेनैव तस्य धारणोच्यते। एवमङ्गद्वयेनोपसाधन-ममृतकुण्डलीबिम्बेनेति। तदेवोपसाधनं वज्रजाप इत्युच्यते। मध्यमा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भिन्नाङ्गेन जप्तव्य इत्यभिन्नाङ्गेन करणेनेति। प्राणस्य न वामदक्षिणनाड्यां प्रचार इति। उष्णीषबिम्बे दृष्टे सति पश्चात् प्राणायामं कुर्यान्मन्त्रीति। गुरूपदेशः सन्ध्याभाषान्तरेणावगन्तव्य इति। प्राणायामधारणोपसाधन-मुच्यते।

यहाँ पर पञ्चरत्न शब्द के द्वारा रसना पञ्चधर्मी पृथिवी आदि पाँच धातु गृहीत हैं। उससे युक्त जो श्वास है वह पञ्चरत्नमय है इसीलिए बायें नासापुट में रहता है। तथा पञ्च बुद्ध अर्थात् ललना आदि पञ्च मण्डल धर्मी के विज्ञान आदि पञ्च स्कन्ध हैं। उनसे अधिष्ठित श्वास वामनासापुट में अवस्थित है। पिण्डरूप से निकालकर का तात्पर्य है यहाँ पर पिण्ड, दक्षिण और वाम मण्डलों की एकता मध्यम अवधूती में प्राणवायु का प्रवेश करना है। उस प्राणवायु को निकालकर एक करके नासिका के अग्र भाग में भावित करना है। यहाँ नासिका शब्द के द्वारा नाभि, हृदय, ललाट, उष्णीष-कमल-कर्णिका का ग्रहण करना चाहिए। उसके अग्रभाग में भावना करनी चाहिए अर्थात् नासिका के अग्रभाग में यही तात्पर्य है। कर्णिका से कर्णिका के मध्य में न कि दक्षिणवाम कमलदल में। इस प्रकार बिन्दु के स्थान पर पिण्ड रूप से प्राप्त निरुद्ध होता है। उसी से उसको धारणा कहा गया है। इस प्रकार दो अङ्गों से उपसाधना और अमृत कुण्डली बिम्ब द्वारा कहा गया है। वही उपसाधन और वज्रजाप भी कहा गया है। मध्यम अभिन्न अङ्ग के द्वारा ही जप करना चाहिए। इसका तात्पर्य अभिन्न अङ्गों से है। प्राण का दक्षिण और वाम नाडी में प्रचार न हो यही भाव है। उष्णीष बिम्ब के दिखने पर उसे प्राणायाम करना चाहिए। गुरू का उपदेश सन्ध्याभाषा के द्वारा जान लेना चाहिए। प्राणायाम और धारणा उपसाधन कहे गए हैं।

ततः साधने देवताबिम्बमिति। इह धारणाबलेन नाभिस्थां चण्डालीं ज्वलितां पश्यति योगी सर्वावरणरहितां प्रतिसेनापमां महामुद्रामनन्तबुद्ध-रश्मिमेघान् स्फारयन्तीं प्रभामण्डलविराजिताम्। तामनुस्मृतिं साधनमाह। धारणान्ते चण्डालीयोगं भावयेदिति नियमः।

उसके बाद साधन में देवता बिम्ब ऐसा कहा गया है। इसका तात्पर्य है धारणा के बल से नाभि में अवस्थित चाण्डाली जो जलाती है योगी उसे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देखता है, वह सब आवरणों से रहित है, प्रतिसेना के तरह है, महामुद्रा को जो अनन्त बुद्धरश्मि मेघ के समान है उन्हें प्रस्फुटित करती हुई प्रभामण्डल में विराजमान हैं। धारणा के अन्त में चाण्डाली योग की भावना करनी चाहिए। यही अनुस्मृति साधना है।

ततस्तस्या ज्ञानार्चिषा स्कन्धधात्वायतनादीनि दग्धान्येकलोलीभवन्ति। वामदक्षिणनाडीगतानि विज्ञानादीनि पृथिव्यादीनि च मण्डलस्वभावानि ललाटे चन्द्रमण्डले प्रविष्टानि। ततश्चण्डाल्या ज्ञानार्चिषा चन्द्रे द्रुते सति तद् बोधिचित्तं बिन्दुरूपेणाधोगतं कण्ठे हृदि नाभौ गुह्यकमल आनन्दपरमविरमस्वभावेन। ततो वज्रमणिं यावत्सहजानन्दस्वभावेनेति। अथवा विचित्रविपाकविमर्दविलक्षणस्वभावेनेति। एवं षोडशकलापूर्णं मण्यन्तर्गतं यदा सुखं ददाति भावनाबलेन च्यवनसुखसदृशमिति दृष्टान्तमात्रम्। स्वरूपतो द्वीन्द्रियजं क्षरसुखं कोटीसहस्रतमीमपि कलां नार्हति परमाक्षरसुखस्येति। इहाक्षरसुखावस्था या सहजानन्दरूपिणी सावस्था काप्यविज्ञेया बालयोगिनाम्। बोधिसत्त्वैः शून्यतासमाधिरित्युच्यते। न पुनर्लौकिकरूढचैव नास्तिक्यार्थानुयायिनी।

अब उसके ज्ञानरूपी किरणों से स्कन्ध-धातु-आयतन आदि जलकर एक भाव में ठहर जाते हैं। वाम-दक्षिण नाडियों में अवस्थित विज्ञान आदि और पृथिवी आदि मण्डलस्वभाव युक्त होकर ललाटान्तर्गत चन्द्रमण्डल में प्रविष्ट होते हैं। उसके बाद चाण्डाली के ज्ञान ज्वालाओं से दग्ध होकर चन्द्र वहाँ से पिघल जाते हैं, बाहर जो जाते हैं तब वह बोधिचित्त बिन्दु के रूप में नीचे आकर कण्ठ, हृदय, नाभि, गुह्यकमल आदि में फैल जाते हैं परम आनन्द का उद्घाटन करते हुए। उसके बाद वज्रमणि जो सहज आनन्द स्वभावयुक्त है, अथवा विचित्र विपाक विमर्द विलक्षण स्वभाव द्वारा। इस प्रकार षोडशकलाओं से पूर्व मणि के अन्तर्गत जब सुख प्रदान करता है भावना के बल से च्यवन बिन्दु क्षरण सदृश सुख होता है यह दृष्टान्तमात्र है। स्वरूप से तो दो इन्द्रियों के द्वारा प्राप्त होने वाला सुख हजार कोटि सदृशी कला के समान भी इसके तुल्यता नहीं है जो परमाक्षर सुख है वह अति उन्नत है। यहाँ पर जो अक्षर सुख की जो अवस्था है – सहजानन्द रूपिणी है वह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अवस्था लोकोत्तर आनन्द दायिनी है बाल योगियों के लिए। बोधिसत्त्वगण इसे शून्यता समाधि कहते हैं। केवल लौकिक रूढि या प्रसिद्धि के कारण ही यह सब नहीं कहते हैं – यह सब अज्ञात पूर्व आनन्दात्मक अवस्था है।

एवं षडङ्गयोगेन बुद्धत्वं योगिनां सिध्यतीति।

इस प्रकार षडङ्गयोग द्वारा योगियों के लिए बुद्धत्व की सिद्धि होती है।

सेवा पञ्चामृताद्यैर्जलनिधिकुलिशैर्मन्त्रजापादिभिश्च
प्रत्याहारादिभिः स्यात् कुलिशकमलजेनामृतेनोपसिद्धिः।
आनन्दाद्यैस् त्रिवज्राब्जसमरसगता भावना साधनं स्यात्
प्रज्ञासङ्गे ऽच्युतं सम्भवति खलु महासाधनं सूक्ष्मयोगात्॥

इहादिकर्मिकेण प्रथमं सेवा कर्तव्या साधनविधिना। सेवा पञ्चामृताद्यैरिति। बाह्ये पञ्चामृतं विडादिकम्। आद्यशब्देन गोक्वादयः। तैर्भक्षितैः सेवा देवतातोषणार्थम्। अध्यात्मनि पञ्चामृतानि पञ्चस्कन्धाः। आद्यशब्देन पञ्चेन्द्रियाणि पञ्चप्रदीपाः। तेषां निरपेक्षता सेवा शरीरद्रव्य-तृष्णापरित्यागः। तया सेवया देवता वरदा भवन्ति न गूथादिना भक्षितेनेति। जलनिधिकुलिशैरिति कायभोगनिरपेक्षता वाग्भोगनिरपेक्षता चित्तभोग-निरपेक्षता च्यवनसुखनिरपेक्षता सेवा कायवाक्चित्तानां ब्रह्मचर्यं संयम इत्यर्थः। अनया देवता वरदा भवन्ति न भवभोगस्पृहयेति। मन्त्रजापादि-भिश्चेति। इह मन्त्रजापो नाम प्राणसंयमः। आदिशब्देन रेचकपूरक-कुम्भकयोगः सदा सेवा। तया देवता वरदा भवन्ति न प्राणेनायन्त्रितेन वाग्जल्पितेनेति नीतार्थः। नेयार्थेन पुनरक्षसूत्रादिना जापादिकं कर्तव्यं सामान्यसिद्ध्यर्थम्।

सर्वप्रथम आदि कर्मिक योगी द्वारा साधनाविधि से सेवा करनी चाहिए। बाह्य अवस्था में पञ्चामृत विष्ठा आदि है। आद्यशब्द द्वारा गोमांस आदि है। उनसे भक्षित होने पर सेवा देवताओं की तुष्टि के लिए है। आध्यात्म में पञ्चामृत पञ्चस्कन्ध हैं। आद्य शब्द से पञ्चामृत पञ्च प्रदीप हैं। उनकी निरपेक्षता का अर्थ है – शरीर द्रव्य तृष्णा का परित्याग। उस सेवा के द्वारा देवतागण वर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देते हैं परन्तु विष्ठा आदि के भक्षण से नहीं। जल निधि कुलिश का अर्थ है – कायभोग के निरपेक्ष रहकर और वाग्योग से भी विरल होकर सारी चित्तभोगों से दूर होकर और च्यवनसुख से भी निरपेक्ष रहकर सेवा ही ब्रह्मचर्य या संयम है। इससे देवता वरदान देते हैं। किन्तु भवभोग की लालसा में नहीं। मन्त्र जाप आदि से भी कहा गया है। यहाँ मन्त्र जाप का अर्थ प्राणायाम है। आदि शब्द से रेचक-पूरक कुम्भक योग रूपी सदा सेवा है। इससे देवता भी वर देते हैं किन्तु अनियन्त्रित प्राण से नहीं साथ बोलने से भी नहीं यही नीतार्थ है। नेयार्थ तो यह है कि माला लेकर जप करना चाहिए जिससे सामान्यसिद्धि होती है।

इदानीमुपसाधनमुच्यते - प्रत्याहार इत्यादि। इह संसारिणामाहार-श्चक्षुरादीन्द्रियै रूपादिविषयग्रहणं तत्परित्यागः प्रत्याहार इत्युच्यते। शून्यताबिम्बे ऽन्यैश्चक्षुरादिभिर्मांसाद्यैरन्यरूपादिविषयग्रहणमुपसाधनम्। तथा ध्यानं प्राणायामश्च धारणा च। कुलिशकमलजेनामृतेनाच्युतेनो-पसाधनं नीतार्थेन। बाह्ये देवतोत्सर्जनेन नेयार्थेनेत्युपसाधनसिद्धिः।

अब, उपसाधन बताते हैं – प्रत्याहार इत्यादि से। सांसारिक लोग इन्द्रियों के द्वारा विषयों का उपभोग करते हैं रूपादि विषयों का, उसका परित्याग करना ही प्रत्याहार कहा गया है। शून्यता के बिम्ब में अन्य चक्षुरादि के द्वारा माँस आदि और अन्य रूप आदि विषय ग्रहण ही उपसाधन है। तथा ध्यान और प्राणायाम तथा धारणा हैं। कुलिश-कमल के द्वारा अच्युत उपसाधन नीतार्थ है। बाह्य विषय में देवताओं के उत्सर्जन द्वारा नेयार्थ से उपसाधन सिद्धि होती है।

इदानीं साधनमुच्यते - आनन्देत्यादि। इहानन्दे त्रिवज्राः कायवा-क्चित्तबिन्दवो ऽब्जसमरसगता भावना साधनं स्यात्। हृन्नाभिगुह्ये बिन्दूनां स्थितिरित्यर्थः। एवं साधनम्।

अब साधन की व्याख्या की जाती है – आनन्द इत्यादि से। यहाँ आनन्द में तीन वज्र हैं – काय, वाक् चित्त बिन्दु रूप और कमल में समरस हुई भावना साधन है। हृदय, नाभि और गुह्य में बिन्दुओं की स्थिति है। यही साधन है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ततो महासाधनम्। प्रज्ञासङ्गे ऽच्युतं सुखं सम्भवति यदा तदा खलु महासाधनं सूक्ष्मयोगाद् इति। सुषुम्नानाडिकोर्ध्वं शुक्रसंयोगान् महासाधनमित्युच्यते नीतार्थेन। नेयार्थेन पुनः प्रज्ञाधर्मोदयनासिकाग्रे सर्षपादिकम् इति नियमः। एवं महासाधनं भवति।

अब महासाधन की व्याख्या करते हैं। प्रज्ञा के सङ्ग के कारण अच्युत सुख की उपलब्धि होती है जब, तब सूक्ष्मयोग से महासाधन उपस्थित होता है। नीतार्थ के द्वारा सुषुम्ना नाडी में ऊर्ध्व गमन पूर्वक जब शुक्र का संयोग होता है वही महासाधन कहलाता है। नेयार्थ के द्वारा प्रज्ञा और धर्म का उदय जब नासिका के अग्रभाग में सरसों के आकार में होता है यही नियम है। इस प्रकार महासाधन होता है।

इदानीं मृद्वादिभेदेन सेवादिकमुच्यते –

आदौ वै शून्यबोधिरपि खलु ततः संग्रहश्चन्द्रबिन्दोर्
बिम्बोत्पत्तिश्च तस्मात् प्रवररसकुलैरक्षरन्यास एव।
एषा सामान्यसेवा जलनिधिकुलिशैः साधनं मध्यमं च
अत्रोपायश्चतुर्धा भवति मृदुदृढः साधनाङ्गे तथैव॥

इहोत्पत्तिक्रमे प्रथमं शून्यताबोधिरिति। प्राणिनां मरणान्ते स्कन्धपरित्यागादुत्पत्त्यंशिकस्कन्धग्रहणाद्यदन्तरालं शून्यताक्षणमेकं त्रिभुवनदर्शनं तच्छून्यमित्युच्यते। खलु निश्चितम्। ततः क्षणात् पश्चात् संग्रहश्चन्द्रबिन्दोरिति। इहालयविज्ञानस्य मातृगर्भे शुक्रबिन्दूनां ग्रहणं नाम संग्रहः। ततः शुक्रादिग्रहणात् तस्माद् बिम्बोत्पत्तिर्नाम सप्तमासैर्गर्भनिष्पत्तिः कायनिष्पत्तिरित्यर्थः। ततः प्रवररसकुलैरिति षट्स्कन्धैश् चक्षुरादीनामक्षरन्यासो रूपादिविषयप्रवृत्तिरिति। एवं देवतासाधने ऽपि कल्पनात्मकं भावयेदादिकर्मिकः। एषा सामान्यसेवा जलनिधिकुलिशैरिति कायवाक्चित्तज्ञानवज्रनिष्पन्नैः। साधनं मध्यमं च प्राणनिष्पत्तिः। अत्रोपायश्चतुर्धा भवति सेवाङ्ग उपसाधनाङ्गे मृदुदृढः। साधनाङ्गे तथैव षोडशवर्षावधेरिति नियमः।

अब मृदु आदि के भेद से सेवा की व्याख्या करते हैं। यहाँ पर उत्पत्ति क्रम में प्रथमतया शून्यताबोधि ही होती है। प्राणियों की मरण के अन्त में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्कन्ध परित्याग से उत्पत्ति के अंशभूत स्कन्धों के ग्रहण मात्र से जो अन्तराल शून्यता क्षणात्मक है वही त्रिभुवन दर्शन है वही शून्य भी है। खलु का अर्थ निश्चय है। उस क्षण के बाद चन्द्रबिन्दु का संग्रह है। आलय विज्ञान का मातृगर्भ में शुक्र बिन्दुओं का ग्रहण ही संग्रह कहलाता है। उस शुक्रादिग्रहण द्वारा बिम्ब की उत्पत्ति होती है और सात महीनों में गर्भ की निष्पत्ति होती है। जो काय की निष्पत्ति है। उसके बाद प्रवर, रस और कुलों के द्वारा ६ स्कन्धों से चक्षुरादिओं का अक्षर न्यास रूप विषयों में प्रवृत्ति होती है। इस प्रकार देवता के साधन में भी कल्पनात्मक अवस्था की भावना करनी चाहिए, आदि कर्मिक के द्वारा। यह सामान्य सेवा है। जलनिधिकुलिशों का अर्थ है काय, वाक्, चित्त ज्ञान वज्रों से निष्पन्न यही अर्थ है। मध्यमसाधन प्राणों की निष्पत्ति है। यहाँ उपाय चार प्रकार का है। सेवा के अङ्ग में और उपसाधना के अङ्ग में मृदु और दृढ होते हैं। साधना के अङ्ग में उसी प्रकार १६ वर्षों की अवधि होती है यही नियम है।

अत्र मृदुर्जातबालः। दन्तोत्थानात् तु मध्यबालः। दन्तपातात् कुमारः। पुनर्दन्तोत्थानात् षोडशवर्षोर्ध्वं प्रौढः। पुत्रदुहितृजनकत्वादिति। एवं सर्वदेवतानां चतुर्विधमङ्गं योगिना भावनीयमिति लौकिकसत्यनियमः।

यहाँ मृदु पैदा हुआ बच्चा है। दात निकलने पर मध्य बाल होता है। दातों के गिरने पर कुमार होता है। फिर दातों के उगने से तथा १६ वर्ष में प्रौढ कहलाता है। बाल बच्चे पैदा करने के कारण भी प्रौढ है। इसी प्रकार सभी देवताओं के चार प्रकार के अङ्ग योगियों द्वारा भावना करनी चाहिए। यही लौकिक सत्य नियम कहलाता है।

इदानीं परमार्थसत्येन बुद्धबिम्बनिष्पत्तिरुच्यते। इह प्रथमं शून्यता-बोधिरित्यन्धकारे न किञ्चिदपि चिन्तनीयम्। ततः संग्रहश्चन्द्रबिन्दोरिति। बिन्दुपर्यन्तं धूमादिनिमित्तग्रहणमिति। बिम्बोत्पत्तिश्च तस्मादिति तस्माद् बिन्दोर्विश्वदर्शनं बिम्बोत्पत्तिरिति। प्रवररसकुलैरिति निरावरणैः षट्स्कन्धै-रक्षरन्यास इति। प्रादेशिकस्कन्धधात्वायतनादीनां निरोधः। ततो मृद्वादिभेदो भूमिलाभेन भवति यावन्न द्वादशभूमीश्वरो भवति। ततः -

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वादशाकारसत्यार्थः षोडशाकारतत्त्ववित्।
विंशत्याकारसम्बोधिर्विबुद्धः सर्ववित् परः॥

इति नियमः।

अब परमार्थ सत्य के द्वारा बुद्धबिम्ब की निष्पत्ति बता रहे हैं। यहाँ सर्वप्रथम शून्यताबोधि इस प्रकार अन्धकार में कुछ भी चिन्तन न करें। उसके बाद चन्द्र बिन्दु का संग्रह। बिन्दु पर्यन्त धूमादि निमित्तों का ग्रहण किया जाता है। बिम्ब की उत्पत्ति भी उसके बाद बिम्ब का विश्व दर्शन ही बिम्बोत्पत्ति है। प्रवर, रस और कुलों से निरावरणात्मक ६ स्कन्धों द्वारा अक्षर न्यास किया जाता है। प्रादेशिक स्कन्ध, धातु, आयतन आदि का निरोध बताया गया है। उससे मृदु आदि भेद भूमि लाभ से होता है जब तक द्वादश भूमि का ईश्वर नहीं होता है। उसके बाद द्वादशाकार ही सत्यार्थ है, षोडषाकार सत्य होता है। विंशति आकार से सम्बोधि प्राप्ति और विबुद्ध ही सर्ववित् है वही परम है। यही नियम है।

इदानीं प्रत्याहारादिफलमुच्यते –

प्रत्याहारेण योगी विषयविरहितो ऽधिष्ठ्यते सर्वमन्त्रैः
पञ्चाभिज्ञानलाभी भवति नरपते ध्यानयोगेन शुद्धः।
प्राणायामेन शुद्धः शशिरविरहितः पूज्यते बोधिसत्त्वैर्
मारक्लेशादिनाशं विशति दशबलं धारणाया बलेन॥
संशुद्धो ऽनुस्मृतेः स्याद्विमलमपि च भामण्डलं ज्ञानबिम्बात्
तस्माच्छुद्धः समाधौ कतिपयदिवसैः सिध्यति ज्ञानदेहः।
प्रत्याहारादिभिर्वै यदि भवति न सा मन्त्रिणामिष्टसिद्धिर्
नादाभ्यासाद्धठेनाब्जगकुलिशमणौ साधयेद् बिन्दुरोधात्॥

इह प्रत्याहारेण यदा योगी शुद्धो भवति बिम्बेन स्थिरीभूतेन तदा सर्वमन्त्रैरधिष्ठ्यते वचसा वरदानादिकं ददाति। पञ्चाभिज्ञानलाभी भवति नरपते ध्यानयोगेन शुद्ध इति। इह यदानिमिषचक्षुर्भवति तदा दिव्यचक्षुर्भवति। एवं दिव्यश्रोत्रो ध्यानेन शुद्धो भवति। प्राणायामेन शुद्ध इति। यदा रविशशिमार्गरहितो योगी भवति सदा मध्यमावाहस्तदा प्राणायामेन शुद्धः सन् पूज्यते। बोधिसत्त्वैः प्रशस्यत इत्यर्थः। मारक्लेशादिनाशं विशति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दशबलमिति शून्यताबिम्बं ग्राह्यग्राहकचित्तं विशति धारणाया बलेनेति प्राणस्य गतागतक्षयेणैकलोलीभवति।

अब प्रत्याहार आदि का फल बताया जाता है –

यहाँ, प्रत्याहार से जब योगी शुद्ध होता है बिम्ब से स्थिर होकर सभी मन्त्रों से आवृत हो जाता है और वचनों से वरदान देता है। पञ्चाभिज्ञान लाभी होता है, ध्यान योग से शुद्ध होता है। जब निमिष चक्षु वाला होता है तब वह दिव्यचक्षु वाला हो जाता है। इसी प्रकार दिव्य श्रोत्रवाला ध्यान से शुद्ध होता है। प्राणायाम से शुद्ध होता है। जब रवि चन्द्र आदि मार्गों से रहित योगी हो जाता है तब, मध्यमवाही होने पर प्राणायाम के द्वारा शुद्ध होकर पूजित होता है। बोधिसत्त्वों के द्वारा पूजित हो जाता है यही अर्थ है। मारक्लेशादि नाश करता है। दश बल अर्थात् शून्यता बिम्ब में ग्राह्य ग्राहक चित्त में प्रविष्ट होता है। धारणा के बल से इस प्रकार प्राण का गतागतक्षयों से एकाकार हो जाता है।

संशुद्धोऽनुस्मृतेरिति। इहानुस्मृतिर् बिम्बालिङ्गनं चित्तस्य सर्वविकल्परहितत्वम्। तस्माच्छुद्धो यदा तदा विमलं प्रभामण्डलं भवति। अपिचशब्दाद्रोमकूपात् स्फुरत्पञ्चरश्मयो निश्चरन्ति ज्ञानबिम्बाच्छून्यबिम्बादिति। तस्माच्छुद्धः समाधाविति। इह ग्राह्यग्राहकचित्तयोरेकत्वेन यदक्षरसुखं भवति तत् सुखं समाधिरुच्यते। तस्माच्छुद्धः समाधेः शुद्धो वैमल्यं गतः कतिपयदिवसैस्त्रिपक्षत्रिवर्षैः सिध्यति ज्ञानदेह इति दशबलवशितादिकं प्राप्तो बोधिसत्त्वो भवतीति प्रत्याहारादि नियमः।

अनुस्मृति की शुद्धि क्या है? बिम्ब का आलिङ्गन ही चित्त का सर्वविकल्पों से रहित होना है। इस प्रकार जब वह शुद्ध होता है विमल प्रभामण्डल युक्त हो जाता है। शब्दों से और रोम कूपों से प्रभायुक्त पञ्चमरश्मियाँ निकलती हैं – ज्ञान बिम्ब और शून्यबिम्बों से भी। इसी से समाधि में शुद्धि होती है। यहाँ पर ग्राह्य और ग्राहक चित्तों के एकाकार होने से जो अक्षर सुख उपलब्ध होता है वही समाधि सुख है। इसी से समाधि से शुद्ध विमल वह कुछ ही दिनों में, तीन पक्षों और तीन वर्षों में सिद्ध होता है। इस प्रकार दश बल वशिता आदि को प्राप्त करके बोधि सत्त्व होता है। यही प्रत्याहारादि का नियम है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इदानीं हठयोग उच्यते। इह यदा प्रत्याहारादिभिर्बिम्बे दृष्टे सत्यक्षरक्षणं नोत्पद्यतेऽयन्त्रितप्राणतया तदा नादाभ्यासाद् हठेन प्राणं मध्यमायां वाहयित्वा प्रज्ञाब्जगतकुलिशमणौ बोधिचित्तबिन्दुनिरोधादक्षरक्षणं साधयेन्निस्पन्देनेति हठयोगः। नादाभ्यासो ऽत्रैवोक्तः।

या शक्तिर्नाभिमध्याद् व्रजति परपदं द्वादशान्तं कलान्तं
सा नाभौ सन्निरुद्धा तडिदनलनिभा दण्डरूपोत्थिता च।
चक्राच्चक्रान्तरं वै मृदुललितगतिश्चालिता मध्यनाड्यां
यावच्चोष्णीषरन्ध्रं स्पृशति हठतया सूचिवद् बाह्यचर्म॥
आपानं तत्र काले परमहठतया प्रेरयेदूर्ध्वमार्गे
उष्णीषं भेदयित्वा व्रजति परपुरं वायुयुग्मे निरुद्धे।
एवं वज्रप्रबोधान् मनसि सविषये खेचरत्वं प्रयाति
पञ्चाभिज्ञास्वभावा भवति पुनरियं योगिनां विश्वमाता॥
प्रज्ञा ज्ञानं च चित्तं भवति दशविधस्तस्य चाभास एव
सेको ऽस्मिन्मंज्जनं यद्विमलशशिनिभादर्शबिम्बोपमे वै।
तस्मान्निर्वाणसौख्याच्युतमपि सहजं चाक्षरं वै चतुर्थं
यस्यैतद् बुद्धवक्त्रं हृदयमुखगतं वर्तते श्रीगुरुः सः॥

अब हठयोग की व्याख्या करते हैं। जब प्रत्याहारादि के द्वारा बिम्ब के दर्शन हो जाते हैं अक्षर क्षण की उत्पत्ति नहीं होती क्योंकि प्राणों का निरोध न होने से तथा नाद के अभ्यास से हठ से प्राण को मध्यमा में बहाकर प्रज्ञा रूपी कमल के तन्तु में बोधिचित्त बिन्दु के निरोध से अक्षर क्षण को सिद्ध करना चाहिए। दाँत उगे हुए योगी के द्वारा यही हठयोग है। नाद का अभ्यास यहीं पर कहा गया है।

इह प्रज्ञा च ज्ञानं च यथासंख्यं ग्राहकचित्तं तस्य च ग्राहकचित्तस्य यो दशविधो धूमादिको ग्राह्यादर्शाभासः प्रतिसेनावत् स एव ज्ञानं ग्राह्यचित्तमित्यर्थः। एवमादर्शे स्वचक्षुःप्रतिबिम्बमिव स्वचक्षुर्ग्राह्यमिति प्रज्ञा च ज्ञानं च। सेकोऽस्मिन्मज्जनं यदिति। इह ग्राह्यचित्ते ग्राहकचित्तस्य यस्तस्मिन् प्रवेशो बाह्यविषयेष्वप्रवृत्तिः प्रत्याहारो ध्यानं प्राणायामो धारणा मज्जनमित्युज्यते षडङ्गे। तस्मान्मज्जनान्निर्वाणसौख्यमच्युतपि सहजं चाक्षरं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वै चतुर्थं सुखं बालप्रौढस्पन्दानां परं लोकोपमामतिक्रान्तं त्रैलोक्याचारमुक्तमित्यर्थः। हसितेक्षणस्पर्शालिङ्गनपाणिव्याप्तिद्वन्द्वरहितं कर्ममुद्राज्ञानमुद्राहेतुरहितं शून्यतासर्वाकारप्रतिभासलक्षणमिति। इदं बुद्धवक्त्रं ज्ञानवक्त्रं यस्याचार्यस्य हृदयगतं भावितं स्वानुभवं सुखगतं शिष्येभ्यः प्रतिपादनाय वर्तते सर्वकालं स श्रीगुरुर्वज्रधर इत्यर्थः।

यहाँ प्रज्ञा और ज्ञान क्रमशः ग्राहकचित्त है उसकी ग्राहक चित्त का जो दश प्रकार का धूमादि ग्राह्य आदर्श का आभास है जैसे की प्रतिसेना वही ज्ञान ग्राह्यचित्त कहलाता है। इस प्रकार के आदर्श में अपने आखों की प्रतिबिम्ब के तरह स्वचक्षु ग्राह्य है इस प्रकार प्रज्ञा और ज्ञान हैं। यहाँ ग्राह्यचित्त में ग्राहकचित्त का जो प्रवेश वह बाह्यविषयों में अप्रवृत्ति ही है वही प्रत्याहार और ध्यान, प्राणायाम, धारणा और मज्जन यह कहा जाता है षडङ्ग में। उसी निमज्जन से निर्वाण का सुख जो अच्युत होते हुए भी सहज, अक्षर निश्चय ही चौथा सुख है जो बाल, प्रौढ आदि सभी के लिए लोक अवस्था का अतिक्रमण करके त्रैलोक्याचार से मुक्त होना ही है। हसना, देखना, स्पर्श करना, आलिङ्गन तथा हाथों से कर्म करना आदि द्वन्दरहित कर्ममुद्रा ज्ञानमुद्रा आदि कारण रहित शून्यता सर्वाकार प्रतिभास लक्षण यही है। यही बुद्ध वक्त्र है, जिस आचार्य का हृदय में स्थित भावित स्वानुभव मुख में स्थित शिष्यों को बताने के लिए है अर्थात् हमेशा वह श्रीगुरु वज्रधर हैं यही इसका अर्थ है।

इदानीं योगोपसंहार उच्यते –

अब योग का उपसंहार करने जा रहे हैं –

मध्ये प्राणप्रवेशः सरविशशिगतेर्बन्धनं सव्यवामे
चित्तं मुद्राप्रसङ्गे परमसुखगतं वज्रसम्बोधनं च।
पद्मे वज्रध्वनिर्वा स्वकरसलिलजोल्लालनं सौख्यहेतोर्
बीजात्यागः स सौख्यो मरणभयहरः श्रीगुरोर्वक्त्रमेतत्॥

इह प्रथमं योगिना मध्ये प्राणप्रवेशः कर्तव्यो ऽवधूत्यां येन निमित्तं पश्यतीत्येकं श्रीगुरोर्बुद्धस्य कायवज्रं वक्त्रमुच्यते। तस्मात् सरविणा दक्षिणगतिना सार्धं शशिगतेर्वामनाडीगतेर्बन्धनं प्राणस्येति नियमः। प्राणायामो द्वितीयं वाग्वज्रम्। चित्तं मुद्राप्रसङ्गे बिम्बे ऽनुरक्तं बोधिचित्तं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्रुतं तृतीयं चित्तवज्रं परमसुखगतं वज्रसम्बोधनं च। अथ बिम्बद्वारेणानन्दो न भवति तदा पद्मे वज्रध्वनिर्वा शनकैः कर्तव्यः। अथ स्त्रियं न लभते तदा स्वकरकमलेनोल्लालनं कर्तव्यं सौख्यवृद्धिहेतोः पातहेतोर्न। एवं बीजात्यागः स सौख्यो भवति मरणभयहरः श्रीगुरोर्वक्त्रं चतुर्थं ज्ञानवक्त्रमेतदिति योगाभ्यासनियमः।

यहाँ सर्वप्रथम योगी का अवधूती के मध्य में प्राण को प्रविष्ट कराना चाहिए जिससे निमित्त का दर्शन होता है वह भी गुरु बुद्ध के कायवज्र को ही वक्त्र (मुख) कहा गया है। वहाँ से दक्षिणगति द्वारा चन्द्रगति के साथ वामनाडी के गति को बाँधकर प्राण का निग्रह ही नियमन है। प्राणायाम ही द्वितीय वाग्वज्र है। मुद्रा प्रसङ्ग बिम्ब में अनुरक्त चित्त ही बोधिचित्त है तीव्र तीसरा चित्तवज्र परमसुखमय और वज्रसम्बोधन भी है। यदि, अब बिम्ब द्वार से आनन्द की उपलब्धि नहीं होगी तब पद्म में वज्रध्वनि शान्ति से करनी चाहिए। यहाँ पर स्त्री की उपलब्धि नहीं होती, तब अपने हाथों से सौख्य के वृद्धि के लिए ही उल्लालन कर लेना चाहिए न कि क्षरण के लिए। इस प्रकार बीज का त्याग वह सौख्य होता है वही मरण के भय का हरण करने वाला है श्री गुरु का मुख चौथा है वही ज्ञानवक्त्र कहा गया है, यही योगाभ्यास का नियम है।

इदानीं पञ्चमण्डलक्षय उच्यते –

अब पञ्च मण्डल का क्षय बता रहे हैं –

पृथ्वी तोयं प्रयाति ज्वलनमपि जलं पावको मारुतं च
वायुः शून्यं च शून्यं व्रजति दशविधं वै निमित्तं निमित्तम्।
सर्वाकारं प्रयात्यक्षरपरमसुखानाहतं ज्ञानकायं
ज्ञानादृद्धिश्च सिद्धिर्भवति नरपते जन्मनीहैव पुंसाम्॥

इह यदा योग्यनिमिषनयनो भवति क्रोधदृष्ट्या शून्य आरोपितचित्त-स्तदा वामे दक्षिणे वा। पृथ्वीत्युपलक्षणम्। यदा दक्षिणे पृथ्वीप्रवाहकाले योगी भावनां करोति तदायं विधिः। न पुनर्वामनाडीप्रवाहकाल आकाश-मण्डलादिक्रमतः। तेन वामे दक्षिणे वा यन् मण्डलं वहति प्राणस्तद्धर्मित्वा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्तदेव मण्डलमुच्यते। तेन दक्षिणनाड्यां पृथिवीमण्डले प्राणोऽब्मण्डलं याति। एवं ज्ञानमण्डलं यावत्। वामनाड्यामाकाशादिना याति। एवं शून्यं व्रजति दशविधं निमित्तं धूमादिकं निमित्तं सर्वाकारबिम्बं व्रजति। बिम्बं चाक्षरसुखं व्रजति। तदेव ज्ञानं प्रज्ञापारमितायाः। ज्ञानादृद्धिश्चाकाश-गमनादिका सिद्धिश्च त्रैधातुकेश्वरत्वं भवति नरपते जन्मनीहैव पुंसामिति मार्गप्रवेशनियमः।

जब योगी अनिमिष नेत्र वाला हो जाता है, क्रोध की दृष्टि से शून्य में आरोपित चित्त वाला उस समय वाम या दक्षिण में, यह पृथिवी का उपलक्षण है। जब दक्षिण में, पृथिवी के प्रवाह काल में योगी भावना करता है उस समय के लिए यह विधि है। परन्तु वामनाडी प्रवाह काल वह नहीं है, आकाशमण्डल आदि के क्रम से। वाम और दक्षिण नासिका में जो प्राण मण्डल का प्रवाह होता है उसी से उसे ही मण्डल कहा गया है। इसी से दक्षिण नाडी में पृथिवी-मण्डल में प्राण अप् (पानी) मण्डल में चला जाता है। इस प्रकार ज्ञान मण्डल पर्यन्त यही अवस्था होती है। वाम नाडी में आकाश आदि से जाता है। इस प्रकार शून्य में चला जाता है, दश प्रकार का निमित्त धूम आदि निमित्त जो सर्वाकार है बिम्बात्मक होता है उसी में चला जाता है। बिम्ब भी अक्षर सुख में चला जाता है। वही प्रज्ञापारमिता का ज्ञान है। ज्ञान से आकाश गमन आदि ऋद्धि और सिद्धि भी त्रैधातुक का ईश्वरत्व भी प्राप्त होता है। इसी जन्म में पुरुषों का होता है यही मार्ग प्रवेश का नियम है।

पूर्वपूर्वसेकापेक्षमुत्तरोत्तरसेकं श्रीकालचक्रविमलप्रभादिवचनैः सप्रपञ्चमभिधाय लोकोत्तरसेकं च सिक्त्वा तत्त्वं प्रकाशयेत् इति लौकिक-सेकपूर्वको ऽपि षडङ्गयोगहेतुक एव इति षडङ्गयोगं च श्रीकालचक्रादि-वचनैरेव विस्तरेण प्रतिपाद्येदानीम् अस्यैव साधनम् इत्यादि प्रकृतं व्याख्यातुमारभ्यते।

अस्यैव साधनं कुर्यात् प्रतिभासैरचिन्तितैः।
धूमादिभिर्निमित्तैस्तैः प्रज्ञाबिम्बैर्नभःसमैः॥ १॥
अस्तिनास्तिव्यतिक्रान्तैः प्रत्ययार्थैः स्वचेतसः।
परमाणुरजःसंदोहैः सर्वतः परिवर्जितैः॥ २॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्व-पूर्व अभिषेक के अपेक्षा - उत्तरोत्तर अभिषेक का महत्त्व श्री काल चक्र और विमल प्रभा आदि के वचनों के द्वारा विस्तारपूर्वक वर्णन करके लोकोत्तर अभिषेक का वर्णन सिक्त्वा आदि वचनों द्वारा किया गया है साथ ही लौकिक अभिषेक भी षडङ्गयोग का हेतु होने से षडङ्ग योग भी श्री कालचक्र आदि वचनों के द्वारा विस्तारपूर्वक प्रतिपादित हुआ है, जिसे अस्यैव साधनम् इत्यादि वचनों के व्याख्या द्वारा हम प्रतिपादन करने जा रहे हैं।

अस्यैव निरवशेषक्लेशज्ञेयावरणेन्धनदाहकस्य सर्वज्ञज्ञानाग्नेः साधनं स्फूटीभावं धूमादिभिः कुर्याद् योगी। किम्भूतैस्तैः। सर्वस्मिन् मूलतन्त्रे लघुतन्त्र आर्यप्रज्ञापारमितादिनीतार्थसूत्रे प्रसिद्धैः। अकस्माच्छून्ये प्रतिभा-सनात् प्रतिभासैः। सर्वविकल्पोपरमाद् अचिन्तितैः। तत्त्वफलस्य पूर्वरूपत्वान् निमित्तैः। ग्राह्यग्राहकरहिता स्वभावशून्यताधीः प्रज्ञा तद्बिम्बैर् योगिप्रत्यक्षाभासैः। बाह्याध्यात्ममलाननुलिप्तत्वान् नभःसमैः। सदसदादि-विकल्पकलङ्कानङ्कितत्वाद् अस्तिनास्तिव्यतिक्रान्तैः। योगिस्वसंवेद्यत्वात् प्रत्ययार्थैःस्वचेतसः। सर्वाकाराकृत्रिमाद्भुतनिःस्वभावभावरूपत्वात् सर्वतः परमाणुरजःसंदोहवर्जितैः।

निरवशेष-क्लेशावरण एवं ज्ञेयावरण को दहन करने के लिए जलते हुए इन्धन रूपी सर्वज्ञ रूपी ज्ञान अग्नि का जो साधन है वह भी अत्यन्त प्रकट रूप में है जिसे योगी धूम आदि के द्वारा करें और किस प्रकार? सभी मूलतन्त्रों में और लघुतन्त्र, आर्य प्रज्ञापारमितादि वचनों में और नीतार्थ सूत्रों में जो प्रसिद्ध हैं, अकस्मात् ही शून्य में प्रतिभासित होने वाले तथा सभी विकल्पों से उपरम हुए, तत्त्वफल के पूर्वरूप होने से जो निमित्त बने हुए हैं, ग्राह्यग्राहक रहित स्वभावशून्यताधीयुक्त प्रज्ञा और उसके बिम्बों से जो योगिजनों के प्रत्यक्ष तथा भासित होते हैं। जो आकाश के समान हैं क्योंकि बाह्य और आध्यात्म मलों से लिप्त नहीं हैं एवं सत् एवं असत् रूप विकल्पों के कलङ्क से मुक्त हैं - अतएव अस्तित्व नास्तित्व रहित हैं। योगियों के द्वारा संवेद्य होने से प्रत्ययार्थों से स्वचेतन हैं। सर्वाकार, अकृत्रिम, अद्भूत, निःस्वभावरूप होने से - सर्वतः परमाणु धूलों से रहित हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

धूममरीचिखद्योतदीपज्वालेन्दुभास्करैः।
तमः कला महाबिन्दुर्विश्वबिम्बं प्रभास्वरम्॥ ३॥

सकलबाह्याध्यात्मव्यापकशुक्लधूमाकारः शून्याभासः। अयं च मेघाभासानन्तरमुत्पद्यते। यथोक्तम् -

प्रथमं मेघवद्भाति द्वितीयं धूम्रसन्निभम्। इति।

एवं चलज्जलाकारा मरीचिः। खद्योतदीपाकारौ प्रसिद्धौ। एतानि चत्वारि निमित्तानि नीरन्ध्रगृहे ऽन्धकारभवत्वाद्रात्रियोग आकाशयोगश्च। यथोक्तं श्रीसमाजादौ प्रथमद्वितीयविलोमेन -

निरोधवज्रगते चित्ते निमित्तोद्ग्रह जायते॥
प्रथमं मरीचिकाकारं द्वितीयं धूम्रसन्निभम्॥
तृतीयं खद्योतकाकारं चतुर्थं दीपम् उज्ज्वलम्।
पञ्चमं तु सदालोकं निरभ्रगगनसन्निभम्॥ इति।

धूम, मरीचि, खद्योत, दीपज्वाला, इन्द्र, सूर्य, तमः कला, महाबिन्दु, विश्वबिम्ब जो प्रकाशपूर्ण है। इन्हें सकल बाह्य-आध्यात्म में पूर्ण व्यापक रूप होने से शुक्ल धूम के आकार में परिणत हुए हैं, वह शून्याभास है। मेघों के आभास के बाद ये उत्पन्न होते हैं। जैसा कहा भी है - पहले मेघ के तरह और उसके बाद धूम के तरह भासित होता है। मरीची इसी प्रकार चलते हुए पानी जैसा है। खद्योत एवं दीप प्रसिद्ध ही हैं। ये चार प्रकार के प्रसिद्ध हैं निमित्त, छिद्र रहित घर में अन्धकार होने से रात्रि जैसा और आकाश जैसा प्रतीत होता है। जैसा कि श्री समाज तन्त्र में प्रथम और द्वितीय को उल्टा करके कहा गया है -

चित्त निरोधवज्र में प्रतिष्ठित हो जाता है तब निमोत्तोद्ग्रह उत्पन्न होते हैं। पहला मरीचि आकार, दूसरा धूम आकार, तीसरा खद्योताकार, चौथा दीप प्रभा-समुज्वल, पञ्चम आलोक है जो स्वच्छ आकाश के तरह।

ततो निरभ्रगगनसमाभासपूर्वो वह्न्याकारः शून्याभासो ज्वाला। इन्दुभास्कराभासौ प्रसिद्धौ। तम इति राह्वालोकः कृष्णरत्नवदाभासः। कलेति विद्युदाभासः। महाबिन्दुर् इति सचराचरद्योतकनीलवर्णचन्द्र-मण्डलाकाराभासः। एतानि षण्णिमित्तानि निरभ्रगगनालोकभवत्वाद्दि-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वायोगो ऽभ्यवकाशयोगश्च। ततस्तन्मध्यगामिसम्भोगकायात्मकबुद्ध-बिम्बदर्शनसहितमेकक्षणे करस्थनीरोपमस्वच्छसर्वाकारघटपटादिदर्शनं विश्वबिम्बं प्रभास्वरम्।

उसके बाद निरभ्र आकाश के तरह ही पूर्व दिशा होती है। वह्नि के आकारवाला शून्याभासपूर्ण ज्वाला होती है। चन्द्रसूर्य प्रकाश प्रसिद्ध हैं ही। तमः यह राहु का आलाक है जो काले रत्नों के तरह है। कला से विजुली का प्रकाश कहा गया है। महाबिन्दु यह चराचर को द्योतित करने वाले नीलवर्ण युक्त चन्द्र मण्डलाकार का आभास है। वे सब ६ निमित्त कहे गए हैं जो मेघरहित आकाश में आलोकित होने से दिन का योग और हृदय आकाश में पूर्ण रूप से प्रस्फुटित होते हैं। उसके बाद उसके बीच में ही सम्भोगकाय युक्त बुद्ध के बिम्ब का दर्शन सहित एक ही क्षण में हाथ में रखे हुए स्फटिक के तरह ही स्वच्छ सर्वाकार घट-पट आदि दर्शन होते हैं, उसे ही विश्वबिम्ब और प्रभास्वर कहा गया है।

पिहितापिहितनेत्राभ्यां शून्ये यत्रानुकल्पितम्।
दृश्यते स्वप्नवद् बिम्बं तद् बिम्बं भावयेत् सदा॥ ४॥

पिहित (ढके हुए) और अपिहित (न ढके हुए) नेत्रों के द्वारा शून्य में जो कल्पना की जाती है वहाँ पर स्वप्न के तरह ही बिम्ब के दर्शन होते हैं उसी बिम्ब की भावना करनी चाहिए।

पिहितापिहतनेत्राभ्याम् इति। अन्तरालावलम्बितयाऽर्धोन्मीलित-लोचनाभ्यां शून्य आकाशे ग्राह्यग्राहकरहिते यत्रानुकल्पितं स्वप्रवद् बिम्बं योगिप्रत्यक्षं तद् बिम्बं विश्वबिम्बं भावयेद् ध्यानाङ्गेन स्थिरीकुर्यात्। उक्तं मध्यमायां जिनजनन्यां - रत्नालोको नाम समाधी रत्नप्रदीपो नाम समाधिश्चन्द्रालोको नाम समाधिः सूर्यप्रदीपो नाम समाधिः सर्वाकारदर्शी नाम समाधिर् इत्यादि। नामसङ्गीत्यां च -

प्रत्यक्षः सर्वबुद्धानां ज्ञानार्चिः स्वप्रभास्वरः॥ इति।

पिहित इत्यादि के द्वारा यह कहा गया है - अन्तराल में अवलम्बित होकर आधे खुले हुए नेत्रों से शून्य आकाश में ग्राह्य ग्राहक रहित तत्त्व में जो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वप्न के तरह कल्पना की जाती है वही विश्वबिम्ब है जिसे योगीगण प्रत्यक्ष करते हैं वही विश्वविम्ब है ध्यानाङ्गों के द्वारा चित्त में स्थिर करना चाहिए। इसे ही मध्यमक शास्त्र जो जिन जननी भी कहा जाता है में कहा है - रत्नालोक नामक समाधि है जो रत्नप्रदीप नामक समाधि भी है वही चन्द्रालोक समाधि और सूर्यप्रदीप समाधि भी है तथा सर्वाकार दर्शी नामक समाधि भी कहा जाता है। और नाम संगीति में भी कहा है - सभी बुद्धों के लिए यह प्रत्यक्ष ही है जो ज्ञानार्चि तथा स्वप्रभास्वर भी है।

आर्यनागार्जुनपादैश्च -

आर्य नागार्जुन ने भी कहा है -

अस्तिनास्तिव्यतिक्रान्ता बुद्धिर्येषां निराश्रया।
गम्भीरस्तैर्निरालम्बः प्रत्ययार्थो विभाव्यते॥

जिनकी बुद्धि अस्ति एवं नास्ति से ऊपर उठ चुकी है और निराश्रय हो गयी है उन्हीं के द्वारा निरालम्ब, गंभीर प्रत्ययार्थ का बोध किया जा सकता है।

कम्बलाम्बरपादैरपि -

कम्बलपाद ने भी कहा है -

ज्ञेयान्यत्र तु लिङ्गानि लब्धालोकेन योगिना।
सिद्धेरव्यभिचारीणि धूमवत् कृष्णवर्त्मनः॥
करोति स्तब्धतामक्ष्णोः शिरसश्चावनम्रताम्।
स्तैमित्यं चित्तचैत्तानां शून्यतां शून्यतेक्षिणाम्॥

ज्ञेय के अतिरिक्त जो भी चिह्न हैं वे सब आलोक प्राप्त किए हुए योगीजनों के लिए सिद्धि के अविरोधी हैं जिन्हे कृष्णमार्ग के धूम के तरह ही भासित होते हैं। उसके बाद आँख आधा बन्द करके शिर को थोड़ा झुकाकर या सीधाकरके शान्त स्थिर चित्त होकर शून्यता का ईक्षण करते हैं वे ही शून्य तत्त्व को देखने वाले योगी हैं।

इत्यादि। अन्यैरपि -

इत्यादि। औरों ने भी कहा है -

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विमलनभसि यस्मिन्निर्मिते लोचनार्धे
स्फुरदुरुकरुणार्द्राद् आशयादाश्रयाशात्।
सदसदुभयभावाभावनिर्भेद्यकस्माद्
उदयदखिलधूमाद्यन्वयः शून्यतायाः॥

स्वच्छ आकाश में आधा आँख बन्द करके, करुणा से आप्लावित होते हुए आशय शुद्ध करके, सद् असद् उभय से रहित होकर, भाव अभाव से मुक्त होकर जो योगी एकाग्र हो जाते हैं उनके लिए धूम आदि निमित्त उदित होते हैं और वह तत्काल ही शून्यता में स्थिर हो जाता है।

तथा -

आदावाद्यान्तनिर्मुक्तो मध्यमात्रं समाश्रितः।
तत्रस्थो वर्जयेद्यस्तज्ज्योतिरस्य दशात्मकम्॥

पहले आदि और अन्त से मुक्त होकर मध्यम अवस्था में स्थित होना चाहिए और वहाँ रहकर उस ज्योति को भी छोड़ देना है साथ ही अब उसे दशात्मक अवस्था की उपलब्धि होती है।

इहान्तरालावगमो महागुरुप्रसादतः पुण्यवतामुदाहृतः। अयं हि योगीश्वरवज्रगीतितः प्रचक्ष्यते संवृतिनिर्वृतिपदैः।

श्रीसरहपादैरुक्तम् -

यहाँ पर मध्य में जो स्थिति कही गई है वह महागुरु का प्रसाद है जो पुण्यशीलों के लिए उपलब्ध होता है। यही अवस्था है जिसे योगीश्वर वज्रगीति में हम पाते हैं जिसे संवृत्ति निर्वृति पदों से श्री सरहपाद ने गाया है -

मूढा अन्तराल परिमाणह
तुट्टइ मोहजाल जइ जाणह।
पढमे जइ आआस विसुद्धो
चाहंते चाहंते दिट्ठि णिरुद्धो॥

मूर्खों! आप सभी अन्तराल में स्थित हो जाओ, मोह जाल को समझो, पहले पूर्ण रूप से आशाओं से मुक्त हो जाओ यदि तुम चाहते हो कि दृष्टि निरुद्ध हो जाए तो स्वतः यह हो जाएगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तथा -

अच्छउ किं बहुवोल्लिअइ धम्मह एह पमाण
अद्धउग्घाडे लोअणे दिट्ठिविसामे जाण॥
उइअउ गअणमज्झें अदभुआ।
पेक्खु रे भुसुकू सूणासरूआ॥
भुसुकू फुलिगउ अनुपमफुल्ला।
लेहु रे कुसुम अनग्घमुल्ला॥
एहु सो फुल्ला नानावण्णे।
सो फुल्ला फुलिसउ सूणारण्णे॥

यह अच्छा होगा कि मूल धर्म को जानने के लिए अपने नेत्रों को अर्धोन्मीतित करके दृष्टि को शून्य में स्थिर कर लें, उसके बाद अन्तर आकाश में अद्भूत दर्शन होते हैं यही बात भुसुक के पदों से भी ज्ञात होना चाहिए। वहाँ पर पापरहित पवित्र कुसुम की वृष्टि होती है। यह पुष्प अनेक वर्णों से सुशोभित है, यह सब शून्य अरण्य में प्रतिफलित होता है।

तथा -

अम्बर फुलिला माइए अपतिठाण गरुआ।
भावाभावविमुक्क रे सअलइ सुद्धसरूआ॥
चिन्ताचिन्तते पोहाइ गेलिराती।
दीवा जाली वाट चाहन्ति सान्ती॥

आकाश स्वच्छ निर्मल जैसा ही जब चित्त निर्मल होकर भाव और अभाव से मुक्त परम शुद्ध हो जाता है, अब चिन्तन और अचिन्तन से मुक्ति होती है, जैसे दिन में प्रकाश पुञ्ज सर्वत्र व्याप्त हो जाता है वही स्थिति योगी की भी होती है।

तथा -

उइअउ रे भुसुकु तारा।
सान्ति भणइ पोहान्तपहारा॥

उस अवस्था में आकाश में चमकने वाले तारों के तरह ही स्वच्छ निर्मलता आ जाती है यही भुसुक पाद की वाणी है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुनः -

पुण्णिमचन्दा उइअउ जव्वें।
चिअराअ निमलिअ तव्वें॥
आकट करुणाडमरु णिवाजइ।
आजदेव निरालए राजइ॥
वामे दाहिणे गूम घाट।
भणइ काहु अन्तरालें वाट॥
अनुभववोहरअण सुट्ठु गूढो
मूचइ नाअर वाज्झइ मूढो।
फुलिआ पञ्चफुल्ल अवलीना
आकट चीअ निरालें दीना॥

जैसे पूर्णिमा के रात्रि में चन्द्रमा प्रकाशित होता है स्वच्छ आकाश में आनन्द की स्थिति होती है उसी प्रकार निर्मल चित्त में करुणा का पूर्ण उदय हो जाता है जो अत्यन्त आनन्द दायक है। यह अवस्था वाम एवं दक्षिण नासिकाओं से बहने वाले वायु को निरोध करके बीच के मार्ग में उसे प्रवाहित करना चाहिए। यह सब अत्यन्त गंभीर अनुभव है, जिसे योगीगण प्राप्त करते हैं। उस अवस्था में पाँच प्रकार के फुल फुलते हैं जो कभी भी मुरझाते नहीं हैं उस निराले अवस्था में योगियों स्थिर हो जाओ।

तथा -

कीस कएल क अब्भुआ।
चान्दसुज्ज बान्धि जालिले दीवा॥
हसइ सान्ति सए आपणे करि सखी।
आकास विआइलि देखी॥

किस किसको यह अनुभव बतायें, जहाँ चन्द्र और सूर्य से भी गंभीर तेज प्रकट होता है। सब यहाँ आकर आनन्द के पराकाष्ठा में रमते हैं और आकाश के तरह शून्य और व्यापक हो जाते हैं।

पुनः (पुनः कहा है) -

गम्भीरधाम सुनिआ बढ तुट्ठो
णिसिअन्धारी किम्पि न दिट्ठो।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गअणसिरे जइ फुल्लइ फुल्ला
सान्ति भणइ तब्बे तुट्टइ भुल्ला।

यह सब अत्यन्त गंभीर विषय है ठीक से श्रवण कर लेना चाहिए। अन्धकारमय रात्रि में जब कुछ भी नहीं दिखता है तब अपने सहस्रार में अनन्त फुल-कमल फुलते हैं, जब यह स्थिति होती है परम तुष्टि मिलती है।

अन्यैश्चोक्तम् (अन्य विद्वानों ने भी कहा है) -

अन्तराल मण पवणा णअणा
एककाल जइ जोअउ निउणा।
अवस उअज्जइ जिणगुणरअणा
एतइ सअलतथागतवअणा॥

दो प्रकार से बहने वाला वायु मध्य में स्थिर हो जाता है उसे एकाकार कहते हैं पिण्ड स्वरूप कहा जाता है तब वह समग्र सम्पदा को देने वाला हो जाता है। यही परम रमणीय अवस्था है।

पुनर् (फिर कहा है) -

विविहविअप्पविवज्जिअ चीओ
अन्तराल जइ णअण किओ।
फुड पतिहासइ दहविहमग्ग
तहिं योईसर सअलइ लग्ग॥

जितने भी विपत्तियाँ और दुःख-सुख हैं संसार में वे सब वायु मध्यम अवस्था में आते ही समाप्त हो जाते हैं। जिसके प्राप्ति से आनन्द का सरोवर उपलब्ध होता है आप सभी उसी के लिए प्रयत्न करो।

तथा -

णिअमण सअललक्खणरहिओ
अद्धउघाडें लोअणें सहिओ।
मज्झों पवण हालइ जव्वें
वज्जाणलधूमा उट्ठइ तव्वें॥

संसार के जितने भी द्वन्द्व हैं उन्हें सहन करने का अभ्यास करते ही रहना चाहिए किन्तु जब वायु मध्य नाडी में बहना शुरू करता है आपको कुछ भी नहीं करना है वही सब कुछ कर देता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्मादसन्देहतो धूमादिमार्गो बुद्धत्वार्थिना भावयितव्यः॥ ननु सकलकल्पनाकलङ्कानङ्किता महामुद्रा भावना च समारोपस्तत् कथं भावयेद् इत्युक्तमित्याह –

इसीलिए सन्देह रहित होकर धूमादिमार्ग बुद्धत्व चाहने वाला व्यक्ति योगी अवश्य ग्रहण करें। यहाँ सन्देह होता है कि समग्र कल्पनाओं से रहित महामुद्रा की भावना आरोपित होने पर कैसे कहा कि उसकी भावना करनी चाहिए कहकर – अब इसके लिए यह कहा –

अभावे भावना बिम्बे योगिनां सा न भावना।
भावो ऽभावो न चित्तस्य बिम्बे ऽकल्पितदर्शनात्॥ ५॥

अभाव रूपी बिम्ब में योगिओं को भावना करनी चाहिए। चित्त का भाव और अभाव नहीं होता किन्तु बिम्ब में अकल्पित दर्शन के कारण यह होता है॥

अभाव इत्यादि। इह ह्यालम्बनं द्विविधम्। प्रत्यक्षमनुमानं च। तदुक्तं श्रीकालचक्रे तट्टीकायां च –

प्रत्यक्षं चानुमानं द्विविधमिह भवेद्देवतालम्बनं यत्
प्रत्यक्षं तत्त्वयोगादुडुरिव गगने ऽनेकसम्भोगकायम्।
अप्रत्यक्षे ऽनुमानं मृतकतनुरिवातत्त्वतः कल्पनं यच्
चित्रादौ दर्शनीयं ह्यपरिणतधियां योगिनां भावनार्थम्॥

इह सत्त्वानामाशयवशेन योगिनां प्रत्यक्षं चानुमानं द्विविधमपि भवेद्देवतालम्बनं यत्। तयोः प्रत्यक्षानुमानयोर्यत् प्रत्यक्षं तद्व्यपगतसकल-कल्पनाकलङ्कं सद्गुरुमार्गोपदेशजाततत्त्वयोगाद्गगन उडुरिव भवेत् ताराचक्रवदनेकसम्भोगकायं मांसादिचक्षुर्ग्राह्यं मायास्वप्नसदृशं त्रिभवं त्र्यध्वनि। अत्र प्रथमं मांसचक्षुषादिकर्मिको योगी विश्वबिम्बमभिज्ञामन्तरेण पश्यति। ततो दिव्यचक्षुषाभिज्ञावधिवशात्। ततो बुद्धचक्षुषा वीतरागा-वधिवशात्। ततः प्रज्ञाचक्षुषा बोधिसत्त्वावधिवशात्। ततो ज्ञानचक्षुषा सम्यक्सम्बुद्धावधिवशात् सर्वोपधिविनिर्मुक्तितः। एवं तथागतस्य पञ्चचक्षूंषि मांसादीन्युक्तानि शून्यतादर्शनं प्रति। अन्ये सत्त्वाः शून्यता-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दर्शनविषये जात्यन्धा इति तत्त्वभावनानियमः। अतत्त्वसाधने पुनरप्रत्यक्षे ऽनुमानं मृतकतनुरिवातत्त्वतः कल्पनं यत्तच्चित्रादौ दर्शनीयमिति। मृतकतनुरिव सर्वथा तत्त्वदर्शनाभावात् शववत्। चित्रं प्रतिमा घटिता निषिक्ता बुद्धबोधिसत्त्वानां मण्डलचक्रं वा लिखित्वा नियताकारं दर्शनीयं बालयोगिनां मन्दानां भावनार्थमिति विकल्पभावनानियमः।

यहाँ पर दो आलम्बन हैं। प्रत्यक्ष और अनुमान। जिसे कालचक्र और उसकी टीका में भी कहा है -

यहाँ प्राणियों की आशय के आधर पर ही योगिओं के लिए दो प्रमाण प्रस्तुत किए गए हैं - प्रत्यक्ष और अनुमान। वे भी देवता के आलम्बनात्मक हैं। इन दोनों में से प्रत्यक्ष समग्र कल्पनाओं से रहित सद्गुरु के मार्गोपदेश से उत्पन्न तत्त्वयोग से आकाश में उदित हुए चन्द्र के तरह तारा चक्रों के तरह अनेक सम्भोग काय जो मांसादि चक्षुओं से ग्राह्य हैं, माया स्वप्न जैसा त्रिभव तीन अध्वा में परिलक्षित होता है। यहाँ योगी सर्वप्रथम मांस चक्षु आदि कर्मिक योगी विश्वबिम्ब को अभिज्ञा के द्वारा ही जानता है। उसके बाद दिव्य चक्षु के द्वारा अभिज्ञा पर्यन्त ही उसकी अवस्थिति होती है। फिर वीतरागादि के कारण बुद्ध चक्षु से देखता है। बोधिसत्त्वों के अवधि से प्रज्ञा चक्षुओं से जानता है। फिर ज्ञान चक्षुओं से सम्यक्संबुद्ध की अवस्था से समग्र उपाधि रहित होकर। इस प्रकार शून्यता दर्शन के लिए तथागत के मांस आदि पाँच चक्षु कहे गए हैं। अन्य प्राणी शून्यता के दर्शन के विषय में जन्म से ही अन्धे हैं यही तत्त्वभावना का नियम है। अतत्त्व साधन में फिर अप्रत्यक्ष में अर्थात् अनुमान के द्वारा कल्पनाजन्य परोक्ष मृत शरीर के तरह ही दर्शनीय होता है। जैसे मृत शरीर के विषय में कोई ज्ञान न होने से भी कल्पना से ही हम जान लेते है जैसे शव के विषय में जानत हैं। चित्त-प्रतिमा जो बनाई हुई है बुद्ध और बोधिसत्त्वों का मण्डल लिखकर निश्चित आकार में दर्शनीय होता है बालयोगियों के लिए, और मन्द बुद्धियों के विकल्पभावना के लिए भी होते हैं।

तस्माद् अभावे निरभ्रे गगने स्वप्नमायादिसदृशे बिम्बे प्रत्याहारेण दृष्टे या भावना ध्यानाङ्गेन त्रैकालिकत्रैधातुकप्रतिभासात्मकस्य प्रत्यात्म-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वेद्ययोगिस्वचेतसः प्रबन्धेन प्रवर्तनं सा योगिनां भावना कल्पना न भवति, अस्तिनास्तिभावाभावादिसकलविकल्पजालविषयविज्ञानादिप्राणापान-वायूनामुपरमादेव स्फुटतरत्र्यध्वत्रैधातुकप्रतिभासस्योदयात्। उक्तं चार्य-देवपादैः –

प्रविष्ट होता है। वहाँ पर २७ दिनों तक बहती है। उसके बाद ३६ दिनों तक ग्रहण करके प्रविष्ट होती है। आठवें को शून्य करके अशेष २१ दिनों का ग्रहण करके नवम में प्रविष्ट होती है। इसी प्रकार दक्षिण नाडी को छोड़कर वामनाडी में सङ्क्रान्ति होकर दो दिन तक बहती हुई श्लेष्मा नामक धातु शोषण करके उसके शक्ति को शोषित करता है। उसके बाद पद्मकर्णिका में मध्य नाडी में असङ्क्रान्ति से एक दिन बहती हुई वायु स्वभाव तमो धातु के क्षय होने से उसे शोषित करके दक्षिण नासिकापुट के माध्यम से निकलकर अपने स्वरूप को दिखाते हुए प्राण शक्ति शुभाशुभ कर्मों से प्रेरित होती हुई भवान्तर अन्य जीवन में संक्रमित होती है।

चन्द्रारिष्टमाह मूलाद् इत्यादिना चन्द्रारिष्ट को बता रहे हैं निम्न श्लोक के द्वारा–

मूलादेकोत्तरेण स्याद्वामे चन्द्रस्य रोहणम्।
दिनैर्मासैर्दिनैर्मासैस् त्रिदिनानि द्विमासकौ॥ ४॥
दिने ऽरिष्टं शुभे मासे वृद्धिहानिस्ततस्तयोः।

पूर्वलग्न से लेकर वाम नासिका में चन्द्र का आरोहण नूर्वक दिन महीने, दीन और महीने इस प्रकार तीन दिन और दो मास होते हैं। उस दिन में अरिष्ट का उदय होता है और इसी प्रकार उन दोनों की वृद्धि और हानि होती है।

मूलाद् इति नाभिचक्रस्य मेषादिविषमजन्मलग्नात्मकपूर्वदलादारभ्य। एकोत्तरेणेति। एकद्वित्र्यादिक्रमात् त्रयस्त्रिंशद्दिनान्येकादशे पत्रे वाम-नाड्यारोहणं चन्द्रस्य वायोः। कथम् एकोत्तरेणेत्याह। गर्भप्रथमदले दिनमेकं वामेन वहति। तद्दिनोनमासद्वयं यथावद्वहति। ततस्तृतीयमासादौ दिनद्वयं तस्मिन्नेव पत्रे वामे वहति। तद्दिनोनतृतीयचतुर्थमासयोर् यथावद्वहति। पञ्चममासादौ दिनत्रयं तत्र दले वामे वहति। तद्दिनोनपञ्चम-षष्ठमासयोर् यथावद्वहति। एवं पूर्वपूर्वेण सह गण्यमानानि प्रथमतृतीय-पञ्चममासादिमान्येव त्रीण्यरिष्टदिनानि व्यवस्थाप्यन्ते। अथवाविच्छिन्नं वहद् रात्रिंदिनं व्यवस्थाप्यते ऽरिष्टदिनत्रयम्। अनेन वर्षत्रये दिनत्रयोन-षण्मासा गताः। तस्मिन् पत्रे प्राणवायोरसंचारः। एवमहोरात्रमेकादश-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संक्रान्तिभिः करोति द्व्यद्व्यष्टशतश्वासैः। पत्रपरित्यागेऽपि श्वासचक्रस्योनता नास्ति। एवं द्वितीयदले सप्तममासादौ चत्वारि दिनान्यरिष्टम्। अष्टममासादौ पञ्च। नवममासादौ षट्। पूर्वकं दिनत्रयं व्यवस्थाप्य पूर्वदलदिनैः सह षड्दिनान्यरिष्टम्। द्वितीयतृतीयाद्यन्यदिनेषु यथावद्वहति। एतदपि मासत्रयं गतम्।

मूल का अर्थ – नाभिचक्र का मेष आदि विषम जन्म लग्नात्मक पूर्व दल से लेकर है। गर्भ के प्रथम दल में एकादि वामनासिका द्वारा वहन करती है। उस दिन से लेकर पौने दो मास पर्यन्त यथावद् वहन करती है। उसके बाद तीन महीने से पहले दो दिन तक उसी वाम पत्र में वहन करती है। इसी प्रकार अनेक दिनों में यह परिवर्तन होता ही रहता है। पञ्चम मास के आदि में तीन दिन तक वामदल में बहती है। इस प्रकार पूर्वपूर्वरूप के साथ गणना करने से प्रथम तृतीय और पञ्चम मासों को गणना से तीन अरिष्ट दिन व्यवस्थित होते हैं। अथवा अविच्छिन्न वहन करते हुए दिन और रात दोनों ही अरिष्ट व्यवस्थित होते हैं। इससे तीन वर्षों में तीन दिनों से कम छ महीने व्यतीत होते हैं। उस पत्र में प्राणवायु का संचार नहीं होता। इस प्रकार अहोरात्र एकादश सङ्क्रान्तियों के कारण दो अरब (अयुत) ६२ सौ श्वास होते हैं। चक्र के परित्याग में भी श्वासचक्र की न्यूनता नहीं होती है। इस प्रकार द्वितीय दल में सप्तम मास के आदि में चार दिन अरिष्ट होते हैं। आठवें के आदि में पाँच अरिष्ट होते हैं। नवम मास के आदि में छह होते हैं – अरिष्ट। पहले के तीन दिन व्यवस्थित करने पर पूर्वदलों के दिनों के साथ ६ दिन अरिष्ट होते हैं। द्वितीय-तृतीय आदि अन्य दिनों में यथावत् वहन करती है। इस प्रकार तीन मास पूर्ण हुए।

एवं त्रिभिस्त्रिभिर्मासैर्दिनत्रयविवर्धनात्।
एकादशदलान्येष त्यजेद्वर्षत्रयं क्रमात्॥ इति।

इसी क्रम से तीन तीन महीनों में तीन दिनोंके वृद्धि से ११ दल ही त्याग देते हैं तीन वर्षों में क्रमशः।

एकादशदले वाहाच्छ्लेष्मात्मकसत्त्वधातुं शोषयति। द्वादशे तु दले दक्षिणनाडीप्रवाहादन्यदलानारूढद्वितीयचतुर्थषष्ठमाससम्बन्धिदिनत्रयस्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दिनद्वयं क्षीयते पित्तात्मकरजोधातुक्षयाद् द्वादशमदलशोषात्। पूर्ववत् कर्णिकायामेकदिनं मध्यमावाहाद् वातात्मकतमोधातुं शोषयित्वा भवान्तरगमनमिति। वामारिष्टेन मरणमयोगिनो यान्ति। प्रतिपत्त्यर्थं लिपिक्रमः। द्विपुटद्वादशराशिचक्रे पूर्वाद्येकादशदलेषु त्रीणि षण्णवद्वादश-पञ्चदशाष्टादशैकविंशतिचतुर्विंशतिसप्तविंशतित्रिंशत्त्रयस्त्रिंशद् द्वादशे तु वामवाहाभावाच्छून्यम्। बाह्यद्वादशदलेषु क्रमान् मासास्त्रिंशत्सप्तविंशति-चतुर्विंशत्येकविंशत्यष्टादशपञ्चदशद्वादशनवषट्त्रयः। एकादशे त्रिमास-क्षयसूचकं शून्यम्। द्वादशे दिनद्वयं कर्णिकायां दिनमेकम्। एवं त्र्यादिदिने ऽरिष्टस्य वृद्धिः। त्रिंशदादिमासात्मकजीविताख्यस्य शुभस्य हानिः।

११वें दल में वहने से श्लेष्मात्मक सत्त्वधातु को शोषित करता है। १२वें दल में दक्षिण नाडी के प्रवाहसे अन्य दलोंमें अरूढ होने पर द्वितीय चतुर्थ षष्ठमास सम्बन्धित तीन दिनों में दो दिन क्षय होते हैं। क्योंकि पित्तात्मक रजो धातु के क्षय होने से और १२ दलों के शोषण से भी। पहले के तरह ही कर्णिका में एक दिन मध्यम वहन होने से वातात्मक तमो धातु को शोषित करके भावान्तर गमन हुआ करता है। वामारिष्ट से अयोगी मृत्यु को प्राप्त होते हैं। ज्ञान के लिए लिखा गया है। द्विपुट द्वादशराशि के चक्र में पूर्व आदि एकादश दलों में ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २७, ३०, ३३ और बारहवें में वामवाह का शून्य होता है। बाह्य १२ कमलों में क्रमशः महीनों को ३०, २७, २४, २१, १८, १५, १२, ९, ६ और ३ में विभक्त करते हैं। ११वें में तीन महीनों के क्षय का सूचक शून्य होता है। १२वें में दो दिन और कर्णिका में एक दिन। इस प्रकार तीन के आदि दिन में अरिष्ट की बुद्धि होती है। ३० आदि मासात्मक जीवित नामक शुभ की हानि होती है।

मध्यमारोहणं मृत्योः शताब्दपरिपूर्णतः॥ ५॥

(मृत्यु के) सौ वर्ष पूर्ण (आयु) होने पर, जब मृत्यु होती है तब प्राण वायु बिना किसी यत्न के सुषुम्ना में प्रविष्ट होता है॥

सार्धदशमासोपेतषण्णवतिवर्षावधिः सूर्यचन्द्रवहनकालः। दिन-त्रयोनवर्षशतपूरकत्रिपक्षवर्षत्रये मध्यमायां मृत्योरारोहणम्। एतन्निर्दिशति—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

६६ वर्ष और साढे दश महीनों की अवधि ही सूर्य और चन्द्र का वहन काल है। तीन दिन कम, ६६ वर्ष और तीन पक्षों में मध्यमा नाडी में, सुषुम्ना में मृत्यु का आरोहण होता है। इसी का निर्देश करते हैं–

समविषमदिनैस्तस्य जन्मजातैश्च मण्डलैः।
रोहणं सव्यवामे च पक्षद्वयविनाशनात्॥ ६॥

सम और विषम दिनों के द्वारा जन्म हुए व्यक्तियों का प्राण वायु सव्य और वाम नाडी में दो पक्षों के विनाशपूर्वक आरोहण करता है॥

समविषमेत्यादि। द्व्यादिद्वात्रिंशद्दिनपर्यन्तैः समदिनैः सव्ये। एकादित्रयस्त्रिंशत्पर्यन्तैर् विषमदिनैर्वामे। आरोहणं तस्य मृत्योः। किं च जन्मकाले जातवृषादिलग्नस्य भूम्याद्यन्यतममण्डलैः। तथा मेषादिलग्नस्य शून्याद्यन्यतममण्डलैस् तं मण्डलमारभ्येत्यर्थः। अयं च वाहः सव्येतरनाडीधातुस्कन्धादिविनाशमधिकृत्य ल्यब्लोपे पञ्चमीति। उपपत्तिमाह–

दो से लेकर २२ दिनों में – वे सव्य में और एक से लेकर ३३ दिनों में, वाम नाडी में प्रविष्ट होता है। जन्मकाल में वृष आदि लग्न का भूमि आदि अन्य मण्डलों से हुआ करता है। यह प्राणवायु का वहन सव्य और अपसव्य नाडी धातु स्कन्ध आदि का विनाश करते हुए ही प्रविष्ट होता है। इसमें युक्ति बता रहे हैं–

अन्यथा मरणं न स्यात् पक्षद्वयस्य संस्थितौ।
सव्यावसव्यसंचारात् पञ्चमण्डलवाहतः॥ ७॥

अन्यथा दोनों पक्षों की स्थिति में उसकी मृत्यु नहीं होगी, क्योंकि पञ्चमण्डल के वाह और सव्य असव्य में संचार होने से भी यही स्थिति होती है॥

अन्यथा मरणं नेत्यनेनेदमुक्तम्। समलग्नजातकस्य प्रथमं सव्यायां दिनद्वयं वहति। पुनर्दिनद्वयं यथावत्। ततो वामायां दिनमेकं यथावत्। चत्वारि दिनानि सव्ये चत्वारि यथावत्। त्रीणि वामे त्रीणि यथावत्। षट्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सव्ये षड् यथावत्। पञ्च वामे पञ्च यथावत्। एवं यावद् द्वात्रिंशत् सव्ये द्वात्रिंशद् यथावत्। त्रयस्त्रिंशद्वामे त्रयस्त्रिंशद्यथावत्। इह दक्षिणे द्व्यादित्रिंशत्पर्यन्तसमदिनैस् त्रिकत्रिकैः पृथिव्यादिधातुक्षयः क्रमात्। वामे एकाद्यूनत्रिंशत्पर्यन्तैर्विषमदिनैस् त्रिकत्रिकैराकाशादिधातुक्षयः क्रमात्। तत्रैकत्रिंशद्दिनैः सत्त्वधातुक्षयः। द्वात्रिंशद्दिनै रजोधातुक्षयः। त्रयस्त्रिंशद्दिनै-स्तमोधातुक्षयः। विषमलग्नजानां त्वेकादिक्रमेणायं वाह इति विशेषः। इति दिनत्रयोनवर्षशतम्। तदूर्ध्वं चतुस्त्रिंशद्दिनाद्यारोहणम्। तत्रैकदिनं सव्ये। एकदिनं वामे। एवं क्रमेण त्रयस्त्रिंशद्दिनानि यावद्वहति। ततः क्रमेण पञ्चस्कन्धधातुविषयेन्द्रियकर्मेन्द्रियक्रियाणां क्षयः। ततो मध्यमायां दिनमेकं ततो धातुस्कन्धादीन् षष्ठान् शोषयित्वा भवान्तरं गच्छति॥

समान लग्न में पैदा हुए व्यक्ति का पहले सव्य में दो दिन तक वायु वहता है। फिर दो दिन यथावत् रहता है। फिर वाम में एक दिन और एक दिन यथावत्। चार दिन तक सव्य में और चार दिन यथावत्। तीन वाम में और तीन दिन यथावत् ६ सव्य में ६ यथावत्। पाँच वाम में पाँच यथावत्। इसी प्रकार २२ दिन तक सव्य में २२ दिन यथावत्। ३३ दिन तक वाम में फिर ३३ यथावत्। यहाँ दाहिने में दो से लेकर ३० दिनों तक समदिनों में तीन, तीन पृथिवी आदि धातुओं का क्रमशः क्षय होता है। वाम में एक से लेकर २९ पर्यन्त विषम दिनों के द्वारा तीन तीन के द्वारा आकाश आदि धातु का क्षय होता है। ३१ दिनों से सत्त्व धातु का क्षय होता है। ३२वें दिन से रजोधातु का क्षय होता है। ३३ दिनों के द्वारा तमो धातु का क्षय होता है। विषम लग्न में पैदा हुए व्यक्तियों का एक आदि क्रम से यह वाह होता है यही वैशिष्ट्य है। इस प्रकार तीन दिनों से कम एक सौ वर्ष होते हैं। उसके ऊपर ३४ दिनों से आरोहण प्रारंभ होता है। एक दिन सव्य में, इसी क्रम से ३३ दिनों तक यह वहता है। फिर क्रम से पञ्च-स्कन्ध-धातु-विषय-इन्द्रिय-कर्मेन्द्रिय क्रियाओं का क्षय होता है। फिर मध्यमा में एक दिन धातु स्कन्ध आदि को तथा छठें का शोषण करके जन्मान्तर में चला जाता है।

इतरिष्टलक्षणं ज्ञात्वा योगिनां तद्वञ्चनोपायमाह–

इस प्रकार अरिष्ट लक्षण को जानकर योगी को उसे छलने का उपाय बताते हैं –

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अरिष्टलक्षणं ज्ञात्वा प्राणं बिन्दौ निवेशयेत्।
अवधूतीपदमाश्रित्य भावयेत् परमाक्षरम्॥ ८॥
वज्रोत्थानं सदा कुर्याच्चन्द्रार्कगतिभञ्जनात्।

अरिष्ट के लक्षणों को जानकर योगी को तत्काल ही अपने प्राण को बिन्दु में प्रविष्ट कराना चाहिए। और अवधूती पद में आश्रित होकर परम अक्षर की भावना करनी चाहिए। चन्द्र और सूर्य की गति का भञ्जन करके वज्र का उत्थान करना चाहिए॥

अरिष्टेत्यादि। तत्र सूर्यारिष्टे सति वज्रपर्यङ्कं बद्ध्वा प्राणायामपूर्वकं सव्यबाहुना सव्यस्तनपीडनात् पञ्चमण्डलवाहात्मकात् सव्यादाकृष्य वामे प्राणं संचारयेत्। तेन सूर्यारिष्टनिवृत्तिः। तथा वामात् सव्ये चन्द्रारिष्टनिवृत्तिः। तथा पर्यङ्कं कृत्वा बिन्दौ ललाटस्थसितषोडशदलपद्ममध्ये प्राणायामपूर्वकं चित्तं निवेशयेत्। प्राणं बिन्दौ निवेशयेद् इति मुख्यतो धारणालक्षणमेतत्। सैव च मुख्योऽरिष्टवञ्चनोपायः। अवधूतीत्यादिग्रन्थश्च तदभिप्रायेणैव योज्यः। तथा पर्यङ्कं कृत्वावधूतीपदं नाभिपद्मं पीतचतुःषष्टिदलं, तन्मध्ये चन्द्रमण्डले अंकारं शुक्लोर्ध्वरेखाकारं सप्राणायामं भावयेत्। ततो वज्रोत्थानं सदा कुर्यात् स्वशयसरसीरुहादिनां यथेन्दुर्बहिर्न भवेत्। अरिष्टहेतुचन्द्रार्कगतिभञ्जकत्वादस्योपायस्य प्राधान्यमाह–

सूर्य के अरिष्ट होने पर वज्रपर्यङ्क को बाँधकर अर्थात् पद्मासन में बैठकर प्राणायामपूर्वक दायें हाथ से दायें स्तन भाग को दबाने से पञ्चमण्डलों में वायु के प्रवाह होने से दायें से खीचकर वाम भाग में प्राण का सञ्चार करना चाहिए। इससे सूर्य अरिष्ट नष्ट हो जाता है। इसी प्रकार वाम से दाहिने में करने से चन्द्रारिष्ट से मुक्ति होती है। फिर सीधा बैठकर ललाट में अवस्थित सफेद षोडशदलयुक्त कमल में प्राणायाम पूर्वक चित्त का निवेशक करना चाहिए। यही मुख्य अरिष्टवञ्चन का उपाय है। अवधूती भी इसी के लिए प्रयुक्त हुआ है। तथा सीधा बैठकर नाभिपद्म में पीला ६४ दलों वाला जो कमल है, उसमें, चन्द्र मण्डल में अंकार सफेद ऊर्ध्व रेखाकार को प्राणायाम पूर्वक चिन्तन करना चाहिए। अरिष्ट का हेतु चन्द्रसूर्य गति के भञ्जनात्मक उपाय का प्राधान्य बता रहे हैं–

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अन्यथा नावधूत्यङ्गे विशति प्राणमारुतः॥ ९॥

यदि ऐसा न करेंगे तो अवधूती में प्राण वायु का प्रवेश नहीं हो सकता है॥

अन्यथा नेत्यादि। ऊर्ध्वारिष्टं सवञ्चनमुक्त्वाधोऽरिष्टमाह अब, निम्न अरिष्ट का लक्षण बता रहे हैं–

अपानोऽधश्च शङ्खिन्यां मरणं तदवेशतः।
अरिष्टवञ्चनं ह्येतदानन्दैर्योगिनां भवेत्॥ १०॥

अपान अध है – शङ्खिनी में पूर्ण रूप से मृत्यु होती है। इससे अरिष्ट का वञ्चन करके योगी आनन्द में प्रविष्ट होते हैं॥

अपानोऽधश्च शङ्खिन्याम् इति न केवलं शङ्खिन्यां नाड्याम् अधश्चेति विण्मूत्रवाहिन्योर् अपानाख्यो वायुर्वहतीति शेषः। अजस्रं विण्मूत्रवाहितया तस्याप्रवेशतोऽपि मरणम्॥

केवल शङ्खिनी में ही वायु नहीं वहता है किन्तु विष्ठा मूत्र वाहिनी नाडियों में भी अपान नामक वायु वहता है। निरन्तर उसमें विष्ठा मूत्रों के वहन होने से भी उसका अवधूती में प्रवेश नहीं होता इसीलिए मरण हुआ करता है॥

इति श्रीनरोपापादविरचितायां कालचक्रतन्त्रस्य
सेकोद्देशटीकायामरिष्टप्रकरणं समाप्तम्।

अरिष्ट प्रकरण पूरा हुआ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ पञ्चममानन्दप्रकरणम्
आनन्दप्रकरण

सर्वारिष्टवञ्चनोपायव्याजेनानन्दान् अरिष्टेत्यादिनोद्दिश्य निर्दिशति शुक्रेत्यादिना।

सर्वारिष्टों को हटाने के उद्देश्य से आनन्दों का उल्लेख करके निम्न श्लोकों द्वारा आनन्द का वर्णन कर रहे हैं –

शुक्रागमनमानन्दमुष्णीषादूर्णापङ्कजे ।
कण्ठे हृदि परमानन्दं विरमानन्दं ततो भवेत्॥ १॥

शुक्र का आगमन ही आनन्द है जो शुक्र सहस्त्रार चक्र में समाविष्ट हो जाता है, और कण्ठ में, हृदय में परमानन्द और विरजानन्द क्रमशः हो जाते हैं॥

विविधं रमणं नाभौ गुह्यपद्मे यदागतम्।
गुह्याद्वज्रमणिं यावत् सहजानन्दमच्युतम्॥ २॥

नाभि में विविध आनन्द का उदय होता है। गुह्यपद्म में जब वह आ जाता है वहाँ भी आनन्द और गुह्य से वज्रमणि तक जाने से अच्युत सहजानन्द का उदय हो जाता है॥

अप्रतिष्ठितनिर्वाणं महारागो ऽक्षरः प्रभुः।
विरागाद्यच्च्युतं सौख्यं तन्निर्वाणं प्रतिष्ठितम्॥ ३॥

वहीं पर अप्रतिष्ठित निर्वाण उपलब्ध हो जाता है, वही महाराग, अक्षर प्रभु है। विराग से अच्युत प्राप्त हो जाता है वही परम सुख निर्वाण प्रतिष्ठित है॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर्दलोष्णीषपद्ममध्यात् षोडशदलललाटाब्जमध्ये शुक्रस्य नन्दा-भद्राजयारिक्तापूर्णाख्यपञ्चकलस्यागमनम् उभयव्याप्तिः प्रथमानन्दम्। तस्मात् कण्ठे हृदि परमानन्दम् इति। द्वात्रिंशद्दलकण्ठाब्जादष्टदलहृत्पद्मे पूर्ववद्व्याप्तिः परमानन्दम्। विरमानन्दं ततो भवेद् इति। चतुःषष्टि-दलनाभिपद्माद् द्वात्रिंशद्दलगुह्याब्जे व्याप्तिर् विरमानन्दम्। तच्च विविधरमणं गाढालिङ्गनशीत्कारकण्ठकूजनादिलक्षणं नाभौ गुह्ये तु बहिरुल्लेखविमुखं सुखं भुज्यते मयेत्युल्लेखलक्षितं सुखसंवेदनमात्रं विरमानन्दपर्यन्तजम्। न तु विगतरमणं सुखम्। ततो गुह्यपद्मादष्टदलवज्रमण्यन्तर्गताब्जं यावत् षोडशकलस्येन्दोरागमनं सहजानन्दम्। धारणाया बलेन बाह्यगतेरभावाद् अच्युतम्। विरागाद् रागविगमादुष्णीषस्थं यत् सौख्यं शुक्रं तत् प्रतिष्ठितम्। यत् तु वज्रमणेश् च्युतं तन्निर्वाणम्। अयं तु सुखराज उष्णीषवज्र-मण्यन्तरालव्यापित्वाद् अप्रतिष्ठितनिर्वाणः। अत एव महारागोऽक्षरश् च प्राधान्यात् प्रभुस् त्रैधातुकेश्वरः। सर्वेषां तत्पदावाप्तिवाञ्छयाभिमतत्वात्।

चतुर्दल उष्णीष पद्म के मध्य से षोडश दल ललाट कमल में शुक्र की नन्दा, भद्रा, जया, रिक्ता, पूर्णा नामक पञ्च कला का आगमन ही उभय व्याप्ति है वही प्रथम आनन्द है। उसके बाद कण्ठ में, हृदय में परम आनन्द की उपलब्धि होती है। ३२ दलवाले कण्ठ-कमल से अष्टदल हृदय कमल में पूर्व के तरह ही व्याप्ति है, वही परमानन्द है। उसके बाद विरमानन्द होता है। ६४ दलयुक्त नाभि कमल से ३२ दल गुह्य कमल में विरमानन्द व्याप्ति होती है। उसके बाद गाढ-आलिङ्गन शीत्कार आदि लक्षण नाभि में और गुह्य में बाहर उल्लेख के विपरीत सुख का उपभोग होता है इसीलिए यह सुख स्वसंवेदन मात्र होने से विरमानन्द पर्यन्त ही महासुख है। यह मृत्यु पर्यन्त नहीं है। उसके बाद गुह्य पद्माष्टदल वज्रमणि के अन्तर्गत कमल पर्यन्त षोडश कलाओं के चन्द्र का आगमन ही सहजानन्द है। धारणा के बल से बाह्यगति नहीं होती इसीलिए यह अच्युत है। रागरहित होने से सहस्रदल कमल में जो सौख्य है वह शुक्र की प्रतिष्ठा ही है उस स्थान पर, और जो वज्रमणि की च्युति ही निर्वाण कहा है - यह तो सुख उष्णीष वज्रमणि के अन्तराल व्यापी होने से अप्रतिष्ठित निर्वाण है। इसीलिए महाराग, अक्षर भी प्रधान होने से प्रभु और त्रैधातुकेश्वर कहलाता है। सभी लोग उसे प्राप्त करना चाहते है - इसीलिए।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शुक्रेन्दूदय उष्णीषे पूर्णा गुह्ये सरोरुहे।
कला षोडशमा या सा मणिपद्मे वज्रमूर्धगा॥ ४॥

शुक्र का उदय सहस्र कमल में होने पर गुप्त कमलदल में वह पूर्णता को प्राप्त होता है। वही षोडश कला है जो मणि कमल में वज्र के रूप में प्रतिष्ठित है॥

तदूर्ध्वं च्युतिकालः स्यात् कृष्णप्रतिपदागमे।
रविस्तूर्णापदं याति चामावस्यां विरागतः॥ ५॥
कला षोडशमा तस्य उष्णीषकमले गता।
नष्टचन्द्र इहाख्यातो विरक्ती रागसौख्यतः॥ ६॥

उसके ऊपर च्युतिकाल होगा जो कृष्णपक्ष के प्रतिपदा के अवसर पर साथ ही रवि उर्णापद सहस्र कमल में चला जाता है क्योंकि अमावस्या के रागरहित होने से षोडश कलायें सहस्त्रार कमल में चली जाती हैं और यहीं पर चन्द्र नष्ट हुआ है ऐसी प्रसिद्धि होती है राग सौख्य के कारण विरक्ति भी होती है॥ ८४-८५ ॥

२- शुक्रम् एवेन्दुर् अमृतत्वात्। तस्य शुक्रेन्दोरुष्णीष उदयः शुक्रप्रति-पद्यावद् गुह्ये तृतीया पूर्णा। इत्थमानन्दादिभेदेन त्रिपूर्णां गते बोधिचित्ते तु गुह्ये विरमानन्दाद् या षोडशी कला सा मणिपद्मे वज्रमूर्धगा वज्राग्रकोटिस्था भवति। तस्माद् ऊर्ध्वं कृष्णप्रतिपदागमे विरागप्रवेशकाले च्युतिकालः स्यात्। च्युतिकाल एव कृष्णप्रतिपद् इत्यर्थः। सा च रागनाशात् कृष्णपक्षे रजोरूपरवेराद्या कला मण्यग्रे। ततो विरागतो रविरूर्णापदं ललाटं याति। ललाटे ऽमावसीत्यर्थः। तस्य सूर्यस्य षोडशी कलोष्णीषकमले गता सैव नष्टचन्द्र इत्याख्यातः। सूर्येण रजोरूपेणाच्छादितत्वात्। रागसौख्याद्विरक्तिश् च सैव।

२- शुक्र ही चन्द्र है क्योंकि उसमें अमृत है। जैसे शुक्ल के प्रतिपदा में उसका उदय होता है उसी प्रकार गुह्य में वह पूर्ण होता है। इस प्रकार के आनन्द आदि के भेद से त्रिपूर्ण होने पर, बोधिचित्त के गुह्य में विरमानन्द के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कारण जो षोडशी कला है वह मणिपद्म में वज्रमूर्धगत होकर वज्र के अग्रभाग में अवस्थित होती है। उसके ऊपर कृष्ण प्रतिपदा के आगमन पर च्युति काल होता है। च्युतिकाल ही कृष्ण की प्रतिपदा है। वह भी राग के नष्ट होने पर कृष्ण पक्ष में रजोरूप रवि की प्रथम कला मणि के अग्र में होती है। उसके बाद वैराग्य से सूर्य भी उर्णापद अर्थात् ललाट में चला जाता है। ललाट में ही अमावस्या है। सूर्य के रजोरूप से आच्छादित होने से वह चन्द्र वहाँ पर नष्ट हो गया ऐसा कहा गया है।

अधश्चन्द्रामृतं याति मरणे सर्वदेहिनाम्।
ऊर्ध्वे सूर्यरजो राहुविज्ञानं भावलक्षणे॥ ७॥

चन्द्र का अमृत नीचे की ओर चला जाता है तब सभी प्राणियों की मृत्यु होती है। ऊर्ध्व में सूर्यरज राहुविज्ञान भाव लक्षण में चला जाता है॥

अधश्चन्द्रामृतं यातीति। मरणे मरणकाले सर्वदेहिनां देवासुर-मनुष्यादीनां चन्द्रामृतं बोधिचित्तमुक्तक्रमेणाधः शुक्रमार्गेण याति च्युतिरागाभ्यासात्। तथा सूर्यरज ऊर्ध्वं याति। राहुर् ज्ञानमविद्यावासना-सहायं प्राणसंवलितं विज्ञानं भावलक्षणं शुभाशुभकर्मनिर्मितं जन्म याति।

मरणकाल में सभी प्राणियों का देवासुर मनुष्य आदियों का बोधिचित्तमुक्तक्रम से चन्द्रामृत शुक्रमार्ग से नीचे की ओर जाता है क्योंकि वहाँ पर च्युति का अभ्यास हुआ करता है। उसके बाद सूर्य तेज ऊपर जाता है। राहु नामक ज्ञान अविद्यावासना का सहाय प्राण संवलित होकर विज्ञान जो भावलक्षण है वह शुभ और अशुभ कर्म का निमित्त होकर जन्म ग्रहण करने के लिए उद्यत होता है।

अतश्चन्द्रामृतस्योर्ध्वे कर्तव्यं गमनं नृप।
अधोऽर्करजसो राहुविज्ञानस्याक्षरे सुखे॥ ८॥

इसीलिए चन्द्रामृत के ऊर्ध्व में गमन करना चाहिए। नीचे सूर्य रज रूपी राहु है, विज्ञान के अक्षर में परम सुख उपलब्ध होता है॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यत एवम् अतः कारणाच् चन्द्रामृतस्य शुक्रधातोर् ऊर्ध्वं उपरिगमनम् उक्तमार्गभावनयाधो ऽर्करजसो गमनं राहुलक्षणस्य विज्ञानस्याक्षरे सुखे गमनं कर्तव्यम्।

इसी कारण से चन्द्रामृत का शुक्रधातु से ऊर्ध्व में गमन ही उपर्युक्त मार्ग की भावना द्वारा ऊपर आकाश में गमन करना चाहिए। वही खेचरी है।

एतच्च भगवतापि पूर्वमाचरितमित्यादि दर्शयति –

यह भगवान् ने भी पहले किया था, यह दिखा रहे हैं –

ऊर्णाब्जे सर्वबुद्धानां चन्द्रामृतस्य पूर्णिमा।
अमार्करजसो गुह्ये कलोष्णीषे मणौ तयोः॥ ९॥

सभी बुद्धों का सहस्रदल कमल में या ललाट में चन्द्रामृत की पूर्णिमा थी, सूर्यरज के कारण वहाँ पर अमावस्या हो गयी थी दोनों का कला का उष्णीष में और नाभि में पूर्णता हुई थी॥

इति वज्रपदं शास्तुर्विपरीतं सर्वदेहिनाम्।
अप्रतिष्ठितनिर्वाणाद्विपरीतं यान्ति धातवः॥ १०॥

यह वज्रपद शास्ता का है और प्राणियों के वासना से विपरीत ही है। अप्रतिष्ठित निर्वाण से विपरीत भी है और धातुगण उसी की ओर जा रहे हैं॥

ऊर्णेत्यादि। बुद्धानां तु चन्द्रामृतस्य पूर्णिमा पञ्चदशकलापरिपूर्णत्वम् ऊर्णाब्जे ललाटे भवति। अर्करजसो ऽमावसी गुह्ये भवति। तयोश् चन्द्रार्कयोः षोडशी कला यथाक्रमेणोष्णीषे च वज्रमणौ च बुद्धानामिति। तदुक्तं नामसङ्गीत्याम्–

बुद्धों के लिए चन्द्रामृत की पूर्णिमा पञ्चदश कलाओं की पूर्णता से ललाट में चन्द्रोदय होता है। सूर्यरजों की अमावस्या गुह्य में ही है। उसके बाद चन्द्र और सूर्य की षोडशी कला क्रमशः शिर में और मणि (नाभि) में होती है बुद्धों का, यही नामसंगीति में कहा है –

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एकपादतलाक्रान्तमहीमण्डतले स्थितः।
ब्रह्माण्डशिखराक्रान्तः पादाङ्गुष्ठनखे स्थितः॥ इति।

इत्युक्तं वज्रपदम्। यही वज्रपद कहा गया है।

पद्यते गम्यते येन तत् पदं ज्ञानमक्षरम्।
पदस्याराधनं नित्यं शिरसा पादवन्दना॥ इति ।

जिससे पहुँचा जाता है औरकालचक्रतन्त्रम्184द्वितीयं दीक्षाप्रकरणम्184 जाया जाता है वही पद है और ज्ञान वही है साथ ही अक्षर भी वही है। नित्य ही पद की आराधना करनी चाहिए साथ ही शिर से पाद की वन्दना करनी चाहिए।

अभेद्यज्ञानं शास्तुः। सर्वदेहिनाम् इति सर्वसंसारिणां विपरीतम् अप्रतिष्ठितम्। तस्माद् अप्रतिष्ठितनिर्वाणाख्यमहासुखसंज्ञकशुद्धकायाद् धातवः पृथिव्यादयो विपरीतं निरावरणतां यान्ति। अन्ये ते धातवोऽभेद्याः।

अभेद्य ज्ञान शास्ता का ही है। सभी देहधारियों का ज्ञान प्रतिष्ठित नहीं है। अतः अप्रतिष्ठित निर्वाण नामक महासुख नामक शुद्ध काय से धातुगण पृथिवी आदि विपरीत रूप से आवरण रहित हो जाते हैं। अन्य धातु अभेद्य हैं।

धारणाबलेन स्वरसप्रवृत्तायाश्चण्डाल्या ज्वालाया आनन्दादिभेदेन शिरसोऽवलम्बितानां कायवाक्चित्तज्ञानबिन्दूनामूर्ध्वे क्रमेण बहिर्निर्गमा-भावादक्षरसुखपूरितानां चतुःकायविशुद्धिमाह -

धारणा के बल से स्वभावत प्रवृत्त चाण्डाली के ज्वाला की आनन्द आदि भेदों से शिर में अवलम्बित काय, वाक्, चित्त, ज्ञान बिन्दुओं के ऊपर क्रमशः बाहर निर्गम के अभाव के कारण अक्षर सुखों से आपूरित चार कायों के शुद्धियों को बता रहे हैं–

मणौ चित्तं च गुह्ये वाक्कायो नाभौ महासुखात्।
धर्मसम्भोगनिर्माणाः शुद्धकायात् स्फुरन्त्यमी॥ ११॥

मणि में चित्त, गुह्य में वाक्, नाभि में काय महान् सुख से होते हैं साथ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ही धर्मकाय, सम्भोगकाय और निर्माण काय से सब शुद्धकाय से प्रस्फुटित होते हैं॥

मणाव् इत्यादि। महासुखाद् इति। महासुखसंज्ञकशुद्धकायाद्विपरीतेन यः कायबिन्दुः स तुर्यावस्थाक्षयतः शुद्धकायः। स च वज्राग्रे स्थितः। तस्मान् मणौ चित्तं सुषुप्तक्षयतः। गुह्ये वाक् स्वप्नक्षयतः। नाभौ कायो जाग्रदवस्थाक्षयत इति। एते च धर्मसम्भोगनिर्माणकायाः शुद्धकायात् स्फुरन्ति।

महासुख नामक शुद्धकाय से विपरीत जो काय है वही बिन्दु है वह तुर्यावस्था के क्षय होने से शुद्ध कहा गया है। वह भी वज्र के अग्र में स्थित है। उससे मणि में चित्त स्थिर हो जाता है सुषुप्ति के क्षय के कारण। स्वप्न के क्षय होने से गुह्य में वाक् है। जाग्रत् के क्षय से नाभि में काय है।

अधोपायस्य राजेन्द्र प्रज्ञाया ऊर्ध्वतो भवेत्।
ललाटे कायवज्रमस्या ग्रीवहृन्नाभिपङ्कजे॥ १२॥
वाक्चित्तज्ञानवज्राणि निर्माणाद्यात् स्फरन्त्यमी।
स्फरणं स्कन्धधातूनां निरावरणतः सुखात्॥ १३॥

नीचे का जो उपाय है उसका कारण ऊर्ध्वगामी प्रज्ञा ही है। ललाट में इसका कायवज्र है जो ग्रीवा, हृदय और नाभि पद्म में अवस्थित होता है।

निर्माण काय से वाक्, चित्त और ज्ञानवज्र उत्पन्न होते हैं। निरावरणात्मक सुख से स्कन्ध एवं धातुओं का स्फरण - अर्थात् प्रकाशन होता है॥

अधोपायस्येति। अधो वज्राग्राद्यत् स्फरणमेतेषां धर्मकायादीनां तद् उपायभागस्य व्यवस्थाप्यते। प्रज्ञायाः पुनर् ऊर्ध्वतो भवेत्। तद्दर्शयति ललाट इत्यादि। अस्याः प्रज्ञाया निर्माणाख्यः कायो ललाटे पूर्ववद्विपरीते-नैवं कण्ठे हृन्नाभिपङ्कजे यथाक्रमेण वाक्चित्तज्ञानवज्राणि सम्भोगधर्म-सहजकायाः प्रज्ञाभागस्य व्यवस्थाप्यन्ते। एवं प्रज्ञोपायात्मकवज्रसत्त्वकायात् स्कन्धादीनां वैरोचनादिस्वरूपत्वेन सत्त्वार्थाय स्फरणम्। एतेनार्थगत्या-नुस्मृत्यङ्गमुद्दिष्टमिति॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वज्र के अग्र भाग से जो स्फरण कहा गया है वह उपायरूप है। इस प्रकार प्रज्ञा, उपाय स्वरूप व वज्रसत्त्व काय से स्कन्ध-धातु आदि का वैरोचन आदि स्वरूप में प्राणियों के हित के लिए प्रकाश - स्फरण होता है। इसी से अर्थ, गति, अनुस्मृति आदि अङ्गों का वर्णन किया गया है।

इति श्रीनारोपापादविरचितायां कालचक्रतन्त्रस्य
सेकोद्देशटीकायामानन्दप्रकरणं समाप्तम्।

आनन्दप्रकरण पूरा हुआ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ षष्ठं मुद्राप्रकरणम्
मुद्राप्रकरण

फलमुद्दिश्य तत्साधनमाह फल का उल्लेख करके उसका साधन बता रहे हैं -

कर्ममुद्रासमापत्त्या ज्ञानमुद्रावलम्बनैः।
महामुद्रैकयोगेन वृद्धिं याति तदक्षरम्॥ १ ॥

कर्ममुद्रा के योग, ज्ञानमुद्रा का अवलम्बन और महामुद्रा के सहयोग द्वारा उस अक्षर सुख में वृद्धि होती है॥

कर्ममुद्रेत्यादि। कर्ममुद्रा स्तनकेशवती कामधातुसुखस्य हेतुः। कर्म चुम्बनालिङ्गनगुह्यस्पर्शवज्रास्फालनादिव्यापारात्मकम्। तेनोपरक्षिता मुद्रा प्रत्ययकारिणी। प्रत्ययो ऽत्र क्षरसुखलक्षणः। मुदं सुखविशेषं राति ददातीति मुद्रा। ज्ञानमुद्रा स्वचित्तपरिकल्पिता विश्वमातादिदेवीस्वभावा पूर्वानुभुक्तेति यावत्। रूपधातुसुखस्य हेतुः। ज्ञानं पूर्वहसितरमितभावादिभावनालक्षणम्। प्रत्ययो ऽत्र स्पन्दसुखलक्षणः। महती चासौ मुद्रा च महामुद्रा। महत्त्वं पुनरस्याः सर्वाकारवरोपेतत्वं न प्रादेशिकत्वम्। मुद्रचते ऽनेन बोधिचित्त-वज्रेणेति मुद्रा। प्रत्ययो ऽत्र स्वचित्तपरिकल्पनाधर्मरहितो धूमादिनिमित्त-पूर्वकः स्वचित्तप्रतिभासो योगिगम्यः प्रतिसेवावदिति। फलरूपा महामुद्रा मुदं परमाक्षरसुखज्ञानलक्षणं राति सर्वकालमादत्ते पूर्णावस्थाया अचल-नयोगेनेति मुद्रा। महत्त्वं चास्याः प्रहाणमहत्त्वेनाधिगममहत्त्वेन च। तत्र प्रहाणमहत्त्वं सवासनसर्वावरणप्रहाणलक्षणस्वाभाविकाख्यप्रभास्वर-साक्षात्करणलक्षणम्। अधिगममहत्त्वं तु परिशुद्धसर्वबुद्धात्मकयुग-नद्धाख्यधर्मकायसाक्षात्कारस्वभावम्। यत् पुनस् तमस्तुहिनाद्यखिल-मलापगतगगनसन्निभशून्यैकरसप्रभास्वरसाक्षात्कार एव सकलबुद्ध-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

धर्माधिगमः। अशेषविश्वार्थसम्पादनशक्तिरूपेण तत्र सर्वबुद्धधर्माणां विद्यमानत्वात्। अत एव धर्माणामाश्रयः कायो धर्मकाय इत्याचक्षते। तत्र चाप्रतिभासने ऽप्यवगमव्यवस्थायां, घटप्रतिभासे पटाद्यधिगमप्रसङ्गो दुर्निवारः। किं च सांख्यदर्शनमदूषणमेव स्यात्। अपि च मायास्वप्नगन्धर्व-पुरप्रतिसेनादिवत्कल्पितमशेषस्कन्धधात्वायतनादिदर्शनं संवृतिसत्यदर्शनं स्वाधिष्ठानं चोच्यते। संवृतिसत्यमेव च परमार्थसत्यात्मकप्रभास्वर-परिशुद्धमादर्शज्ञानादिरूपवैरोचनाद्याधेयदेवतावृन्दं कूटागाराद्याधारमण्डलं च। तदेव लोकोत्तरमण्डलतया सर्वतन्त्रराजेषु गीयते समस्तबुद्धधर्म-स्वभावतया च। एतदेव च सत्यद्वयाद्वैधीभावस्वभावं युगनद्धाख्यमुच्यते। तस्माद्युगनद्धकाय एव धर्मकायः साम्भोगिकस्वाभाविकाभ्यां पृथग्भूतो योगिप्रत्यात्मवेद्यः। उक्तं चार्यमञ्जुश्रीपादैस्तन्त्रोत्तरे–

कर्ममुद्रा का अर्थ स्तन केशवाली स्त्री जो कामधातु के सुख का कारण होती है। यहाँ कर्म से चुम्बन, आलिङ्गन, गुह्यस्पर्श आदि व्यापार परिगृहीत होते हैं। इनसे संयुक्तमुद्रा ही सुखदायिनी है। मुद्रा का अर्थ है विशेष सुख को देने से - मुद = विशेषसुख राति = ददाति = देना, इसीलिए मुद्रा कहा है। स्वचित्त के द्वारा परिकल्पित, विश्वमातादि देवीस्वभावयुक्त जो पहले ही अनुभूत है वही ज्ञान मुद्रा है। सांसारिक सुख का कारक। ज्ञान - पहले अप्रयुक्त हँसना, खेलना आदि भाव है। वही मुद्रा ही महामुद्रा है। बोधिचित्त वज्र के द्वारा आमुद्रित - गृहीत होने से भी मुद्रा है। प्रत्यय का अर्थ - स्वचित्त परिकल्पित धर्मरहित, धूमादिनिमित्तपूर्वक, स्वचित्त प्रतिभास और योगियों से गम्य ही है। फलरूप महामुद्रा - परमाक्षर सुखज्ञान ही मुद है, और सदैव पूर्णावस्था का बोध कराने से ही है, इस प्रकार अचल आनन्द में स्थित होना ही मुद्रा है। त्याग और प्राप्ति ही इसका महत्त्व है। समग्र वासनाओं का त्याग और अक्षरसुख की प्राप्ति ही है।

अधिगम महत्त्व - सर्वशुद्ध सर्वबुद्धात्मकयुगनद्ध - धर्मकाय साक्षात्कार स्वभाव ही अधिगम महत्त्व है।

समस्त अज्ञानरूपमलों के अवगत होने से आकाश सदृश निर्मल शून्य एकरस प्रभास्वर का साक्षात्कार ही सकल बुद्धधर्म का सार है। समग्र संसार के प्रयोजन को सिद्ध करने के लिए ही बुद्धधर्म की स्थिति है। इसीलिए धर्मों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

का आश्रय काय ही धर्मकाय कहा गया है। उसमें यदि वह काय प्रतिभासित नहीं होता है तो साङ्ख्य दर्शन आदि दूषित नहीं होते। और भी माया-स्वप्न-गन्धर्वपुर-प्रतिसेना के तरह कल्पित होकर अशेष स्कन्ध-धातु-आयतन आदि दर्शन ही संवृति सत्य दर्शन है जिसे स्वाधिष्ठान कहा जाता है। वही संवृति सत्य ही परमार्थ सत्यात्मक प्रभास्वर परिशुद्ध आदर्श ज्ञानादिरूप वैरोचन आदि आधेय देवतावृन्द और कूटागारादि आधार मण्डल भी है। वही लोकोत्तर मण्डल के रूप में सभी तन्त्रराजों में गाया जाता है और समस्त बुद्धधर्म स्वभाव के रूप में भी। यही सत्य द्वय का द्वैधीभाव स्वभाव है जिसे युगनद्ध कहा जाता है। इसीलिए युगनद्ध काय ही धर्मकाय है - संभोगकाय और स्वाभाविक कायों से अलग है जिसे योगिगण साक्षात्कार करते हैं।

आर्य मञ्जुश्री ने उत्तर तन्त्र में कहा है -

यत्रोद्भूतो ऽस्ति सत्यं सितकुशलगणो धर्मकायो जिनानां
धर्मात् सम्भोगकायः सकलरुतगणो लक्षणव्यञ्जनानाम्।
राशिर्निर्माणकायो ऽक्षरपरमसुखो धर्मकायो न तस्मात्
कायानां लक्षणं यत् तदिह सुखगताचार्यनागाह्वयेन॥

जहाँ समग्र स्वच्छ कुशलगण उपस्थित और प्रतीत होते हैं वहीं जिन भगवान् का धर्मकाय है। उसी धर्मकाय से संभोग का उद्भव हुआ है। जिसमें समग्र उपदिष्ट धर्म लक्षणा व्यञ्जना सहित प्रतीत हुए हैं। अक्षर, परमसुख की खानि ही वह धर्मकाय है इसीलिए कायों का लक्षण आचार्य नागार्जुन ने नहीं कहा है क्योंकि वे शरीर समग्र सुखों के आश्रयभूत हैं।

यो नैको नाप्यनेकः स्वपरहितमहासम्पदाधारभूतो
नैवाभावो न भावः खमिव समरसो दुर्विभाव्यस्वभावः।
निर्लेपं निर्विकारं शिवमसमसमं व्यापिनं निष्प्रपञ्चं
वन्दे प्रत्यात्मवेद्यं तमहमनुपमं धर्मकायं जिनानाम्॥

यह धर्मकाय न एक है न ही अनेक है, स्वार्थ सम्पत् और परा सम्पत् का आधारभूत है। न भावस्वरूप है न अभाव स्वरूप ही है और आकाश के तरह समरस है। इस काय का स्वभाव अगम्य अबोध्य है। ऐसे निर्लेप,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निर्विकार, शिवस्वरूप, समान और असमान निष्प्रपञ्च तथा व्यापक, प्रत्यात्मवेद्य, समग्र उपमाओं से रहित, जिनों के धर्मकाय को नमस्कार करता हूँ।

लोकातीतामचिन्त्यां सुकृतशतफलामात्मनो यो विभूतिं
पर्षन्मध्ये विचित्रां प्रथयति महतीं धीमतां प्रीतिहेतोः।
बुद्धानां सर्वलोकप्रसृतमविरतोदारसद्धर्मघोषं
वन्दे सम्भोगकायं तमहमिह महाधर्मराज्यप्रतिष्ठम्॥

लोकातीत, अचिन्त्य, अनन्तसुकृत फलों की विभूति, परिषद् में विचित्र, जो विद्वानों को भी आनन्दित करते हुए विराजमान होता है, सर्वलोक में व्यापकरूप से स्थित, उदार सद्धर्म का घोषरूप, धर्मराज्य की प्रतिष्ठा स्वरूप भगवान् के संभोगकाय को नमस्कार करता हूँ।

सत्त्वानां पाकहेतोः क्वचिदनल इवाभाति यो दीप्यमानः
सम्बोधौ धर्मचक्रे क्वचिदपि च पुनर्दृश्यते यः प्रशान्तः।
नैकाकारप्रवृत्तं त्रिभवभयहरं विश्वरूपैरुपायैर्
वन्दे निर्माणकायं दशदिगनुगतं तन्महार्थं मुनीनाम्॥

कहीं कहीं प्राणियों के कर्मों को पकाने के लिए अग्नि के तरह जाज्वल्यमान होकर दिखता है। सम्बोधि के अवस्था में तथा धर्मचक्र प्रवर्तन के अवसर पर जो काय शान्त-गंभीर रूप में दिखाई देता है। विश्वरूप अनन्त उपायों से युक्त, अनेक प्रकार से प्रवृत्त, तीनों तापों और लोकों के दुखों का नाशक, दशों दिशाओं में फैला हुआ, महान् अर्थ को सिद्ध करने वाले महामुनि के इस निर्माणकाय को मैं नमस्कार करता हूँ।

त्रैलोक्याचारमुक्तं गगनसमगतं सर्वभावस्वभावं
शुद्धं शान्तं विविक्तं परमशिवमयं योगिनामेव गम्यम्।
दुर्बोधं दुर्विचारं स्वपरहिततमं व्यापिनं निर्निमित्तं
वन्दे कायं जिनानां सुखमसमसमं निर्विकल्पैकमूर्तिम्॥

तीनो लोकों के आचार व्यवहार से दूर में स्थित, आकाश सदृश व्यापक, समग्र पदार्थों के स्वभावयुक्त, शुद्ध, शान्त, एकाग्र, परमआनन्दमय, योगियों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

के द्वारा मात्र बोध्य, दुर्बोध, दुर्विचार, स्वहित, और परहित में निमग्न, व्यापक, निमित्तरहित, निर्विकल्प-एकमूर्ति, समस्त सुखों के आधारभूत भगवान् के काय को नमस्कार करता हूँ।

जिता मे पापका धर्मास् तेनोपगजिनो ह्यहम् इति वचनाद्विजित-चतुर्मारत्वाज्जिनाः सम्यक्सम्बुद्धाः। तेषां सुखं कायं वन्दे महासुखसञ्ज्ञक-माकाशवत् सर्वावरणरहितत्वेन प्रभास्वरम्। परमाक्षरसुखज्ञानलक्षणं चतुर्थं कायं नमस्करोमीत्यर्थः। असमसममिति। निष्यन्दादिक्रमेण प्रकर्षपर्यन्त-प्राप्तवैमल्यफलरूपत्वादसममसाधारणं श्रावकप्रत्येकबुद्धबोधिसत्त्व-सुखैः। सर्वधर्मैकरसत्वात् समम्। त्रैलोक्याचारमुक्तमिति। त्रैलोक्याचारो हसितेक्षणादिलक्षणं सुखम्। तेन मुक्तं परित्यक्तम्। अन्यथा दिव्यमपि सुखं तत्त्वं भवेत्। उक्तं मूलतन्त्रे–

सारे पापपूर्ण कृत्यों पर मैंने विजय पा लिया है इसीलिए मैं जिन - बुद्धत्व के समीप में हूँ इस वचन के द्वारा चार मारों को जितने से ही जिन कहलाते हैं बुद्ध भगवान्। उनके सुखकाय को नमस्कार करता हूँ क्योंकि महासुख नामक आकाश के सदृश सर्वआवरण न होने से प्रभास्वर हैं। अक्षरात्मक परमसुख का कारण चौथे काय को नमस्कार करता हूँ यह अर्थ है।

निष्यन्द आदि क्रम से प्रकर्ष–अन्तिम तक प्राप्त अति विमल फलरूप होने से असमम् - असाधारण कहा है - क्योंकि यह श्रावक - प्रत्येक बुद्ध - बोधिसत्त्वों के सुखों के समान नहीं है। सर्वधर्मों में एक रस होने से भी समम् कहा है। तीनों लोकों का आचरण हँसना, खाना–पीना आदि से युक्त भी है। अन्यथा दिव्य सुख भी सामान्य लौकिक हो जाएगा। मूल तन्त्र में कहा है -

सुखं द्वीन्द्रियजं तत्त्वं देवानां रागिणां स्मृतम्।
त्रैलोक्याचारनिर्मुक्तं बुद्धानां सुखमक्षरम्॥

दो इन्द्रियों से उत्पन्न सुख को सामान्य सुख कहा जाता है, जो रागी और देवताओं के लिए समान कहा गया है किन्तु त्रैलोक्य के आचरण से मुक्त बुद्धों का सुख अक्षर है। लोकोत्तर है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हसितेक्षणादिनिर्मुक्तं सर्वद्वन्द्वविवर्जितम्।
कार्यकारणनिर्मुक्तं त्रैलोक्याभासमद्वयम्॥

हँसना, देखना, खाना, पीना आदि से निर्मुक्त, सर्वद्वन्द्वों से रहित और कार्य तथा कारण से मुक्त, त्रैलोक्य में भासित न होने वाला अद्वय सुख बुद्धों का होता है।

हसितेक्षणपाण्याप्त्यालिङ्गनद्वन्द्वसम्भवैर्लोकाचारसुखैः स्पन्दैर्वर्जितं परमाक्षरमिति। गगनसमगतमिति। गगनेन समा सदृशी गतिरवबोधो यस्य स तथा। यथा गगनं व्यापित्वेन सर्वगतमपि न क्वचिद्वस्तुनि संसक्तं लक्षणवर्जितं च तथा भगवतो ऽपि निःशेषज्ञेयविषयमपि ज्ञानं न कस्मिंश्चिद् धर्मे प्रतिष्ठितं लक्षणवर्जितं चेत्यर्थः। यथोक्तमागमे –

हँसना, देखना, सामग्री लेना, देना, आलिङ्गन आदि द्वन्द्वों से उत्पन्न होने से सांसारिक सुखों के स्पर्श से सुदूर बुद्ध का सुख है। आकाश के सदृश गति अर्थात् बोध होने से, जैसे आकाश सर्वत्र होते हुए भी किसी भी पदार्थ के साथ लगा हुआ नहीं होता यद्यपि सभी के साथ-साथ दिखता है उसी प्रकार भगवान् भी सर्वत्र व्यापक होते हुए भी उनका धर्म किसी के साथ भी प्रतिष्ठित नहीं है साथ ही समग्र लक्षणों से रहित भी है। जैसा कि आगम में कहा है –

अनिश्रितेन ज्ञानेन सर्वक्षेत्राणि पश्यसि।
सर्वसत्त्वचरीं चैव निरालम्ब नमोऽस्तु ते॥

आधार रहित (अप्रतिष्ठित) ज्ञान के द्वारा समग्र क्षेत्रों को आप देखते हैं, समग्र प्राणी में आप व्याप्त हैं, ऐसे हे निरालम्ब! आपको नमस्कार है।

ज्ञानसिद्धाविन्द्रभूतिपादैश्च ज्ञानसिद्धि में इन्द्रविभूतिपाद भी कहते हैं –

अप्रतिष्ठं यथाकाशं व्यापि लक्षणवर्जितम्।
तद्वत् तत् परमं तत्त्वं वज्रज्ञानमनुत्तरम्॥ इति।

आपका ज्ञान अप्रतिष्ठित है और व्यापक है जैसा कि आकाश। उसी प्रकार वह परम तत्त्व भी है जो अनुत्तर वज्रज्ञान है।

अन्यत्र च अन्यत्र भी कहा गया है –

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अप्रतिष्ठं यथाकाशं व्यापि लक्षणवर्जितम्।
अनिर्देश्यमरूपं च एतत् तत्त्वस्य लक्षणम्॥ इति।

अप्रतिष्ठित जैसा कि आकाश – व्यापक एवं लक्षणहीन है, उसी प्रकार आपका स्वरूप अनिर्देश्य, अरूप है यही तत्त्व का लक्षण है।

अथवा गगनेन समा गतिरवस्थास्येति गगनसमगतिः। महासुखकायो वर्णसंस्थानरहितत्वाद् गगनवद् सर्वाभासरहित इत्यर्थः। उक्तं च –

अथवा आकाश के समान है गति जिसकी वही गगनसमगति है। महासुखकाय जो वर्ण संस्थानों से रहित है इसीलिए आकाश जैसा है जो समग्र आभासों से भी रहित है। कहा भी है –

सर्वबुद्धेषु यः कायो निराभासो निराश्रयः।
अजातो ऽकृतकः शुद्धो भावाभावादिवर्जितः॥ इति।

सभी बुद्धों का जो काय है वह निराभास एवं निराश्रय है। साथ ही अजात, अनिर्मल, शुद्ध एवं भावाभाव रहित भी है।

श्रीतन्त्रे श्रीतन्त्र में भी कहा है –

स्फटिकमणिरिव ज्ञानवज्रं जिनस्य॥ इति।

भगवान् का ज्ञानवज्र स्फटिकमणि के तरह ही स्वच्छ हुआ करता है।

चन्द्रगोमिपादैश्च आचार्य चन्द्रगोमि ने भी कहा है –

यद्विशुद्धमिवाकाशमज्ञानतिमिराकुलैः।
चन्द्रकैरिव सञ्छन्नं वस्तुभिर्वेद्यते जिनैः॥ इति।

जो अत्यन्त शुद्ध है, आकाश के तरह ही निर्लेप है, तिमिरों के द्वारा अनाच्छादित है क्योंकि ज्ञान चन्द्र का उदय होने से, ऐसे भगवान् को ज्ञान के द्वारा ही संसार जानता है।

सर्वभावस्वभावमिति। भवन्ति हेतुप्रत्ययेभ्यः सकाशादिति भावाः। स्कन्धधात्वायतनादिकायाः स्थिरचलाः पदार्थाः। सर्वे च ते ऽशेषत्रैधातुक-संगृहीता भावाश्च। तेषां स्वभावस्तदुत्पत्तितन्निष्ठत्वाभ्यां सत्तासत्तादिसर्व-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रपञ्चवर्जितमहासुखस्वभावतथतैकरूपत्वम्। उक्तं चार्यवज्रगर्भपादैर्- निर्विकल्पे मनसि नास्ति भावको न भाव्यो ऽस्ति मन्त्रं नास्ति न देवता। तिष्ठेते विद्येते चैव मन्त्रदेवौ निष्प्रपञ्चस्वभावतः। तेनैव सहजानन्दस्वभावेन प्रत्यस्तमितसकलविकल्पकलङ्करूपेणेति। चन्द्रगोमिपादैश्च–

हेतु प्रत्ययों के द्वारा उत्पन्न होने से ही भाव कहा गया है। स्कन्ध-धातु-आयतन आदि काय ही स्थिरचल पदार्थ हैं। वे सब अशेष त्रैधातु में संगृहीत हैं। वे अपने स्वभाव से ही उत्पन्न हैं, कारणों से निर्गत हैं, सत्ता और असत्ता आदि समग्र प्रपञ्चरहित होने से महासुख स्वभावयुक्त हैं। इसे ही आर्यवज्रगर्भपाद ने कहा भी है – निर्विकल्प मन में भावक और भाव्य भी नहीं है, न ही मन्त्र है न देवता ही है। मन्त्र और देवता निष्प्रपञ्च स्वभावयुक्त हैं। इसीलिए सहजानन्द स्वभाव के द्वारा प्रत्यस्तमित सकल विकल्प रहित होने से भी यह उत्तम है। चन्द्रगोमि ने भी कहा है –

तथता धर्मकायोऽस्य विकल्पानामगोचरः।
स्वभावः सर्वसत्त्वानां सर्वार्थानां च सोऽन्वयः॥
सत्त्वासत्त्वमनित्यत्वं ध्रौव्यं नानार्थमेकता।
शुद्धाशुद्धी च बोधिश्च सर्वमत्र प्रकल्पितम्॥

भगवान् का धर्मकाय तथता है जो समग्रविकल्पों से रहित है। यही सभी प्राणियों का स्वभाव है समग्र इच्छाओं का पूरक यही काय है। यहाँ पर सत्त्व, असत्त्व, नित्य अनित्य, ध्रुव, अध्रुव आदि नानार्थता और एकता, शुद्ध, अशुद्ध बोधि आदि सब कुछ इस काय में कल्पित होते हैं।

तरङ्गाणामिवाम्भोधौ छायानामिव दर्पणे।
स्वप्नानां मनसीवार्थे भावानां यत्र सम्भवः॥
यद्विशुद्धमिवाकाशमज्ञानतिमिराकुलैः।
चन्द्रकैरिव संछन्नं वस्तुभिर्वेद्यते जिनैः॥

जैसे समुद्र में तरङ्गों का, आइने में छाया का, मन में स्वप्नों के तरह ही पदार्थों की स्थिति इस काय में होती है। आकाश में जैसे विशुद्धि स्वतः है अज्ञान अन्धकार में चन्द्रमा के द्वारा प्रकाश होता है उसी प्रकार समग्र पदार्थों का प्रकाशन भगवान् के द्वारा होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मूर्तयो विश्वरूपस्य जगतस्तत्त्वरूपताम्।
यत्रैकरसतां यान्ति निम्नगा इव सागरे॥

समग्र जगत् की मूर्तियाँ जगत् को तत्त्व के रूप में हैं, वे सब एक रूप होकर भगवान् में समाहित होते हैं जैसे सारी नदियाँ समुद्र में समा जाती हैं।

सोऽयमेवंविधः कायो धर्मकायोऽस्य तायिनः।
सर्वाकारविशुद्धायाः सम्बोधेरेव गोचरः॥ इति।

यह, इस प्रकार का काय ही धर्मकाय है – तायी का – बुद्ध का, जो समग्र विशुद्ध आकार और सम्बोधि का आधार स्वरूप है। इति।

परिशुद्धसकलबुद्धधर्माणामाश्रयो हेतुः कायो धर्मकायः। शुद्धमिति क्लेशमलैरसंस्पृष्टम्। शान्तमित्यष्टादशधातुविकाररहितम्। उक्तं चार्यवज्रगर्भैः – स्वरूपेण नास्ति रूपमित्यादि। स्वरूपं स्वसंवेदकं तथागतज्ञानम्। तेन स्वरूपेण ग्राह्यग्रहणग्राहकाष्टादशधातुविकाररहितेन योगिनां बाह्यरूपं नास्ति न द्रष्टा न चक्षुर्विज्ञानम्। तथा न शब्दो न श्रोता न च श्रोत्रविज्ञानम्। एवं न गन्धो न घ्राता न च घ्राणविज्ञानम्। तथा न रसो नापि रासको न जिह्वाविज्ञानम्। एवं न स्पर्शो न स्प्रष्टा न कायविज्ञानम्। एवं न धर्मधातुर्न ग्राहको न मनोविज्ञानम् इति। एवमष्टादशधातुविकाररहितं तत्त्वरत्नं तत्त्वयोगिना भावनीयमिति। विविक्तमिति। ज्ञेयसमापत्त्याद्यावरणात् पृथग्भूतम्। अत एव सर्वोपद्रवविरहादत्यन्तकल्याणात्मकत्वेन कल्याण-हेतुत्वेन च परमशिवमयम्। योगिनामेव गम्यमिति। योगः षडङ्गयोगो लब्धोत्कर्षपर्यन्तः। स योगो येषामस्ति ते योगिनो महावज्रधरपद-प्राप्तास्तेषामेव गम्यम्। ततो नापरप्रत्ययाधिगमतया प्रत्यात्मवेद्यतामस्य प्रकाशयति। सादरनिरन्तरप्रवृत्तधूमादिमार्गभावनाप्रकर्षपर्यन्ताधिगम्यत्वाद् बालयोगिनां दुर्बोधम्। श्रुतचिन्तामयज्ञानेनातिशयितप्रत्ययात्मनामप्य-शक्यपरिच्छेदत्वाद्दुर्विचारम्। स्वपरहिततममिति। सवासनसर्वावरण-प्रहाणिलक्षणस्वार्थसम्पद्योगादेकान्तेन स्वहितं, विनेययथाशयं यथागोत्रं च तदधिष्ठानात् सम्भोगनिर्माणाभ्यां निःशेषपरार्थनिष्पत्तेरतीव परहितं चेत्यर्थः। प्रतिनियतदेशकालाभवाद् व्यापकं सर्वव्याप्येषु परचित्तादि-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वस्तुष्विति व्यापिनम्। कर्मज्ञानमुद्राहेतुरहितत्वान्निर्निमित्तम्। ग्राह्यग्राहक-संस्थानकल्पनाद्वन्द्ववर्जितत्वान्निर्विकल्पा परमार्थसत्यैकरूपत्वादेका, अद्वितीया द्वितीयस्य संवृतिसत्यस्याभावादत्रेति निर्विकल्पैकमूर्तिः। आर्यपुण्डरीकपादैश्च–

परिशुद्ध सकल बुद्धधर्मों का आश्रय एवं कारणभूत काय ही धर्म काय है। क्लेशमलों से अस्पृष्ट होने से शुद्ध है। अठार धातुओं के विकार से रहित ही शान्त है। आर्यवज्रगर्भ ने भी यही कहा है – स्वरूप – स्वसंवेदक तथागत ज्ञान है। उस स्वरूप के कारण ग्राह्य-ग्राहक-अष्टादश धातुओं से रहित योगियों के लिए बाह्य स्वरूप नहीं है। द्रष्टा और चक्षुविज्ञान नहीं है। शब्द नहीं है, श्रोता और श्रोत्रविज्ञान भी नहीं है। इसी प्रकार गन्ध, रस, स्पर्श आदि भी नहीं हैं। इसी प्रकार न धर्मधातु, न ग्राहक, न मनोविज्ञान ही है। इस प्रकार अष्टादश धातु के विकारों से रहित तत्त्वरत्न को योगिद्वारा भावित करना चाहिए। ज्ञेय समापत्ति आवरण रहित विविक्त है। अतएव समग्र उपद्रवों से रहित होने से अत्यन्त कल्याण मय एवं परमशिवमय है। योगियों के द्वारा मात्र बोध्य भी है। योग षडङ्ग योग ही है। महावज्रपद प्राप्त ही योगी हैं जिसमें षडङ्गयोग है। प्रत्यात्मवेद्यों के द्वारा ही ज्ञेय है। बालयोगिगण जो धूमादिमार्ग भावना पर्यन्त जानने वाले हैं उनके लिए यह दुर्बोध्य है। श्रुतमयी, भावनामयी एवं चिन्तामयी भावनाओं के अतिशयता में इसे जान सकने के कारण भी यह दुर्विचार है। वासनायुक्त समग्र आवरणों का प्रहाणपूर्वक साधित स्वार्थसम्पत् का पूर्णरूप से अपने हित के लिए, विनेय जनों के आशय, गोत्रों के अनुरूप उनके कल्याण के लिए उसके अधिष्ठान रूप सम्भोग-निर्माण कायों से निःशेष परार्थ-निष्पत्ति का प्रयोग ही परहित है। प्रतिनियत देशकाल के न होने से समग्र व्याप्यों में व्यापक परचित्त आदि में स्थित पदार्थों में व्यापक होना ही है। कर्मज्ञान मुद्रा हेतु आदि रहित होने से निर्निमित्त है। ग्राह्य-ग्राहक-संस्थान-कल्पना द्वन्द्वरहित होने से निर्विकल्प है, जो परमार्थ सत्य – एक रूप होने से एक है। संवृतिसत्यरूप द्वितीय का अभाव होने से अद्वितीय है। और निर्विकल्पमूर्ति भी है। आर्यपुण्डरीक ने भी कहा है –

सर्वाकारवरोपेतः कायो नानाधिमुक्तितः।
दृश्यते स्वस्वभावेन सत्त्वैर्निर्माणलक्षणः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

समग्र आकारों से पूर्ण यह काय है जो नानाअधिमुक्तिगुणों से पूर्ण भी है। अपने स्वभाव से इसे देखा जाता है जो प्राणियों के निर्माण लक्षण से भी व्याप्त है।

सर्वसत्त्वरुतैर्ऋद्धिमात्मनो यः प्रकाशते।
सत्त्वाशयवशेनैव कायः सम्भोगलक्षणः॥

सभी सत्त्वों के द्वारा व्याकृत ऋद्धि जो स्वयं प्रकाशित होती है, सत्त्वों के आशयों के अधीन होकर जो काय व्यवस्थित होता है वही सम्भोग लक्षण है।

नानित्यो नापि नित्यो यो नैको नानेकलक्षणः।
न भावो नाप्यभावो ऽसौ धर्मकायो निराश्रयः॥

जो अनित्य और नित्य नहीं है, जो एक और अनेक भी नहीं है। जो भाव और अभाव दोनो नहीं है, वही निराश्रित धर्मकाय है।

शून्यताकरुणाभिन्नो रागारागविवर्जितः।
न प्रज्ञा नाप्युपायोऽसौ कायः स्वाभाविकोऽपरः॥

शून्यता रूप करूणा से अभिन्न, राग-अराग दोनों से रहित, न प्रज्ञा है और न ही उपाय है, जो स्वाभाविक एवं अपर है वह इनका काय है।

स्वदर्शनमतोद्देशे च स्वदर्शन तथा उद्देश में भी कहा है -

रूपराशिरनन्तो मे निर्माणकाय उत्तमः।
रुतराशिरनन्तो मे सम्भोगकाय उत्तमः॥

मेरे रूप अनन्त हैं, मेरा निर्माणकाय अति उत्तम हैं। मेरा उपदेश भी अनन्त है, मेरा संभोग काय भी अति उत्तम है।

धर्मराशिरनन्तो मे धर्मकायः प्रकीर्तितः।
सुखराशिरनन्तो मे सुखकायो ऽक्षरः परः।
पिण्डो राशिस् तथा कायः सञ्चयः परिकीर्तितः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मेरा धर्म भी अनन्त है, वही धर्मकाय कहलाता है, मेरा सुख भी अनन्त है, मेरा सुख काय अक्षर है एवं उत्तम है। समग्र राशियों का समूह ही काय है उसे ही सञ्चय भी कहा गया है।

अभिसमयालङ्कारादिष्वपि स्वाभाविकसम्भोगाभ्यां भेदेनैव धर्मकायो व्यवस्थाप्यते।

अभिसमयालङ्कार आदि में भी स्वाभाविक एवं संभोग कायों से भिन्न ही धर्मकाय की व्यवस्था देखी जाती है।

प्रकृतमुच्यते। लब्धोपदेशस्यादावनुकूलकर्ममुद्रासमापत्त्याधिमात्राधिमात्रविकल्पक्षयान् मृदुमृद्वक्षरसुखवृद्धिः। एवं विश्वमात्रादिदेवीज्ञानमुद्रावलम्बनेनाधिमात्रविकल्पापचयान् मृद्वक्षरसुखवृद्धिः। उक्तं च श्रीतन्त्रे–

अब, प्रसङ्ग के अनुरूप व्याख्या करते हैं। उपदेश प्राप्त करने के बाद अनुकूल कर्ममुद्रा के प्राप्ति के बाद अधिमात्र विकल्प क्षयपूर्वक मृदु और मृदु अक्षर सुख की वृद्धि होती है। इस प्रकार विश्वमात्र आदि ज्ञानमुद्रा के अवलम्बन के द्वारा विकल्पों के क्षय से मुद्रा अक्षर सुख की वृद्धि होती है। श्रीतन्त्र में भी कहा है –

सेव्यादौ कर्ममुद्रा जिनसहजसुखस्यास्य वृद्ध्यर्थहेतोस्
तस्मादादित्यरूपा मुखकरचरणोष्णीषसर्वाङ्गपूर्णा।

सबसे पहले कर्ममुद्रा का सेवन करना चाहिए। क्योंकि जिन सहज सुख की वृद्धि के लिए – इसीलिए उस कर्म मुद्रा के द्वारा प्रकट तेज उत्पन्न होता है जो मुख, हाथ, पैर, शिर आदि समस्त अङ्गों में व्याप्त हो जाता है।.

इत्यादि। आदिशब्दान् महामुद्रायाः पूर्वरूपधूमादिबिम्बधर्ममुद्रालम्बनेन मृदुक्लेशक्षयादधिमात्राक्षरसुखवृद्धिः। पश्चाद्रूपविश्वबिम्बाख्यमहामुद्राभ्यासेन मृदुमृदुसवासनावरणापचयादधिमात्राधिमात्राक्षरसुखवृद्धिः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ननु प्रक्षेपापचयोज्झितमक्षरसुखं कथं वृद्धिं यातीत्याह -

यहाँ आदि शब्द से महामुद्रा का पूर्वरूप धूम आदि बिम्ब धर्ममुद्रा का अवलम्बन करके मृदु क्लेश के क्षय होने से अधिमात्र अक्षर सुख की वृद्धि होती है। बाद में रूप विश्वविम्बरूप महामुद्रा के अभ्यास द्वारा मृदु-मृदु-वासना-आवरण के क्षय होने से अति महत्त्वपूर्ण अक्षरसुख की वृद्धि होती है। यह अक्षर सुख किस प्रकार वृद्धि को प्राप्त होता है? इस पर कह रहे हैं -

वृद्धस्य न च वृद्धिः स्यात् क्षीणस्य क्षीणता न च।
अस्तंगतस्य नास्तगमनमुदितस्योदयं न हि॥ २॥
न प्रकाशः प्रकाशस्य पिहितं पिहितस्य न।
जातस्यैय न जन्म स्यान् मृतस्य मरणं न च॥ ३॥
मुक्तस्य न च मुक्तिः स्यादस्थितस्य न चास्थितिः।
अभावो न ह्यभावस्य भावो भावस्य नैव च॥ ४॥
क्षरस्यापि क्षरो न स्यादक्षरस्य न चाक्षरः।

बढ़े हुए की वृद्धि नहीं होती, क्षीण की क्षीणता भी नहीं हो सकती। अस्त हुआ फिर अस्त नहीं हो सकता, उदित हुआ फिर उदित नहीं हो सकता है। प्रकाश का फिर प्रकाश नहीं, ढके हुए का फिर ढकना नहीं, जन्म हुआ फिर जन्म नहीं होता, मृत्यु प्राप्त फिर मृत्यु को प्राप्त नहीं होता। मुक्त की मुक्ति फिर नहीं होती, अस्थित की अस्थिति भी नहीं, अभाव का अभाव भी नहीं, भाव का भाव भी संभव नहीं होता। क्षर का क्षरण फिर नहीं होता साथ ही अक्षर का अक्षर भी नहीं होता।

वृद्धस्य न हि वृद्धिः स्याद् इति। क्रमभाविनी ह्यब्धातुकनकाकाश-शुद्धिवदावरणप्रहाणवृद्धिः। सा च वृद्धस्य सवासनसर्वावरणप्रहाण्या वैमल्याख्यापूर्णावस्थात्मकवृद्धियुक्तस्य न स्यात्। एवं क्रमभाव्या-वरणोपचयेन पुनः क्षीयते। तत् तस्य क्षीणस्य या क्षीणता कल्प्यते सापि नास्ति नित्योदितत्वात्।

एवं तर्हि वृद्धिक्षययोरभावात् कथं न मार्गादिवैफल्यमित्याह -

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अप् धातु सुवर्ण और आकाश के तरह शुद्ध होने से आवरण क्षीण हो जाता है। वासना सहित समग्र आवरणों के प्रहाण से विमल अवस्था के होने से वृद्धि नहीं होती इसी प्रकार समग्र क्रमभावी पदार्थों के विषय में कहा गया है। शेष प्रष्ट है। इस प्रकार वृद्धि और क्षयों के न होने से मार्ग आदि की विफलता क्यों नहीं होती? इस पर कहते हैं–

स्वभावाभावधर्माणां मायोत्पादः क्षयस्तथा॥ ५॥
न क्षयं यान्ति भूतानि न जायन्ते स्वभावतः।
निःस्वभावमिदं विश्वं भावाभवैकलक्षणम्॥ ६॥

स्वभाव अभाव धर्मों का माया द्वारा होने वाली उत्पत्ति और क्षय भी क्षय को प्राप्त नहीं होते, – प्राणी भी मृत्यु और जन्म रहित ही हैं स्वभावतः, इसी से सिद्ध होता है कि यह समग्र विश्व निःस्वभाव है जो भावाभाव – एक लक्षणात्मक है॥

स्वभावाभावधर्माणाम् इति। स्वभावस्याभावो येषां वृद्ध्यादीनां धर्माणां ते स्वभावाभावधर्माः। तेषां य उत्पादः क्षयश् च स मायैव न तत्त्वतः। तथाशब्दादस्तमनोदयादिलक्षणापि लोकसंवृतिर्मायैव। तदाह – न क्षयं यान्तीत्यादि। नोत्पद्यन्ते स्वभावतः। अत एव – निःस्वभावमिदं विश्वं भावाभावैकलक्षणम्॥ इति। संवृत्यार्थक्रियाकारित्वाद्भावरूपम्। तत्त्वतः शून्यत्वादभावलक्षणम्।

जो भी वृद्धि या क्षय है वह वास्तविक न होकर मायामय मात्र है। शब्दों के द्वारा और इन्द्रियों का द्वारा व्यक्त–भोग्य भी माया होने से संवृति मात्र है। संवृति और अर्थ क्रिया कारिता के कारण ही भावरूप हैं। तत्त्वतः शून्य होने से अभाव स्वरूप हैं।

क्षरस्पन्दादिभावनामाह क्षर–स्पन्द आदि भाव बता रहे हैं –

स्वप्रज्ञालिङ्गितं चित्तं पद्मे वज्रमणौ गतम्।
तत्र चन्द्रगतस्पन्दो निःस्पन्दाक्षरभावना॥ ७॥

स्वप्रज्ञा में आलिङ्गित चित्त को पद्म में और वज्रमणि में स्थिर करके वहाँ पर चन्द्रगति – प्रकाशमयता ही स्पन्द है और अक्षर भावना निस्पन्द है॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

